RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 53
नई दिल्ली, रविवार, 25 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया
स्पोर्ट्स-12

# मोदी नहीं, ये अडानी और अंबानी की सरकार: राहुल

● कांग्रेस नेता ने कहा- सत्ता के इशारे पर चौबीसों घंटे हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैला रहे हैं समाचार चैनल

● खड़गे का आरोप, कहीं नहीं है कोविड, सरकार यात्रा रोकने के लिए कर रही इसका इस्तेमाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कन्याकुमारी** से भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व करते हुए शनिवार को दिल्ली पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और मीडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से समाचार चैनलों पर हमला बोलते हुए कहा कि वे सत्ता के इशारे पर जनता का ध्यान असली मुद्दों से हटाने के लिए चौबीसों घंटे देश में हिंदू-मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि संप्रग सरकार के दौरान भट्टा पारसौल में किसानों की जमीनों और भूमि अधिग्रहण बिल जैसे मुद्दों पर बोलने के बाद मीडिया ने उन्हें निशाना बनाना शुरू किया और अब वे हर वक्त उनके खिलाफ बोल रहे हैं। राहुल गांधी 108 दिन तक यात्रा कर शनिवार को दिल्ली पहुंचे। यहां लालकिले पर यात्रा को नौ दिन का विराम दिया गया है। इस मौके पर राहुल ने एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी सरकार और भाजपा के साथ-साथ मीडिया को खूब खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार नहीं, बल्कि अडानी-अंबानी सरकार है। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये बड़े उद्योगपतियों को दिए जा रहे हैं, लेकिन आम जनता के हाथ खाली हैं। ये नीतियां नहीं हैं, बल्कि छोटे व्यापारियों, कारोबारियों और किसानों को बर्बाद करने के हथियार हैं। बेरोजगारी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज डिग्रीधारी युवा पकौड़े बेच रहे हैं।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वह अब तक 2,800 किलोमीटर पैदल चल चुके हैं। पूरे सफर के दौरान कहीं भी उन्होंने नफरत नहीं देखी, लेकिन मीडिया को नियंत्रित करने वाली शक्तियों के इशारे पर भाजपा टेलीविजन पर 24×7 हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने में लगी हुई है। वह जेब काटने वालों की तरह जनता का ध्यान भटका रहे हैं। वे 24 घंटे हिंदू-मुस्लिम कर जनता का ध्यान भटका रहे हैं और सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों, सड़कों और अन्य संपत्तियों को अपने घनिष्ठ मित्रों को बेच रहे हैं। राहुल ने कहा कि जब वह 2004 में राजनीति में आए थे तब हमारी सरकार सत्ता में आई थी और मीडिया दिन भर मेरी तारीफ करता था। फिर मैंने उत्तर प्रदेश के भट्टा पारसौल में किसानों की जमीन का मुद्दा उठाया। इसके बाद कांग्रेस सरकार भूमि अधिग्रहण बिल लेकर आई। जैसे ही मैंने ये मुद्दे उठाए, मीडिया मेरे खिलाफ हो गया। इसके बाद, मीडिया 24 घंटे मेरे खिलाफ हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा ने उनकी छवि खराब करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं, लेकिन उन्होंने सिर्फ एक महीने में देश को सच्चाई दिखा दी है। यात्रा के दौरान अब तक मिले प्यार और ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली पहुंची भारत जोड़ो यात्रा



## यात्रा में गांधी परिवार और कमल हासन हुए शामिल

**संजय राय।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने करीब तीन हजार किलोमीटर का सफर तयकर 108वें दिन शनिवार को दिल्ली में प्रवेश किया। शनिवार की सुबह राहुल गांधी राष्ट्रीय राजधानी में तय समय (सुबह साढ़े छह बजे) से 15 मिनट विलंब से करीब 6.45 बजे बदरपुर बार्डर मंच पर पहुंचे।

यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान ने तिरंगा झंडा सौंप कर विधिवत रूप से यात्रा को दिल्ली में प्रवेश कराया। दिल्ली में यात्रा की खास बात यह रही कि पहली बार पूरा गांधी परिवार एक साथ दिखा। जब यात्रा आश्रम पहुंचने वाली थी तभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा यात्रा में शामिल हुए। यह दूसरी बार था जब सोनिया यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने पहली बार अक्टूबर में कर्नाटक में राहुल की यात्रा में भाग लिया था। इनके अलावा, दिग्गज अभिनेता और अपनी पार्टी बनाकर राजनीति में उतरे कमल हसन भी आईटीओ पर यात्रा में शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं में कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला, शक्तिसिंह गोहिल, जयराम रमेश और बहुजन समाज पार्टी के सांसद श्याम सिंह यादव एवं द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता टी सुमति जैसे कई वरिष्ठ नेताओं ने भी राहुल गांधी के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया। इससे पहले जब बदरपुर बॉर्डर पर मंच से लेकर पूरा मैदान और आसपास की सड़कें कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भरी थीं। मंच पर जहां दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, अरविंदर सिंह लवली, ( शेष पेज 8 )

# अदालत ने शाही ईदगाह की अमीन रिपोर्ट मांगी, अगली सुनवाई 20 को

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा की एक स्थानीय अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह विवाद को लेकर वाराणसी के ज्ञानवापी मामले की तरह यहां भी हिन्दू सेना के दावे पर ईदगाह का अमीन सर्वेक्षण की रिपोर्ट 20 जनवरी को तलब की है। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जनवरी तय की है। अमीन को उससे पूर्व सम्बंधित रिपोर्ट अदालत में दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। वादी के अधिवक्ता शैलेश दुबे ने बताया कि आठ दिसंबर को दिल्ली निवासी हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता एवं उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की न्यायाधीश सोनिका वर्मा की अदालत में यह दावा किया था।

इसमें कहा गया है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब द्वारा मंदिर तोड़कर ईदगाह तैयार कराई गई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के समक्ष पेश किया। उन्होंने वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते हुए निरस्त किए जाने की मांग की है। दुबे ने बताया कि अदालत ने वादी की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकृत करते हुए अमीन द्वारा सर्वेक्षण कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में पहले 22 दिसंबर को अदालत में सुनवाई होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऐसा नहीं हो सका। हालांकि अब अमीन को 20 जनवरी तक ईदगाह की रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी। शैलेश दुबे ने कहा, अदालत ने आठ दिसंबर को अमीन को दोनों पक्षों को सूचित करने और अगली सुनवाई पर एक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। इसमें 22 दिसंबर को मामले की सुनवाई होनी थी लेकिन यह सुनवाई इसलिए नहीं हो सकी क्योंकि उस दिन न्यायाधीश अवकाश पर थे।

उन्होंने कहा कि अब अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 20 जनवरी, 2023 तय की है और इसी दिन अमीन से सर्वे रिपोर्ट तलब की है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी आधा दर्जन से अधिक वादी सिविल जज सीनियर डिवीजन (प्रथम) ज्योति सिंह की अदालत में भी यही मांग रख चुके हैं, लेकिन अब तक उन याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी के श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मामले में 17 अगस्त 2021 को पांच महिलाओं ने श्रृंगार गौरी में पूजन और विग्रहों की सुरक्षा को लेकर याचिका डाली थी। इस पर वहां उस समय तैनात सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर ज्ञानवापी का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। बाद में यह मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा।

## अवकाश सूचना




**क्रिसमस** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 25 दिसंबर 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 दिसंबर 2022 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,845 | |
| निफ्टी | 17,800 | |
| सोना | 54,853 | /10g |
| चांदी | 69,273 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आतंकी गतिविधियों से संबंधित मामला, 14 जगहों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में शनिवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और दिल्ली में 14 जगहों पर छापेमारी की। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की आतंकी गतिविधियों के संबंध में मामला 20 अगस्त को एनआईए द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किया गया था। एनआईए ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से आतंकवादी सामान, जैसे हथियार, कारतूस और आईईडी की तस्करी शामिल है। जिसका इस्तेमाल देश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय आतंकी संगठनों और संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा बम विस्फोट और लक्षित हत्याओं जैसे आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए किया जाता है।

### अभिनेत्री तुनिषा ने टीवी सीरियल के सेट पर की आत्महत्या

**पालघर (महाराष्ट्र)।** टेलीविजन अभिनेत्री तुनिषा शर्मा (21) ने शनिवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसाई में एक धारावाहिक के सेट पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि शर्मा सेट पर शौचालय गईं और काफी देर तक नहीं लौटीं। जब दरवाजा तोड़ा गया तो उन्हें अंदर फंदे से लटका पाया गया। वलीव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कैलाश बर्वे ने कहा कि पुलिस का एक दल घटना स्थल पर है। शर्मा ने कई टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय किया था।

# पांच देशों से आने वालों के लिए आरटी-पीसीआर जरूरी: मांडविया

● इनमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड हैं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/गांधीनगर



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से भारत आने वाले यात्रियों में कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए उनकी आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य होगी।

मांडविया ने कहा कि इन देशों से आने वाले किसी भी यात्री में कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण पाए जाने या जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि होने पर उन्हें पृथक रखा जाएगा। मांडविया ने पत्रकारों से कहा, चीन, जापान, सिंगापुर और बैंकॉक (थाईलैंड) के यात्रियों पर एयर सुविधा पोर्टल के जरिए नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा, महामारी की स्थिति को देखते हुए चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और बैंकॉक से आने वाले यात्रियों को अपनी आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पहले से अपलोड करनी होगी।

भारत आने के बाद उनकी थर्मल स्क्रीनिंग भी की जाएगी। हमने इन देशों से आने वाले यात्रियों के संक्रमित पाए जाने या उन्हें बुखार होने की सूरत में देश में उन्हें पृथक-वास में रखने का आदेश जारी किया है। मांडविया गुजरात की राजधानी गांधीनगर में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से यह भी कहा कि केंद्र सरकार कोविड-19 के खिलाफ कदम उठा रही है क्योंकि दक्षिण कोरिया, हांगकांग, यूरोप, अमेरिका और ब्राजील जैसी जगहों पर मामले बढ़ रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, कल, एक कोविड-19 परामर्श जारी किया गया था। अखबारों के विज्ञापनों के माध्यम से, लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संसद में, मैंने एक बयान दिया, जिसमें मैंने लोगों से अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करने, भौतिक दूरी बनाए रखने और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया, ताकि भविष्य में, भारत को वायरस के नए बीएफ.7 स्वरूप से बचाया जा सके। इस बीच, मांडविया ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चीन, हांगकांग, बैंकॉक, जापान, दक्षिण कोरिया के ( शेष पेज 8 )

## ऑक्सीजन सप्लाई में कमी न हो, वेंटीलेटर दुरुस्त रखें राज्य: केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कुछ** देशों में कोविड-19 के मामलों में अचानक तेजी से वृद्धि होने के बीच केंद्र सरकार ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा उपयोग वाला तरल ऑक्सीजन (एलएमओ), ऑक्सीजन सिलेंडर और वेंटिलेटर जैसे जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि प्रेशर स्विंग एडजॉर्पशन (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र पूरी तरह से चालू रखे जाएं और उनकी जांच के लिए नियमित मॉक ड्रिल की जाए। सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए इन चिकित्सा सुविधाओं का संचालनात्मक ( शेष पेज 8 )



## बागडोगरा में सेना के 16 जवानों को पुष्पचक्र अर्पित किए गए

**भाषा।** बागडोगरा/गंगटोक

**उत्तरी** सिक्कम के जेमा में एक दिन पहले हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले 16 सैन्यकर्मियों को शनिवार को बागडोगरा में एक कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी गई। सेना ने यह जानकारी दी। सेना के एक बयान के अनुसार, उत्तरी सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को उसका (सेना का) एक ट्रक तीखे मोड़ पर सड़क से फिसल कर खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में 16 सैन्यकर्मियों की जान चली गई। सेना ने एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले 16 सैन्यकर्मियों के पार्थिव शरीर दोपहर 12 बज कर 36 मिनट पर बागडोगरा हवाई अड्डे पर लाए जाने के बाद उन्हें पुष्पचक्र अर्पित किए गए। इन सैनिकों को सलामी दी गई और सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और थलसेना एवं वायुसेना के अधिकारियों ने जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# राजस्थान शिक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान का पेपर लीक, 44 लोग गिरफ्तार

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान के पेपर को शनिवार को निर्धारित समय से कुछ घंटे पहले निरस्त कर दिया गया, यह परीक्षा अब 29 जनवरी को दोबारा होगी। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेपर लीक होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें शामिल परीक्षार्थियों के खिलाफ भी कार्वाई होगी।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जिसने इस तरह के मामले में त्वरित व सख्त कार्वाई की है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की उदयपुर जिला पुलिस ने शनिवार सुबह एक बस से 37 छात्रों और सात विशेषज्ञों समेत कुल 44 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के सामान्य ज्ञान विषय के पेपर लीक मामले में की गई है। इसके बाद आयोग ने पेपर निरस्त करने की घोषणा की। हालांकि शाम में आयोग की ओर से इस पेपर की नई तारीख जारी की गई। आयोग की सूचना के अनुसार, आयोग द्वारा 24 दिसंबर को आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2022 ग्रुप-सी के सामान्य ज्ञान प्रश्न-पत्र की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई।

उक्त स्थगित परीक्षा का आयोजन अब दिनांक 29 जनवरी 2023 को किया जाना निश्चित किया गया है। यह पेपर शनिवार को सुबह नौ बजे से होना था। वहीं इससे पहले उदयपुर के पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने कहा कि पेपर लीक होने और परीक्षार्थियों को लेकर एक निजी बस के उदयपुर आने की ( शेष पेज 8 )

## तमिलनाडु में हादसा

## सबरीमला के आठ तीर्थयात्रियों की मौत

**थेनी (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के थेनी में एक वाहन के खाई में गिरने से कम से कम आठ यात्रियों की मौत हो गई। ए सभी सबरीमला से लौट रहे थे। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी के वी मुरलीधरन ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात हुई तथा दो घायलों को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन के अनुसार ऐसी आशंका है कि पहाड़ी रास्ते में मोड़ पर चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण यह दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। ए आठों लोग जिले के अंदीपट्टी के रहने वाले थे और उनमें एक नाबालिग भी शामिल था। ये लोग सबरीमला से लौट रहे थे।

# मदरसों में शुक्रवार को ही होगा साप्ताहिक अवकाश

● बोर्ड ने जारी किया कैलेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मदरसों में शुक्रवार को ही साप्ताहिक अवकाश रहेगा। राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को वर्ष 2023 के लिए अवकाश तालिका घोषित कर दी। बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने छुट्टियों का कैलेंडर जारी करने के बाद पीटीआई-भाषा को बताया वर्ष 2023 में कुल 75 दिन मदरसे बंद रहेंगे और वार्षिक अवकाश रमज़ान और ईद-उल-फित्र मिला कर 36 दिन का होगा।

जावेद ने बताया कि मदरसे में साप्ताहिक अवकाश जुमा यानी शुक्रवार को होगा। प्रदेश के मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को साप्ताहिक छुट्टी किए जाने के सुझाव के बारे में पूछे जाने पर जावेद ने कहा कि कोई जरूरी नहीं है कि जनवरी में होने वाली बोर्ड की बैठक में इस सुझाव पर चर्चा की ही जाए।

इस कैलेंडर को ही अंतिम माना जाए। दरअसल, पिछले मंगलवार को उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फ़ारसी मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली-2016 में संशोधन पर चर्चा के लिए मदरसा बोर्ड द्वारा बुलाई गई एक बैठक में मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को साप्ताहिक छुट्टी किए जाने समेत कई सुझाव आए थे। इन पर आगामी जनवरी में होने वाली बोर्ड की बैठक में विचार कर निर्णय किया जाना है। जावेद ने बताया कि मदरसों में अध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 14 दिनों का आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। मदरसे के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कुल चार दिन की छुट्टी मंजूर कर सकते हैं।

राष्ट्रीय पर्वों पर शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा लेकिन शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मदरसे में उपस्थित रहकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे करेंगे। जावेद ने बताया कि समय-समय पर जिलाधिकारियों द्वारा अत्यधिक ठंड अथवा अत्यधिक गर्मी एवं अन्य किसी भी प्राकृतिक आपदा के कारण स्थानीय स्तर पर घोषित किए जाने वाले अवकाश मदरसों पर भी लागू होंगे। कोविड-19 की महामारी के बचाव अथवा स्थानीय प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 25 दिसंबर, 2022



# हिंडन नदी को गन्दा किया तो लगेगा जुर्माना

## नगर निगम ने पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मांगी मदद, टीम का गठन किया जाएगा

● नदी की बदहाली में औद्योगिक इकाइयां से निकलने वाले गंदे पानी सबसे बड़े जिम्मेदार



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हिंडन नदी में कचरा फेंकने पर अब 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। गाजियाबाद नगर निगम ने इसको लेकर रूपरेखा तैयार की है। अगर कोई भी व्यक्ति गाजियाबाद में हिंडन नदी को गंदा करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पुलिस के अधिकारी भी शामिल होंगे।

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से लेकर ग्रेटर नोएडा तक हिंडन नदी काफी गंदी हो जाती है। आसपास में रहने वाले लोग नाली का पानी सीधे हिंडन नदी में डाल देते हैं, जिसकी वजह से लगातार हालत बद से बदतर होती जा रही है। हिंडन नदी में रहने वाले जीव-जंतु भी काफी तेजी के साथ मर रहे हैं। इसमें उद्योग इकाइयों का भी बड़ा हाथ माना जाता है। औद्योगिक इकाइयां अपनी फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी हिंडन नदी में कर देती हैं, जिसकी वजह से लगातार नदी में जहर बढ़ता जा रहा है।

अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति हिंडन नदी में गंदा पानी डालेगा या फिर हिंडन नदी को दूषित करने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 50000 से लेकर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने गाजियाबाद पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मदद मांगी है। इसके लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के अलावा गाजियाबाद पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल होंगे।

# क्रिसमस और नववर्ष को लेकर पुलिस ने तैयारियां की शुरू, रेस्तरा और होटल वालों को दिए निर्देश

● जश्न वाले सभी इलाकों में सीसीटीवी दुरस्त करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



क्रिसमस और नववर्ष को लेकर नोएडा पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नव वर्ष पर होने वाली पार्टियों में किसी भी तरह की कोई घटना न हो उसको लेकर पुलिस ने सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। उसी को लेकर आज नोएडा के रेस्टोरेंट और होटल मैनेजर के साथ पुलिस ने संवाद किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त नोएडा द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा एवं सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम नोएडा और थाना प्रभारी सेक्टर 20, 39 और फेस 1 के साथ रेस्टोरेंट व होटल मैनेजर्स के बैठक की।

इस दौरान जीआईपी मॉल, गार्डन ग्लेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल व सेक्टर 18 के रेस्टोरेन्ट, होटलों के मैनेजरर्स के साथ सेक्टर 06 में एनईए के मीटिंग हॉल में मीटिंग की है। आगामी पर्व क्रिसमस व नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाली पार्टियों को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मीटिंग के दौरान उन्हें बताया गया कि आपको शासन द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करते हुए आगामी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराना है। इस दौरान सभी होटल व रेस्टोरेन्ट में लाईटों की उचित व्यवस्था हो, फायर सर्विस की व्यवस्था, एंबुलेंस रिजर्व टैक्सी व्यवस्था एसभी सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हो। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया कि पार्टी के दौरान ड्यूटी पर तैनात किसी भी गार्ड को किसी भी प्रकार के नशा करने की अनुमति न हो व नशे में न हो।

सभी को यह भी निर्देशित किया गया कि अगर किसी भी अराजक तत्वों द्वारा अराजकता फैलाई जाती है, तो पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसीलिए नव वर्ष और क्रिसमस की पार्टी अच्छी तरीके से मनाई जाए और इसमें कोई भी अप्रिय घटना न हो।

# लूट के लिए बुजुर्ग दंपति की हुई थी हत्या 12 साल के किशोर ने रची थी साजिश

● मामले में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इलाके में 21 नवंबर की रात हुई बुजुर्ग दंपति की हत्या का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया।

12 साल का किशोर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस के मुताबिक, लूट के इरादे से हत्याकांड को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने दंपति का मर्डर करने के बाद घर से रुपए.जेवरात की लूटपाट की थी। पुलिस ने रुपए.जेवरात भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस का दावा है कि इस लूट और डबल मर्डर की प्लानिंग बनाने वाला 12 साल का किशोर था।

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की चर्च कॉलोनी में बुजुर्ग दंपति इब्राहिम और हाजरा रहते थे। 22 नवंबर की सुबह दोनों के शव घर में पड़े मिले। हाजरा बाहर आंगन में तो इब्राहिम का शव कमरे में अंदर पड़ा था। इस मकान के ठीक पीछे ही इब्राहिम के बेटा और बहू अपने बच्चों सहित रहते हैं। दोहरे हत्याकांड के बावजूद रात में उनको जरा भी आवाज सुनाई नहीं दी। इसलिए शुरुआत में पुलिस ने परिजनों पर भी शक किया था। वारदात वाले दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में मौजूद थे। ऐसे में पुलिस इस वारदात को चुनौती मानकर गहनता से जांच में जुटी हुई थी। आखिरकार ट्रोनिका सिटी पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली।

ईरज राजा ने बताया, इस केस में 19 साल के मंजेश मेहतो और शुभम उर्फ शिवम सहित एक नाबालिग किशोर को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में ही अलग.अलग किराए के मकानों में रहते हैं और फेरी लगाकर कबाड़ का सामान इकट्ठा करने का काम करते हैं। चौथा आरोपी संदीप फरार है।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। सेंट्रल नोएडा के सेक्टर.142 थाना पुलिस ने एक बलात्कार के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने पीड़िता को नौकरी दिलाने के झांसे में लिया था। युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर मेरठ से नोएडा अपने फ्लैट पर बुलाया था।

आरोपी अनुज ने पारस टिएरा स्थित अपने फ्लैट में युवती को नशीला पदार्थ का पिलाकर दुष्कर्म को अंजाम दिया था। पीड़ित युवती ने दुष्कर्म की शिकायत मेरठ के ब्रह्मपुरी थाने पर दर्ज कराई थी।

मेरठ पुलिस ने घटना स्थल नोएडा के सेक्टर 142 थाना क्षेत्र का होने के चलते मुकदमा नोएडा ट्रांसफर कर दिया था।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने दो और रैन बसेरे किये तैयार

● जिले में बढ़ती ठंड को देखकर लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से दो और रैन बसेरा बनाए गए हैं।

ये दोनों ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गांव रोजा याकूबपुर व हल्दौनी के बारातघर में बनाए गए हैं। इससे पहले प्राधिकरण दौरान बसेरे ग्रेटर नोएडा में तैयार कर चुका है, जिनमें लोग आकर अपनी रात भी गुजार रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग.अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते परियोजना विभाग ने याकूबपुर व हल्दौनी के बारातघर में रैन बसेरा बनाए दिए हैं। दोनों रैन बसेरा में 25 .25 बिस्तर लगाए गए हैं। सैनिटाइजर व मास्क की भी व्यवस्था की गई है। इनमें रात गुजारने वालों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति मिले तो उसे रैन बसेरों में जरूर पहुंचा दें। प्राधिकरण को भी इसकी सूचना मोबाइल नंबर 8800203912 पर दे सकते हैं। प्राधिकरण की टीम रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करेगी। इससे पहले डेल्टा टू व पी थ्री के सामुदायिक केंद्र में रैन बसेरा बनाए जा चुके हैं।

वहीं, प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 1 व 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, प्रबंधक प्रभात शंकर व सहायक प्रबंधक राजीव मोटला ने रैन बसेरा की व्यवस्था का जायजा भी लिया। एक्टिव सिटीजन टीम ने रैन बसेरा बनवाने के लिए प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी का आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार



स्मारक बनाने के लिए खुदाइ करते लोग।

### मृतक पत्रकारों की याद में स्मारक का निर्माण शुरू

नोएडा। कोरोना काल में शहीद हुए देश के करीब 500 पत्रकारों की स्मृति में नोएडा मीडिया क्लब एक स्मारक बनाया रहा है। सेक्टर.72 के स्मृति वन में इस स्मारक के निर्माण का कार्य भूमि पूजन व हवन के बाद आज से विधिवत शुरू हुआ। नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पाराशर ने बताया कि यह पूरे भारत में अपने आप में इकलौता स्मारक होगा। उन्होंने बताया कि करीब दो महीनों में यह बनकर तैयार हो जाएगा। इस पर राज्यवार दिवंगत पत्रकारों के नाम अंकित करवाए जाएंगे। इस मौके पर पंकज पाराशर, सुरेश चौधरी, निरंकार सिंह, विनोद राजपूत, इकबाल चौधरी, अश्विनी श्रीवास्तव, रिंकू यादव, हरवीर चौहान, राजकुमार चौधरी, सौरभ राय, राघवेंद्र दुबे, अनिल, देवमणि शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहें।

### नोएडा में थैला बैंक खोलने की मुहिम जारी

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की पहल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए सेक्टरों व सोसाइटियों में थैला बैंक खोलने का अभियान जारी है। शनिवार को ओमैक्स पॉम ग्रीस व एनटीपीसी आनंदम सोसाइटी में थैला बैंक की स्थापना की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता की मुहिम में प्राधिकरण की सहयोगी संस्था ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट की टीम के अलावा ओमैक्स पॉम ग्रीन्स के स्टेट मैनेजर निखिल कुमार व एनटीपीसी आनंदम सोसाइटी के स्टेट मैनेजर सुशील चौधरी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी सोसायटीवासियों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। निवासियों ने प्राधिकरण की इस मुहिम की सराहना की। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट से विशाल त्यागी ने निवासियों को प्राथमिक स्तर पर घरेलू कचरे का पृथक्करण करने के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि ग्रेनो प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के द्वारा स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

### बादलपुर पुलिस ने 5700 लीटर अवैध शराब की नष्ट

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में न्यायालय के आदेश के बाद थानों के मालखानों में रखी हुई अवैध शराब को नष्ट किया जा रहा है। इसी कड़ी में बादलपुर थाना पुलिस ने भी माल खाने में रखी हुई 5700 लीटर शराब को नष्ट कर दिया। शराब की कीमत करीब 28 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। अवैध शराब के अलावा गांजा, डोडा और तमंचा व चाकू आदि भी नष्ट कर दिए गए। बादलपुर पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 5700 लीटर अवैध शराब अनुमानित कीमत करीब 28 लाख 50 हजार रूपये, कुल 30 किलो गांजा एवं डोडा अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रूपये तथा 15 तमंचे एवं 17 चाकू, छुरी अनुमानित कीमत करीब 62 हजार रूपये को नष्ट किया गया। कुल 31 लाख 52 हजार के माल को नष्ट किया गया। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब, नारकोटिक्स के खिलाफ जमकर अभियान चलाया था और इस दौरान जमकर धरपकड़ की गई थी। इस दौरान चलाए जा रए अभियान के अन्तर्गत थाना बादलपुर पुलिस द्वारा वर्ष 2021 के 11 वाद व वर्ष 2022 के 34 वाद कुल पंजीकृत 45 अभियोग में अवैध शराब बरामद की गयी थी, तथा वर्ष 2009 के 02 वाद, वर्ष 2011 के 01 वाद, वर्ष 2014 के 09 वाद, वर्ष 2017 के 02 वाद, वर्ष 2015 का 05 वाद, वर्ष 2016 के 01 वाद, वर्ष 2018 के 03 वाद, वर्ष 2020 के 9 वाद कुल पंजीकृत 32 अभियोग मे अवैध गाँजा व डोडा बरामद किया।

# प्राधिकरण पांच और गांवों में जल्द बनवाएगा बरातघर

● टेंडर प्रक्रिया शुरू , 70 लाख रुपये खर्च होने का आकलन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पांच और गांवों में जल्द ही बरातघर बनवाने जा रहा है। इनको बनवाने के लिए प्राधिकरण ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन बरातघरों के निर्माण में करीब 70 लाख रुपये खर्च होने का आकलन है।

वहीं, पहले से निर्मित 85 अन्य बरातघरों को भी प्राधिकरण दुरुस्त कराने जा रहा है। इस पर करीब 3.63 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने इन दोनों कार्यों के लिए सहमति दे दी है। प्राधिकरण ने इनके टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आने गांवों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पहले से निर्मित बरातघरों का मरम्मत कराने और जिन गांवों में बरातघर नहीं हैं, वहां नए बरातघर बनवाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर परियोजना विभाग ने 85 गांवों के बरातघरों का मरम्मत कराने और पांच नए बरातघर के निर्माण की योजना बना ली है।

नए बरातघर देवला, चुहड़पुर, डाढ़ा, सिरसा व रोशनपुर में बनेंगे। प्राधिकरण ने इन बरातघरों को बनवाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन 85 बरातघरों का मरम्मत होना है, उनमें चिपियाना बुजुर्ग, चिपियाना खुर्द, जौन समाना, जलपुरा, मलकपुर, लखनावली, गुर्जरपुर, बेगमपुर, नवादा, साकीपुर, पाली, पल्ला, रामपुर फ तेहपुर, डाबरा, रिठौरी आदि शामिल हैं। सीईओ रितु माहेश्वरी ने पहले से निर्मित बरातघरों के मरम्मत और पांच नए बरातघरों का कार्य शीघ्र शुरू कर तय समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

# कई सेक्टरों में 13 सामुदायिक केंद्र बनवाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेक्टरों में 13 सामुदायिक केंद्र भी बनवाने जा रहा है। सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर परियोजना विभाग ने इन सामुदायिक केंद्रों को बनवाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ये सामुदायिक केंद्र सेक्टर ईटा वन, सेक्टर 31 स्वर्णनगरी, सेक्टर 36, सेक्टर 37, पाई वन ए जीटा वन, डेल्टा थ्री, फ ाई.चाई एक्सटेंशन, सेक्टर तीन, ज्यू वन, टू व ज्यू थ्री, ओमीक्रॉन वन ए हैं। सीईओ इन सेक्टरों में सामुदायिक केंद्र को बनाने पर सहमति दे दी है। ये सामुदायिक केंद्र दो मंजिल के बनेंगे।

ग्राउंड तल पर लॉबी, पार्टी हॉल, किचन स्पेस, स्टोर, एक रूम और लेडीज व जेंट्स ट्वॉयलेट बनाए जाएंगे, जबकि प्रथम तल पर लॉबी, लाइब्रेरी, इंडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी और लेडीज व जेंट्स ट्वॉयलेट की सुविधा रखे जाने का प्रस्ताव है। हर सामुदायिक केंद्र में लगभग 50 वाहनों के पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। इन 13 सामुदायिक केंद्रों को बनाने में लगभग 27 करोड़ खर्च होने का आकलन है।

# बच्ची को माता-पिता ने झाड़ियों में फेंका

● एसएचओ की पत्नी ने बच्ची को अपना दूध लिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में कड़ी ठंड के बीच झाड़ियों में एक मासूम बच्ची को फेंका गया। नॉलेज पार्क इलाके में झाड़ियों के अंदर ठंड से ठिठुर रही बच्ची को देखकर स्टेशन हाउस ऑफिसर की पत्नी का दिल पसीज गया। उन्होंने बच्ची का स्तनपान कराया और उसकी जान बचाई।

बच्ची 20 दिसंबर को नॉलेज पार्क इलाके में झाड़ियों के अंदर एक कपड़े में लिपटी मिली थी और ठंड के कारण उसकी हालत बहुत गंभीर थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को थाने ले गई। भूख और ठंड के कारण बच्ची बेसुध होकर रो रही थी। पुलिस जानती थी कि जान बचाने के लिए बच्ची को मां के दूध के अलावा और कुछ नहीं पिलाया जा सकता था। एसएचओ की पत्नी, ज्योति सिंह ने भूख से रोते हुए बच्ची को स्तनपान कराने की इच्छा जताई। अधिकारियों ने कहा कि बच्ची को अब एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा कि उन्हें अभी तक उसके माता-पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं है जिन्होंने उसे छोड़ दिया था। ज्योति सिंह ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के ऐसा व्यवहार ना करें। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि कोई एक बच्चे के साथ ऐसा कैसे कर सकता है, बच्ची को तड़पता देखकर मुझे बहुत बुरा लगा और रोने का मन हो रहा था। मैं खड़े रहकर उसे भूख से रोते हुए नहीं देख सकती था और मैंने उसे स्तनपान कराने का फैसला किया। मैं एक संदेश देना चाहती हूं कि अगर किसी को अपने बच्चों की देखभाल करने में कोई समस्या है, तो उन्हें अनाथालय जैसी सुरक्षित जगह पर ले जाना चाहिए।

## रिसाइकल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर नगर आयुक्त ने ली बैठक

गाजियाबाद। बीएटेक वबाग कंपनी के साथ नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने एक अहम बैठक की।

बैठक में उन्होंने वबाग कंपनी द्वारा डीएफएस इंदिरापुरम के पास निर्माणाधीन रिसाइकल प्लांट की प्रगति की समीक्षा की। कंपनी ने प्लांट को करीब 239 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। नगर निगम पीपीपी मोड पर तैयार करा रहा है। म्युनिसिपल बॉन्ड के जरिए 150 करोड़ रुपये मार्केट से उठाने का कार्य किया है। पीपीपी मोड पर बाकी करीब 89 करोड़ वबाग कंपनी द्वारा लगाया जाएगा।



गलत दिशा में वाहन चलाने वाले का चालक का चालान काटती पुलिस।

# आठ माह से फरार चल रहा पूर्व आईएफएस गिरफ्तार

● आय से 375 गुना ज्यादा संपत्ति, अखाड़े की शरण में जाकर बचना चाहते थे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद से गिरफ्तार हुए उत्तराखंड के पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद को विजिलेंस टीम हल्द्वानी कोर्ट में पेश करेगी। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा जा सकता है।

किशनचंद पर आरोप है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में तैनाती के दौरान खूब हरे पेड़ कटवाए और फर्जी बिल बाउचर बनवाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। अप्रैल में तमाम शिकायतों पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पूर्व आईएफएस अधिकारी किशनचंद पर मुकदमा चलाने का आदेश विजिलेंस को दिया था। इसके बाद किशनचंद फरार हो गया था।

विजिलेंस और पुलिस की कई टीमें उसे खोजने में जुटी थीं। आखिरकार शुक्रवार रात उसकी गिरफ्तारी गाजियाबाद से हो गई। वो वैशाली इलाके के एक फ्लैट में पनाह लिए था। विजिलेंस अब ये पता कर रही है कि ये फ्लैट किसका है। पिछले दिनों विजिलेंस ने किशनचंद के खिलाफ हल्द्वानी कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। किशनचंद के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी पाया गया था। उनकी संपत्ति आय से 375 गुना ज्यादा पाई गई। इसमें 33 करोड़ रुपए की संपत्ति का ब्योरा भी विजिलेंस ने दिया।

चार्जशीट में जिक्र है कि हरिद्वार रहते हुए किशनचंद ने लैंसडाउन प्रभाग में कई लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के बदले उनकी जमीनें अपने पक्ष में कराईं। देहरादून के बसंत विहार में ढाई करोड़ रुपए का मकान किशनचंद ने खरीदा था। भोगपुर में किशनचंद ने बेटे अभिषेक के नाम पर एक स्टोन क्रेशर भी लगवाया हुआ है। पिरान कलियर में पत्नी के नाम से ब्रज इंटरनेशनल स्कूल है। नवंबर.2021 में उत्तराखंड सरकार के आदेश पर रामनगर कॉर्बेट नेशनल पार्क में तैनात रहे तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू हुई थी। इसमें एक नाम किशनचंद का भी था। 21 नवंबर 2021 को विजिलेंस ने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी।

30 जून 2022 को किशनचंद रिटायर हो चुके हैं। राजाजी नेशनल पार्क के उपनिदेशक बनने के वक्त भी किशनचंद पर साठगांठ करके पद हथियाने के आरोप लगे थे और शासन तक शिकायत पहुंची थी। पूर्व पैं. किशनचंद अखाड़े की शरण में जाकर विजिलेंस और पुलिस से बचने की प्लानिंग कर रहा था। हालांकि इसके बाद भी किशनचंद को मुश्किलें कम नहीं हुईं। अखाड़े के पदाधिकारियों ने बैठक की।

# मीट फैक्ट्री ठेकेदार से लूट झूठी निकली, पुलिस ने केस दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में नेशनल हाईवे.9 पर शुक्रवार रात मीट फैक्ट्री ठेकेदार से साढ़े तीन लाख रुपए की लूट का मामला फर्जी निकला।

मारपीट की मामूली घटना में ठेकेदार ने जान बूझकर लूट की फर्जी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने चंद घंटे में इस केस का खुलासा कर फर्जी सूचना देने वाले ठेकेदार और मारपीट करने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। गाजियाबाद में कस्बा डासना निवासी अब्दुल कलाम एक मीट फैक्ट्री में ठेकेदार है। शुक्रवार रात वो गाजियाबाद से कार से डासना की तरफ लौट रहा था। कलाम ने पुलिस को बताया कि मसूरी थाना क्षेत्र में एक कार में आए बदमाशों ने ओवरटेक करके उसे रोक लिया और साढ़े तीन लाख रुपए लूटकर भाग निकले।

ईरज राजा ने बताया कि कलाम की सूचना पर स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी फु टेज देखी। मैनुअली इनपुट पर भी केस की जांच की। इसमें पीड़ित ठेकेदार की बातें संदिग्ध प्रतीत हुई। अधिक छानबीन पर ये घटना मारपीट की पाई गई। पुलिस ने फुटेज के जरिये संदिग्ध आरोपी की कार का नंबर ट्रेस कर लिया और हापुड़ जाकर उसको पकड़ लिया। उससे भी पूछताछ हुई तो मामला मारपीट का निकला। मारपीट करने वाले शख्स और गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए ये जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

हरियाणा सरकार

साल राख्या ख्याल

G20 भारत 2023 INDIA

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास



"'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**

हरियाणा एक-हरियाणवी एक
पढ़ी-लिखी पंचायतें आधुनिक राजस्व रिकॉर्ड रूम
खिलाड़ियों को सर्वाधिक पुरस्कार राशि अंतर जिला परिषद्
वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल सूक्ष्म सिंचाई तालाबों का जीर्णोद्धार
हर खेत स्वस्थ खेत बागवानी MSP पर सबसे ज्यादा फसलों की खरीद ग्राम दर्शन पोर्टल
ई-ऑफिस 15 कि.मी. में महिला कॉलेज हरियाणा रोजगार कौशल निगम प्ले वे स्कूल
नागरिक संसाधन सूचना विभाग HEPC एक ही परिसर में के.जी. से पी.जी.



कॉमन पात्रता परीक्षा सक्षम युवा योजना
ऑक्सीजन खेती हर टेल में पानी
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना
स्वामित्व योजना
ऑनलाइन ट्रांसफर प्रणाली
म्हारा गांव जगमग गांव
मेरिट पर नौकरी ई-गवर्नेंस
मेरा पानी मेरी विरासत
भावांतर भरपाई योजना
हर खेत स्वस्थ खेत हरियाणा-112
अंत्योदय सरल पोर्टल
संस्कृति मॉडल स्कूल
छात्रों को टैबलेट
ऑपरेशन संवेदना
किसान मित्र योजना
हर-हित स्टोर
सुपर-100 कार्यक्रम

ऑक्सीवन प्राणवायु देवता पेंशन
छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना
मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना
परिवार पहचान-पत्र
ऑटो अपील प्रणाली
सीएम विंडो दुर्गा शक्ति ऐप
बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ
ईज ऑफ डूईंग बिजनेस
मेरी फसल-मेरा ब्योरा
पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना
प्रगतिशील किसान सम्मान
ऑनलाइन CLU
खेल नर्सरी ई-संजीवनी OPD
स्किल यूनिवर्सिटी
उत्कृष्ट खेल नीति
खेलो इंडिया 2021
पौधगिरी योजना

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# यात्रा बढ़ने के साथ बढ़ता गया जोश का ज्वार

## बदरपुर, आश्रम चौक से लालकिले तक महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों में दिखा जोश

जाहिद अली। नई दिल्ली

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए बदरपुर बॉर्डर पर देर रात से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सूर्योदय से पहले ही जैसे-जैसे यात्रा शुरू होने का समय करीब आया, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे थे।

कार्यकर्ताओं के हाथों में भारत जोड़ो यात्रा और तिरंगे झंडे थे। लोक कलाकार वाद्य यंत्रों के साथ देशभक्ति की धुन पर थिरक रहे थे। साथ ही यात्रा के स्वागत में बैंड बाजे वाले भी देश भक्ति से ओतप्रोत गीत बजा रहे थे। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, सरिता विहार आते-आते हजारों लोग सड़क पर राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

आश्रम चौक पहुंचते-पहुंचते दस बज चुके थे। कोहरा छंट गया था और धूप खिलने लगी थी। पूरा माहौल प्यार, मोहब्बत और देशभक्ति के रंग में रंग गया।

यहां बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक की भागेदारी देखने को मिली। हर किसी के पास अपने मुद्दे और यात्रा से जुड़ने की कुछ सामूहिक, तो कुछ अलग-अलग वजहें थीं।

कोई राहुल गांधी की एक झलक पाने को बेताब था तो कोई इस यात्रा में शामिल होकर अपना संदेश आम जनता तक पहुंचाना चाहता था। महिलाओं का भी खासा जुड़ाव देखने को मिला। कुछ एनजीओ के सदस्य ऐसे भी थे, जिन्होंने कन्याकुमारी से लेकर दिल्ली तक का सफर तय किया था। युवा मुखर होकर बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ नारे लगा रहे थे। राजस्थान से जुड़े बुजुर्ग दल्लाराम ने बताया कि देश में महंगाई चरम पर है। केंद्र की सरकार आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर बात करने को तैयार नहीं है। यात्रा आम लोगों की परेशानियों का एक संदेश है।

वहीं बाडमेर से आए हेमंत कुमार ने कहा कि समाज में फैला भय खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी समुदायों के लोग शामिल हैं। वह संदेश देना चाहते हैं कि समाज को तोड़ने वाली शक्तियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

एक छात्र संगठन के नेता ने देश की सबसे बड़ी समस्या बढ़ती महंगाई को बताया। संगठन में शामिल छात्रा उमामा ने बताया कि हर कॉलेज अपनी फीस बढ़ा रहा है। आज के दौर में गरीबों के लिए पढ़ाई मुश्किल होती जा रही है। बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर यात्रा से जुड़े नमन ने भी अपने विचार रखे। नमन ने बताया कि अच्छी शिक्षा लेने के बाद भी नौकरी के अवसर नहीं मिल रहे हैं। छात्र संगठन में शामिल शमन, तसलीम और नोइल ने भी समाज में फैली हिंसा पर चिंता प्रकट की।

फरीदाबाद से भारत जोड़ो यात्रा में अपने परिवार के साथ शामिल हुए युनूस ने बताया कि जब सभी पार्टियां केवल वोट की राजनीति कर रही हैं तो वहीं कांग्रेस की यह यात्रा समाज में एक अलग संदेश दे रही है। युनूस की पत्नी गुलशन ने बताया कि वह आज 15 किलोमीटर चल चुकी है, लेकिन उन्हें कोई थकान नहीं है। साथ में उन्हें बेटे रिहान भी अपने माता-पिता के साथ कदमताल करते नजर आए। यात्रा में शामिल अवधेश मौर्य ने बताया कि आज देश को दो रंग में बांट दिया गया है। भारत का केवल एक ही रंग है, उसका नाम मोहब्बत है।

यात्रा मोहब्बत को बांटने का नाम है। प्यार से ही देश की नफरत को मिटाया जा सकता है।



लालकिले पर लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, साथ में सांसद राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार व फिल्म अभिनेता कमल हसन। फोटो: रंजन डिमरी।

## भाजपा का पटका पहन भारत जोड़ो यात्रा में आए कुछ लोग



*अलीगढ़ के दो कवि भाजपा का पटका पहनकर यात्रा में शामिल हुए। डंबर सिंह तंवर ने बताया कि मोदी के समर्थक हैं, लेकिन यात्रा में शामिल हुए हैं। तंवर के अनुसार देश के लोकतंत्र में विपक्ष का जिंदा रहना बेहद जरूरी है। जब-जब सत्ता निरंकुश होती है, तो विपक्ष आम जनता के मुद्दे उठाता है। किसानों और रोजगार के मुद्दे पर आम लोगों का जन दबाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा। वहीं कानपुर से आए श्याम मोहन गुप्ता ने बताया कि भाजपा और कांग्रेस मिलकर देश की तरक्की का रास्ता तैयार करे ताकि आम लोगों को परेशानियों से निजात मिल सके।*

## अव्यवस्था पर राहुल गांधी नाराज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कन्याकुमारी से शुरू हुई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार सुबह फरीदाबाद से होते हुए बदरपुर बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में प्रवेश कर गई।

यात्रा शुरू होने से पहले जो स्वागत मंच बनाया गया था, वहां काफी अव्यवस्था देखने को मिली, जिस पर राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी से नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद मंच पर मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं को आनन-फानन में हटाया गया। करीब साढ़े दस बजे जब राहुल आश्रम चौक पर जयराम आश्रम पहुंचे तो यहां यात्रा में शामिल पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था प्रदेश कांग्रेस की तरफ से की गई थी। यहां भी अव्यवस्था का आलम था, जिसे देख पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्वजय सिंह ने असंतोष व्यक्त किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली से कहा कि व्यवस्था ठीक नहीं है। इस बीच, ओखला से कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान अपनी नवविर्वाचित पार्षद बेटी आरिबा खान के साथ जयराम आश्रम पहुंचे तो वह पटपटगंज के जिला अध्यक्ष पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों को पास जारी किया है, तो यात्रा में शामिल क्यों नहीं होने दिया जा रहा है।


यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुई सोनिया गांधी।

## एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए यात्रा रोकी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपोलो अस्पताल के पास एक एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए अपनी यात्रा को कुछ देर के लिए रोक दिया था। वह एम्बुलेंस को जाने तक कुछ देर सड़क पर रुके रहे। साथ ही उन्होंने साथी यात्रियों से भी एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए कहा। यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई।

हालांकि भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली में प्रवेश करने के साथ ही कई हिस्सों में यातायात प्रभावित रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल लोगों के शहर में प्रवेश करने पर सुबह दक्षिणपूर्वी दिल्ली में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और फिर विराम के बाद दोपहर में यात्रा बहाल होने पर इंडिया गेट के आसपास यातायात प्रभावित रहा।

यातायात पुलिस ने उन मार्गों को लेकर शुक्रवार को लोगों के लिए परामर्श जारी किया था, जिनके भारत जोड़ो यात्रा के कारण मार्ग बाधित होने की आशंका थी। सुबह 11 बजे राष्ट्रीय राजधानी में आश्रम चौक पर कुछ देर के लिए रूकी और फिर दोपहर एक बजे दोबारा शुरू हुई। पुलिस ने साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों से सड़क के बाएं ओर चलने का अनुरोध किया। यात्रा के सुबह के चरण के दौरान भीड़भाड़ के कारण कार और अन्य वाहन धीमी गति से चलते देखे गए। राहुल गांधी की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़े और उन्हें जहां जगह मिली वे वहां खड़े हो गए।

यात्रियों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन लेकर जा रहे एक ऑटो रिक्शा चालक हेमंत ने कहा, वह आश्रम से डेढ़ घंटे में निजामुद्दीन इलाके पहुंचे। आमतौर पर इसमें लगभग 25 मिनट लगते हैं। एक अन्य यात्री अमित ने कहा, आप यात्रा निकालना चाहते है तो निकालिए लेकिन लोगों के सामने आने वाली यातायात और अन्य समस्याओं के बारे में सोचें।

यात्री सुमन ने कहा कि कोई ऑटो इस मार्ग पर आने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, हमें ऑटो रिक्शा चालकों से यह सुनने को मिला कि चूंकि भारत जोड़ो यात्रा चल रही है तो यातायात जाम है इसलिए वे इस मार्ग पर जाना नहीं चाहते और इसलिए हमें कोई वाहन नहीं मिल रहा है।

## 'भाजपा को कोरोना नहीं, सता रहा यात्रा की सफलता का डर'

### गांधी पर परिवारवाद का आरोप लगाने वालों पर बिफरे कांग्रेसी नेता

संजय राय। नई दिल्ली

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भाजपा के परिवार जोड़ो यात्रा बताने पर कांग्रेस नेता भड़क गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। राज्यसभा सदस्य एवं दिल्ली कांग्रेस प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि जो परिवार को छोड़कर बैठे हैं, वह परिवार की बात न ही करें तो बेहतर होगा।

दरअसल, आश्रम चौक पर जयराम आश्रम में मीडिया से बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि भारत जोड़ो यात्रा में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा एवं राबर्ट वाड्रा के जुड़ने पर भाजपा ने इसे भारत जोड़ो यात्रा की बजाए परिवार जोड़ो यात्रा की संज्ञा दी है। इस पर गोहिल बिफर गए और उन्होंने तीखा जवाब दिया।

उन्होंने यात्रा में शामिल सभी लोगों को कांग्रेस का परिवार बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा को कोरोना से ज्यादा यात्रा की सफलता का डर सता रहा है। चिंता भी इस बात की है कि राहुल की यह यात्रा कन्याकुमारी से राष्ट्रीय राजधानी तक कैसे पहुंच गई। उन्होंने पूरी यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। यह यात्रा 108 दिन में नौ राज्यों और 46 जिलों का सफर तय कर राजधानी दिल्ली पहुंची है। इस दौरान कुल 3570 किलोमीटर से में करीब 3200 किलोमीटर की दूरी तय कर ली गई है।

### दिल्ली में होगा नौ दिन विश्राम, कंटेनरों की होगी मरम्मत

***नई दिल्ली।*** *राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में नौ दिन रुकेगी। इसमें शामिल नेता व कार्यकर्ता अपने-अपने घर जाएंगे। इसकी मुख्य वजहों में से एक वजह यह भी है कि यात्रा में साथ चल रहे कंटेनर मरम्मत मांग रहे हैं। उनमें कुछ दिक्कतें आ रही हैं। उनकी सर्विस कराना जरूरी है। साथ ही उनमें मौसम के हिसाब से बदलाव भी किया जाना है, क्योंकि दिल्ली से आगे दूसरे तरह के मौसम का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बारिश व शीत लहर के साथ-साथ बर्फबारी का सामना करना पड़ सकता है। इन सब को देखते कंटेनरों में कुछ तब्दीली की जाएगी।*

*शक्ति सिंह गोहिल ने बताया कि यात्रा अब तीन जनवरी को अपनी मंजिल की ओर बढ़ेगी। इस दौरान यह यात्रा दिल्ली से उत्तर प्रदेश होते हुए फिर से हरियाणा में दखिल होगी। इस बार पानीपत और कुरुक्षेत्र के रास्ते पंजाब होते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी। इस दौरान 30 जनवरी से पहले और 26 जनवरी के बाद लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया जाएगा। गोहिल ने कहा कि दिल्ली दिल वालों की है।*

*इसका आभास दिल्ली में प्रवेश करते ही हो गया था जब हजारों की संख्या में लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा का जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी का भी यही मानना है कि चुनाव हित से बड़ा राष्ट्रहित है। हमें लोगों के दिलों को जीतना है।*

## वाजपेयी की समाधि पर आज श्रद्धांजलि देंगे राहुल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एवं लालबहादुर शास्त्री के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता रह चुके अटल बिहारी वाजपेई की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

कांग्रेस के अनुसार, पहले राहुल गांधी का शनिवार शाम ही इन नेताओं की समाधियों पर जाने का कार्यक्रम था, लेकिन शनिवार शाम पदयात्रा के पूरा होने में समय लग जाने के कारण इस कार्यक्रम में बदलाव किया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि शाम के समय पदयात्रा लंबी हो गई और भीड़ होने के कारण ज्यादा समय लग गया। राहुल गांधी (नेताओं की) समाधियों पर रविवार सुबह श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

रमेश ने बताया कि राहुल राष्ट्रीय स्मृति स्थल पहुंचकर वाजपेई की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह महात्मा गांधी की समाधि राजघाट, पंडित जवाहरलाल नेहरू के स्मारक शांति वन, इंदिरा गांधी की समाधि शक्ति स्थल और राजीव गांधी की समाधि वीर भूमि और लाल बहादुर शास्त्री की समाधि विजय घाट पर भी श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा की झलकियां


इंडियागेट पर उमड़ी भीड़



महंगाई के खिलाफ नारेबाजी


लोगों को करतब दिखाता यात्री

## दृष्टिहीन छात्र भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के नेत्रहीन छात्रों के एक समूह ने भारत जोड़ो यात्रा के एक मार्ग पर शिविर लगाया था। इस शिविर में करीब 15-20 नेत्रहीन छात्र अपोलो अस्पताल के रास्ते पर बैनर लेकर जमा हुए, जो नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो के नारे लगा रहे थे।

छात्र सारांश ने कहा कि उन्होंने देश में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ विरोध जताने के लिए यात्रा में भाग लिया। ऐसे कई नेत्रहीन छात्र हैं, जिन्होंने शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, लेकिन वर्षों से बेरोजगार हैं। सारांश ने पूछा, देश में नौकरियों की कमी के कारण पढ़े-लिखे लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। अगर हमारे लिए पर्याप्त नौकरियां नहीं हैं तो शिक्षा प्राप्त करने का क्या औचित्य है। कई नेत्रहीन छात्र हैं, जो अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इसका क्या फायदा। दृष्टिबाधित छात्र गुलशन कुमार ने कहा कि उन्होंने समुदायों के बीच नफरत को खत्म करने और महंगाई के खिलाफ आवाज उठाने के उद्देश्य से यात्रा में हिस्सा लिया। महंगाई ने मेरे परिवार को बुरी तरह से प्रभावित किया है। वह एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार से है और पिता एक किसान हैं। उसकी चार बहनें हैं और उनमें से एक नेत्रहीन है। पिता के अलावा परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। दो बहनों के पास डिग्री है, लेकिन नौकरी के अभाव में वे बेरोजगार हैं।



## राजधानी में रंगारंग नार्थ ईस्ट फेस्टिवल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया। कोरोना महामारी के कारण 2 साल बाद इस फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

क्रिसमस के अवसर पर आयोजित इस फेस्टिवल को लेकर में खासा उत्साह और गर्मजोशी देखी जा सकती है। उत्सव के दूसरे दिन खाने-पीने के शौकीनों और खरीददारों की भीड़ देखी गई। उत्तरी पूर्वी भाग के खाने-पीने व्यंजनों के जायके के साथ हस्तशिल्प के सामानों में भी रूचि दिखाई। फेस्टिवल में बिपुल छेत्री और बैंड ने लोगों का इंटरटेनमेंट किया।

## स्वर्णिम 20 साल: मेट्रो ने वर्षगांठ पर लगाई विशेष प्रदर्शनी

### छह स्टेशनों से हुई शुरुआत, आज 286 स्टेशनों से लाखों लोग करते हैं सफर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में आज से 20 साल पहले स्वर्णिम यातायात मेट्रो का शुभारंभ हुआ। मेट्रो ने न केवल दिल्ली के यातायात को नया आयाम दिया बल्कि पर्यावरण संरक्षण, समय की बचत और सुरक्षा के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

वर्ष 2002 दिसंबर में छह स्टेशन के साथ रेड लाइन पर महज 8.2 किलोमीटर लंबे मार्ग पर अपने परिचालन की शुरुआत करने वाली दिल्ली मेट्रो ने 20 वर्ष पूरे कर लिए हैं और उसका नेटवर्क 2022 में 390 किमी से अधिक विस्तृत हो गया है।


वेलकम मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार।

इस अवसर पर वेलकम मेट्रो स्टेशन पर एक विशेष स्मृति समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। राजदूत ने अपने संबोधन में दोनों देशों के बीच राजनयिक व सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया और दिल्ली मेट्रो के परिचालन की शुरुआत के बारे में बताया। प्रदर्शनी में दुर्लभ अभिलेखीय चित्र और पुराने समाचार क्लिप प्रदर्शित किए गए। इसमें दिल्ली मेट्रो और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) व अन्य जापानी संगठनों की साझेदारी को भी प्रदर्शित किया गया, जिन्होंने दिल्ली मेट्रो के अब तक के सफर में योगदान दिया है।

इस अवसर पर जेआईसीए इंडिया कार्यालय के मुख्य प्रतिनिधि सैतो मित्सुनोरी भी उपस्थित थे और उन्होंने सभा को संबोधित किया। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का नेटवर्क आज राष्ट्रीय राजधानी और पड़ोसी शहरों में कई गलियारों तक फैला है। दिल्ली मेट्रो ने 25 दिसंबर, 2002 को अपनी वाणिज्यिक सेवाएं शुरू की थी। इससे एक दिन पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने शाहदरा से तीस हजारी तक डीएमआरसी के 8.2 किलोमीटर लंबे प्रथम मार्ग का उद्घाटन किया था। इससे पहले एक अधिकारी ने बताया कि पहली मेट्रो चलने के दो दशक पूरे होने के मौके पर दिल्ली मेट्रो शनिवार को विशेष ट्रेन चलाएगी। अधिकारी ने कहा कि यह डीएमआरसी के लिए रोमांचक उपलब्धि है और छह बोगी वाली विशेष ट्रेन रेड लाइन पर आज कश्मीरी गेट स्टेशन से वेलकम स्टेशन तक चलेगी।

अधिकारियों ने इससे पहले से कहा कि 2002 में रेड लाइन के उद्घाटन के एक दिन बाद भीड़ इतनी ज्यादा थी कि अधिकारियों को यात्रियों की भीड़ संभालने के लिए पेपर टिकट जारी करने पड़े थे। डीएमआरसी का नेटवर्क 286 स्टेशन के साथ लगभग 392 किलोमीटर तक फैला हुआ है।

# अब तक छह जिलों में खिल चुका है कमल : धनखड़

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### जिला परिषद, ब्लॉक समिति चेयरमैन पदों पर भाजपा का हो रहा कब्जा

### धनखड़ ने कहा, आप खुद को जनता का सेवक मानकर जनता की सेवा करेंगे

**शनिवार** को जिला परिषद के हुए चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के चुनाव में तीन जिलों फरीदाबाद, सोनीपत और यमुनानगर में भाजपा का कमल खिला है।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सफल कार्यकाल की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आप खुद को जनता का सेवक मानकर जनता की सेवा करेंगे। अपने-अपने जिलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शनिवार को यमुनानगर जिला परिषद में बीजेपी ने अपना परचम लहराया। रमेश चंद ठसका चेयरमैन और अग्निवीर ठाकुर वाइस


नवनिर्वाचित जिला परिषद चेयरमैनों को बधाई देते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

चेयरमैन चुने गए। सोनीपत में भी मोनिका दहिया को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। अभी यहां वाइस चेयरमैन का चुनाव नहीं हो पाया है। इसी तरह से फरीदाबाद में चेयरमैन का पद भाजपा की सहयोगी पार्टी जजपा के हिस्से में आया वहीं वाइस चेयरमैन के पद पर भाजपा के धर्म सिंह ने जीत दर्ज की। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा को जिला परिषद और ब्लॉक समिति के सभी जीते हुए पार्षदों का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार हरियाणा एक, हरियाणवीं एक की नीति के तहत प्रदेश में विकास कार्य करा रही है। भाजपा सरकार की यही नीति जनता और जीते हुए जनप्रतिनिधियों को पसंद आ रही है।

नवनिर्वाचित चेयरमैन व वाइस चेयरमैनों का आह्वान करते हुए बीजेपी अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने आप पर भरोसा जताया है, इसलिए वे उनके विश्वास पर खरा उतरें और सरकार की नीतियों व योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायें। पंक्ति में खड़े अंतिम गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये।

उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों का जनता के कल्याण के लिए प्रयोग करें और सभी जनप्रतिनिधि एक टीम के रूप में कार्य करें। जनप्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच की कड़ी होते हैं। श्रीधनखड़ ने अपने संदेश में कहा है कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि किसी भी सूरत में जनता से दूरी ना बनाएं, समय-समय पर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनका समाधान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।

# 2025 तक प्रदेश का निर्यात दोगुना करने का है लक्ष्य : अनुराग बख्शी



मनोहर सरकार निर्यातकों के द्वार कार्यक्रम में बोलते चेयरमैन अनुराग बख्शी व अन्य सदस्यगण।

### शुरुआत में प्रदेश के 9 जिलों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश का निर्यात लगभग 115000 करोड़ रुपये है, जिसे मनोहर सरकार वर्ष 2025 तक दोगुना करना चाहती है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सरकार निर्यातकों को हर सम्भव सुविधा और सहायता देने के लिए तैयार है। यह बात उन्होंने 15 दिसम्बर से प्रदेश के 9 जिलों में निर्यात को लेकर चलाए गए एक विशेष अभियान के समापन कार्यक्रम कही।

विदेश सहयोग विभाग और हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल ने प्रदेश के सभी जिलों में निर्यात के इच्छुक और मौजूदा निर्यातकों की भागीदारी को अधिकतम करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया। अनुराग बख्शी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हरियाणा देश के कुल भूभाग का केवल 1.34 फीसद है, लेकिन देश की जीडीपी में इसका योगदान लगभग 4 फीसद है। जीएसटी संग्रह में भी इसका चौथा स्थान है और निर्यात में पूरे देश में पांचवें स्थान पर है। ये सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है, जो ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और प्रदेश की जनता के जीवन की सुगम बनाने (ईज ऑफ लिविंग) के लिए निरंतर काम कर रही है। काउन्सिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, रोहतक, झज्जर, बहादुरगढ़, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान में निर्यातकों में विशेष उत्साह देखने को मिला और प्रदेश से निर्यात को बढ़ाने की अपार सम्भावनाएं दिखाई दीं। सभी जिलों में निर्यातकों ने अपनी समस्याएं और प्रदेश से निर्यात बढ़ाने के लिए अपने सुझाव व सरकार से उम्मीदें सांझा की। निर्यातकों ने एक्सपोर्ट फ्रेट सब्सिडी, इंडस्ट्रीयल इलाकों में बेहतर सुविधाएं, सेवा कर वापसी में देरी और निर्यात में पेश आने वाले कुछ अन्य समस्याओं को रखा। काउन्सिल की ओर से इन समस्याओं के समाधान के लिए हर सम्भव सहायता और प्रयास का भरोसा दिलाया गया।

साथ ही निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। अनुराग बख्शी ने कहा कि इस अभियान में डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री और एमएसएमई विभाग हरियाणा का विशेष सहयोग रहा। इंडस्ट्री विभाग के अतिरिक्त निदेशक एसएन सिंह की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में विदेश सहयोग विभाग के अंतर्गत हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल का गठन किया गया है। सभी जिलों में निर्यात प्रोत्साहन और आईईसी पंजीकरण अभियान की योजना बनाई गई है।

# मुख्यमंत्री आवास योजना में बीपीएल बेघरों को प्राथमिकता से मिलेंगे फ्लैट

### गुरुग्राम में योजना के तहत फ्लैट निर्माण को लेकर मंत्री डा. कमल गुप्ता ने देखी जमीन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्र** सरकार की दीनदयाल आवास योजना की तर्ज पर अब हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत वंचितों, जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया कराने का काम किया जाएगा। यानी इन्हें फ्लैट बनाकर दिए जाएंगें। हाल ही में सीएम मनोहर लाल ने इसकी घोषणा की थी, अब इस पर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। यहां पहुंचे हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने अधिकारियों के साथ चिन्हित जगह का भी निरीक्षण किया।


गुरुग्राम में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने को लेकर जमीन का निरीक्षण करने के बाद नक्शे पर जानकारी लेते मंत्री डा. कमल गुप्ता।

मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वंचितों व जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में आर्थिक रूप से पिछड़े बेघर प्रत्येक परिवार के पास खुद का आशियाना हो, इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू करने की घोषणा की है। सेक्टर-9 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा चिन्हित जमीन को भी मंत्री ने देखा। हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को उपरोक्त जमीन पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण संबंधी रूपरेखा बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महाराजा शूरसेन सैनी की जयंती के अवसर पर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर हरियाणा में मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू करने की घोषणा की है।

योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य राज्य के निर्धन, बेसहारा नागरिकों को रहने के लिए आवास प्रदान करना है, ताकि बेसहारा लोगों को बिना छत के न रहना पड़े। इस योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सर्वे किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चिह्नित, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बेघर नागरिकों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा, ताकि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिक इस योजना का लाभ प्राप्त कर अपने स्वयं के घर का सपना साकार कर सकें और अपना जीवनयापन ठीक ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि योजना के उद्देश्यों को धरातल पर पूरा करने के लिए हाऊसिंग फॉर ऑल विभाग एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार कर रहा है।

# दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास निर्माण को लेकर रेल मंत्री से मिलेंगे : विधायक सिंगला


गुरुग्राम में दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास बनाने की मांग को लेकर विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र सौंपते पार्षद मंगतराम बागड़ी।

**गुरुग्राम।** विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम-रेवाड़ी रेल ट्रैक पर दौलताबाद फ्लाईओवर के पास लोगों की सुविधा के लिए अंडरपास बनवाने के लिए वे जल्द ही रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे। यहां अंडरपास नहीं होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यह बात उन्होंने वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी एवं पार्षद शीतल बागड़ी द्वारा इस संबंध में मांग पत्र सौंपने के दौरान कही। इस दौरान रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल भी मौजूद रहे।

मांग पत्र सौंपते हुए मंगतराम बागड़ी ने बताया कि लक्ष्मण विहार दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास के अभाव में लोग वर्षों से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। रेलवे ट्रैक पार करने का कोई साधन ना होने के कारण लोग जीवन पर दांव पर लगाकर ट्रैक पार करते रहे हैं। ऐसे में कई बार अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी अनहोनी को रोकने के लिए हम करीब डेढ़ दशक से आवाज उठाते आ रहे हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस मांग को गंभीरता से लिया गया। धनवापुर फाटक के पास अंडरपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास के निर्माण कार्य को भी स्वीकृति मिल चुकी है।

# पंचायत समिति चेयरपर्सन का चुनाव 28 दिसंबर को

### चुनाव एसडीएम की मौजूदगी में ईवीएम मशीन के माध्यम से कराया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “ **समिति** चुनाव कराने की यह दूसरी बार तिथि निरधारित की है। इस बार एक सदस्य के हाजिर होने पर भी चुनाव कराया जाएगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **एसडीएम।**

**सोहना** पंचायत समिति चेयरपर्सन पद का चुनाव में अगली तारीख 28 दिसम्बर रखी गई है। इससे पहले 22 दिसम्बर को समिति सदस्यों के हाजिर न होने के कारण चुनाव टाल दिया था। चुनाव की नई तारीख के विषय में समिति के सभी सदस्यों को लिखित में सूचित कर दिया है।

सोहना पंचायत समिति चेयरपर्सन व उप चेयरपर्सन पद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियों पर विराम लगने की संभावना है। ये चुनाव 28 दिसम्बर को होगा। बीडीपीओ कार्यालय में चुनाव का समय 11 बजे तय किया है। चुनाव ईवीएम मशीन के माध्यम से कराया जाएगा। चुनाव एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की मौजूगी में होगा। जिसमें नवनिर्वाचित 14 समिति सदस्या भाग लेंगे।

वहीं चेयरमैन पद और उपचेयरमेन का पद को अपनाने के लिए राजनीति गतिविधियां और सह व मात का खेल खेला जा रहा है। समिति सदस्यों को अपने-अपने पक्ष में करने के लिए धन और बल से पूरी ताकत लगाई जा रही है। चेयरमेन पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। जिसकी दौड़ में तीन महिलाएं वार्ड 5ए 9 और 13 वार्ड से नवनिर्वाचित समिति सदस्य है।

# आश्रयहीनों के लिए रात्रि विश्राम को शुरू किया रेन बसेरा

### नगर परिषद ने रैन बसेरा की गरीब और बेसहारा लोगों के लिए निःशुल्क सुविधा शुरू की

### रैन बसेरा पर 24 घंटा परिषद का कर्मचारी मौजूद रहेगा, जरूरतमदों को भोजन भी मिलेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “ **रैन** बसेरा पुरुषों से लेकर महिला व बच्चों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। रैन बसेरा पर 24 घंटा परिषद का कर्मचारी मौजूद रहेगा। ताकि रात के समय में राहगीर को सर्दी से बचाव के लिए पुरी सुविधा मिलेगी। नगर परिषद का कर्मचारी रात के समय में शहर के सामान्य बस स्टैंड और अंबेडकर बाईपास चौक पर निरीक्षण करके भटते हुए राहगीरों को रैन बसेरा तक लेकर आएंगे।
>
> **अतरसिंह**
> **कार्यकारी अधिकारी, नप।**

**नगर** परिषद प्रशासन ने सर्दी की बढ़ती ठिठरन से राहगीरों को रात के समय में पनाह देने के उद्देश्य से रैन बसेरा का प्रबंध कर दिया है। शहर के बीचोंबीच स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रैन बसेरा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पिछले तीन दिन से सर्दी की ठिठरन बढ़ने लगी है। हर दिन सर्दी अपना रुद्र रूप दिखाने लगी है। ऐसे में रात के समय में वाहन न मिलने या अन्य किसी भी प्रकार का संसाधन न होने से राहगीर नागरिकों को सुविधा मिल सके।

इस उद्देश्य से नगर परिषद ने रैन बसेरा की सुविधा शुरू कर दी है। नगर परिषद द्वारा बनाया रैन बसेरा में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। ताकि राहगीर रात भर आराम से सोकर सुबह तक रह सके। रैन बसेरा में ठहरने की सुविधा फ्री होगीं। जरूरत पड़ने पर राहगीर को भोजन भी दिया जाएगा।



# हरियाली बढ़ाने को एनएसजी का संगठन भूमि के साथ समझौता

**गुरुग्राम।** देश की आंतरिक सुरक्षा संभालने में जुटी राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) मानेसर स्थित एनएसजी प्रशिक्षण केंद्र से सटी अरावली की पहाड़ियों में हरियाली को बनाए रखने के लिए व्यापक पौधारोपण अभियान में जुटी है।

इस अभियान के तहत अभी तक देशी प्रजातियों व फलदार पौधों के 3 लाख 47 हजार पौधे रोपित किए जा चुके हैं। इस कार्य में प्रदेश का वन विभाग भी सहयोग कर रहा है। इस अभियान में चेन्नई के गैर सरकारी संगठन भूमि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एनएसजी के महानिदेशक एमए गणपति ने एनएसजी प्रशिक्षण केंद्र के आस-पास पौधारोपण के लिए एक पंचवर्षीय योजना भी तैयार की है, जिससे इस क्षेत्र की जैव विविधता अपने मौलिक रुप में वापस आ सके।

# पार्टियां बदली जा सकती हैं समाज नहीं : संतोष बागरोड़िया




**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन हरियाणा द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय अग्र महाकुंभ की शनिवार को शुरुआत हो गई। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में अग्र समाज के जनप्रतिनिधि पहुंचे।

उद्घाटन समारोह में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष बागरोड़िया ने कहा कि हमें पार्टी से ऊपर उठकर अपने समाज के लिए कार्य करना चाहिए, क्योंकि पार्टी बदली जा सकती है लेकिन समाज नहीं बदल सकता। पूर्व सांसद सुभाष चंद्रा ने अग्रवाल समाज ने देश के विकास में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को समाज के कार्यक्रमों से जोड़ना चाहिए, ताकि उन्हें अग्र समाज के बारे में जानकारी मिले। उन्होंने बताया कि हम सभी मिलकर अग्रोहा में म्यूजियम बना रहे हैं, जिसमें सभी अग्र समाज से संबंधित वस्तुओं को रखा जायगा। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज का देश की अर्थव्यवस्था सहित सेवा के सभी प्रकल्पो में अग्रणी योगदान रहता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने आए हुए मेहमानों को स्वागत किया। पहले दिन देशभर से आये समाज के लोगों के साथ बैठक कर कई मसलों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात भगवान अग्रसेन जी की शान में 5176 दिये जलाकर विशाल दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। रात में मां लक्ष्मीजी का विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भविष्य में अग्रवाल समाज में क्या होगा कैसे होगा और कैसे अग्रवाल समाज सभी के हित के लिए काम करेगी।

# नप हर दिन चलाएगी सफाई अभियान, गंदगी के ढेर हटेंगे

### नाराज उप चैयरपर्सन ने कहा, ड्यूटी से नदारद रहने वाले सफाई कर्मियों की होगी छुट्टी

एन. रोहिल्ला। सोहना

**नगर** परिषद प्रशासन ने शहर में सफाई व्यवस्था में भारी सुधारी किए जाने की कवायद शुरू कर दी है। ड्यूटी से नदारद रहने वाले सफाई कर्मियों को घर बैठने के फरमान दिए जा रहे है। जिससे सफाई करने के काम से फर्लो मारने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

शहर में नवनियुक्त उप चेयरपर्सन रीना देवी ने विशेष रूप से ध्यान देना शुरू कर दिया है। रीना देवी ने ऐसे सफाई कर्मियों पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। जिनकी हाजिरी परिषद कार्यालय में लगती, लेकिन ड्यूटी से फर्लो मारकर नौ दो ग्यारह हो रहे थे। सूत्रों के अनुसार ऐसे 40 सफाई कर्मियों की पहचान की गई थी और उनमें से कुछ की


सोहना नगर परिषद के वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में विशेष अभियान के तहत सफाई करते कर्मचारी।

छुट्टी भी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि फर्लो मारने वाले सफाई कर्मियों को उनके आकाओं का आशीर्वाद मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही उनकी जानकारी निकाली गई। उनके आकाओं ने एक दम से दूरी बना ली।

**हर दिन चलेगा सफाई अभियान :** परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर दिन किसी भी एक वार्ड में विशेष रुप से सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस सफाई अभियान में एक साथ 80 से 100 कर्मचारी सामूहिक रूप से सफाई करेंगे। वार्डों में लगे कूड़े के ढेरों का तुरन्त सफाया किया जा रहा है। इसी मुहिम में शुक्रवार को नगर परिषद के वार्ड-6 की हरीनगर और अंबेडकर कॉलोनी में अभियान चलाते हुए छोटी गलियों से लेकर आम रास्ते और मुख्य सड़क के साथ सफाई की गई।

> “ **किसी** भी शहर नगर की सुन्दरता उसकी साफ-सफाई से पता चलता है। नगर परिषद को गंदगी मुक्त बनाने के लिए सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिससे आम नागरिकों को गंदी से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सकता है।
>
> **रीना देवी**
> **( उपचेयरपर्सन नप )**

**बंद नालियां व नालों की सफाई :** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में रिहायशी मकानों से लेकर दुकान, गोदाम और कारोबारों के साथ जा रही नालियां व नालों पर अवैध कब्जा करने वालों की बनी लोहे व निर्माण सामग्री से सीढ़ी व सैल्ब को हटाया जा रहा है। जिससे बंद नाली व नालों के नीचे से नियमित से पड़ा कचरा सफाई नहीं होती। जिससे नाली व नालों का गंदा पानी आम रास्ते व सड़कों पर जमा हो रहता है।

# गौतम बुद्ध विवि के 80 प्रतिशत छात्रों को पॉलीयूरिथेन इंडस्ट्री में नौकरी के मिले अवसर



### गौतम बुद्ध विवि में पीजी डिप्लोमा इन पॉलीयूरिथेन टेक्नोलॉजी शुरू

**नोएडा।** तीन वर्ष पूर्व 2022 में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एवं द इंडियन पॉलियूरिथेन एसोसिएशन ने साझेदारी में ऊधम कौशल्य विकसित करने के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम) पीजी डिप्लोमा इन पॉलीयूरिथेन टेक्नोलॉजी का प्रारंभ किया था। शैक्षणिक वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में इस कोर्स की दो बैचेस अब तक पूर्ण हो चुकी हैं।

दोनो बैचेस के 80 प्रतिशत विद्यार्थियों को पॉलीयूरिथेन इंडस्ट्री में नौकरी की संधियां प्राप्त हो चुकी हैं। गौत्तम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा 23 दिसम्बर को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय स्थित सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर पॉलीयूरिथेन टेक्नॉलाजी का अवलोकन करते हुए प्रसन्नता जताई। पिछले दो वर्षों के विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, एवं आईपीयूए की प्रशंसा की। इस कोर्स का संचालन डॉ. जया मैत्रा (गौतम बुद्ध विवि) एवं डॉ. स्नेहलता आगाशे (आईपीयूए) द्वारा किया जाता है। इस मौके पर उपस्थित लैब टेक्नीशियन हरिओम शर्मा, छात्र यतीश ठाकुर, सत्यम चौधरी, मयंक भाटी, हार्दिक सिंघल, प्रताप यादव, पवन चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यू ईयर पर दिल्ली/एनसीआर में एक्सक्लूसिव लाइव कॉन्सर्ट, पंजाबी म्यूजिक के साथ साल 2023 का स्वागत




पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**न्यू** ईयर के जश्न को और भी खास बनाने के लिए इस साल गुरुग्राम में एक्सक्लूसिव लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन होने जा रहा है। एक्सोटिक एस्ट्रोनिमिया 2022 कार्यक्रम पार्टी लवर्स के लिए और भी खास होगा क्योंकि इस लाइव कॉन्सर्ट में पंजाबी सिंगर अमृत मान, द लेंडर्स आदि इस शाम को और भी खास बना देंगे।

यह कॉन्सर्ट कॉन्सर्ट 31 दिसंबर की शाम 8:30 बजे से 12:30 बजे तक गुरुग्राम के हुडा सिटी ग्राउंड, सेक्टर -29 में होगा।

कॉन्सर्ट पर पुराने साल को अलविदा करते हुए लाखों की तादाद में लोग मौजूद होंगे। आप भी इस खास न्यू ईयर की पार्टी को मिस न करे। गुरुग्राम में नए साल की यह पार्टी मंत्रमुग्ध कर देने वाली लाइटिंग, विजुअल्स और साउंड के साथ धमाल मचाने वाली है, जो आते ही आपको पाँव थिरकाने पर मजबूर कर देगी; तो आप भी बने हिस्सा इस शहर के सबसे बड़े काउंटडाउन में से एक का। टिकट 1415 से शुरू है कपल एंट्री ,ग्रुप एंट्री और सिंगल एंट्री पर आकर्षक ऑफर भी है, सबसे जरूरी बात इस इवेंट से जो भी पैसे का प्रॉफिट होगा वो सब मुस्कान एक पहल अपनी चैरिटी वर्क में इस्तेमाल करेगी। फिर आइये अपने दोस्तों के साथ और मनाइये यह नया साल कुछ अलग अंदाज़ में। लाइव कॉन्सर्ट की टिकट के लिए आप बूक माई शो, पेटीएम इनसाइडर एवं ***kyatum-maihaitalent.co*** डायरेक्ट ख़रीद सकते है।

# डीएम-एसपी ने राधानगर थाने में सुनीं जनसमस्याएं

## ● जिले के सभी थानों पर आयोजित हुआ समाधान दिवस

संवाददाता। फतेहपुर



**पीड़ितों** को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ थाना प्रभारियों ने पीड़ितों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराने का प्रयास किया। उधर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवसृजित राधानगर थाने में पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सिंह राधानगर थाने पहुंचे। जहां पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिसमें कुल बारह शिकायती प्रार्थना पत्र आये। उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों का निस्तारण फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जाये। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफकार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर प्राथमिकता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए। उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अवधेश कुमार निगम, राजस्व निरीक्षक, थाना प्रभारी, लेखपाल सहित फरियादी उपस्थित रहे।

# पर्सनालिटी एंड कैरियर डेवलपमेंट को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

संवाददात। गोंडा



**मीना** शाह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए पर्सनालिटी एंड कैरियर डेवलपमेंट हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता राब्ता फाउंडेशन के प्रमुख सै0 अहमद सईद का स्वागत करते हुए संस्था के मैनेजर हसन सईद ने उन्हें बुके व शॉल भेंट कर किया। इस कार्यक्रम का थीम 'क्रिएट योर ओन सक्सेस' पर आधारित था। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में बीबीए व बीसीए तथा दूसरे सत्र में डिप्लोमा के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने अनेक दृष्टांतों तथा खेलों के माध्यम से व्यक्तिव विकास के गुर सिखाए हुए व्यक्तित्व विकास के अनुरूप विभिन्न बारीकियों और समय प्रबंधन के बारे में जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि प्लानिंग सफलता की प्रथम आवश्यकता है। छात्र-छात्राओं को सिर्फ डिग्री प्राप्त करने पर फोकस नही करना चाहिए, बल्कि तरबियत का होना भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं पर मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने मां और बाप की कद्र का मशवरा भी दिया। इस अवसर पर संस्था के सेंटर मैनेजर अजय टंडन, अकाउंट ऑफिसर मो फिरोज खान, मोनिका टंडन, विभूति मणि त्रिपाठी, अखिलेश पाठक, मोनिका दूबे, पूनम रस्तोगी, राघवेंद्र पांडेय, तौकीर आलम, तबरेज आलम, तरुण श्रीवास्तव, इबारत अली, देवशील गौरव, शिवम श्रीवास्तव, उरफी बेगम, आरिफ अली साद आलम आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### थाना दिवस में ग्यारह शिकायतों में तीन का निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊ दरवाजा का थाना दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा , पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार,थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह एवम् प्रभारी कानूनगो अजीत दिवेदी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। थाना दिवस में कुल सात शिकायते आई जिसमे से दो शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया।सभी शिकायते राजस्व से संबंधित एवम् कब्जे सम्बन्धित वाली थी केवल एक शिकायत पुलिस से सम्बन्धित रही।जिलाधिकारी ने शेष शिकायतो को अन्य विभागों में निस्तारण हेतु भेजा। दूसरी ओर शहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में थाना दिवस हुआ उसमे चार शिकायते आई ।एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया ।जिसमे दो शिकायते अमेठी कोहना, एक शिकायत पुराना कोठा पार्चा एवम् एक शिकायत आई टी आई चौराहा की थी।सभी चौराहा की थी।सभी शिकायते राजस्व से सम्बन्धित थी एसभी शिकायतो के निस्तारण हेतु प्रभारी कानूनगो अजीत दिवेदी को टीम के साथ मौके पर भेजा गया। इस मौके पर एस एस आई भी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिये आठ नमूने

**गोंडा।** आगामी क्रिसमस और नववर्ष को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन ने जिलाधिकारी डा. उज्जवल कुमार के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी विनय कुमार सहाय तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद के कई स्थानों पर बेकरी उत्पादों में मिलावट पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने नगर पालिका क्षेत्र, सदर तहसील तथा तरबगंज तहसील क्षेत्र में बेकरी प्रतिष्ठानों तथा निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिलावट के संदेह में केक,पेस्ट्री, रस्क तथा बेकरी निर्माण में प्रयुक्त होने वाले खाद्य सामग्रियों के कुल 8 नमूने भरे गये। वहीं निर्माण में कमियां पाए जाने पर 2 बेकरी निर्माण प्रतिष्ठानों को सुधार हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। इस दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी युगल किशोर, जय प्रकाश, संतोष कुमार और राजेश कुमार उपस्थित रहे।

### लॉचिंग की घोषणा

लखनऊ। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज अपने अनूठे हेल्थ इंश्योरेंस राइडर श्रिस्पेक्ट सीनियर केयर राइडरश् के लॉन्च की घोषणा की। वृद्ध माता.पिता की देखभाल से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों को पूरा करना मुश्किल हो सकता हैय यह राइडर माता.पिता की जिम्मेदारी को सुचारू रूप से पूरा करने में मदद करता है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिएए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने बीमाधारकों को उनकी चिंताओं से निपटने में मदद करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर के एक व्यापक नेटवर्क के साथ करार किया है।एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने कहा, राइडर का उद्देश्य विशेष रूप से हमारे कस्टमर की स्वास्थ्य बीमा जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई सेवाओं के बुके के माध्यम से उनके जीवन को सरल बनाना है।

### धान क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**खागा (फतेहपुर)।** धान ऋय केन्द्र धाता का एसडीएम ने निरीक्षण किया। उन्होंने ऋय केन्द्र मे धान खरीद का व्योरा देखने के साथ साथ खरीदे हुए धान को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम मनीष कुमार शनिवार को धाता धान ऋय केन्द्र पहुंचे। वहा की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि आठ किसानों से चार बजे तक चार सौ कुंतल करीब धान खरीद हो चुकी है। बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए ऋय केंद्र गोदाम में धान रखा गया है। उन्होंने बताया कि धान ऋय केन्द्र मे ही इसके अतिरिक्त तिरपालो की व्यवस्था कराई गई। बताया कि ऋय केंद्र पर दो कांटे लगे हुए है ऋय केंद्र की क्षमता छः सौ कुंटल है। बताते चले कि धान ऋय केन्द्र मे किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाए इसके लिए एस डी एम द्वारा लगातार ऋय केन्द्र का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी किसानों को दिक्कत होती है, उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर तत्काल निस्तारण किया जा रहा है।

### प्रशासन ने पकड़ा 18 ओवरलोड ट्रक, 15 का चालान, तीन सीज

**खागा (फतेहपुर)।** तहसील क्षेत्र धड़ल्ले से चल रहे मोरंग से लदे ओवरलोड ट्रको के खिलाफ एआरटीओ प्रवर्तन टीम एवं राजस्व टीम ने अभियान चलाकर धरपकड़ की है। जिसमे 18 ओवर लोडिंग गाड़ियों का चालान किया गया और तीन ट्रको को सीज कर दिया गया। तहसील क्षेत्र मे लंबे समय से मोरंग की ओवरलोडिंग का खेल चल रहा है। एस डी एम आवास के सामने से धड़ल्ले से मोरंग से लदे वाहन फर्राटा भरते आ रहे है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी से यह खेल चलता आ रहा है। मगर शुक्रवार की रात राजस्व टीमो और एआरटीओ की संयुक्त टीमो ने अचानक अभियान चलाकर छापेमारी की। जिसमे 15 मोरंग से लदे ओवरलोड वाहन पकड़ लिए गये। जिनका चालान किया गया है। वहीं तीन गाड़ियों के ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से भाग निकले। ऐसी स्थिति मे प्रशासन ने तीन वाहनो को सीज कर दिया है। हालांकि मोरंग कारोबारी शनिवार को वाहनों को छुड़ाने के लिए सेटिंग मे लगे रहे लेकिन सफलता नही मिली। एस डी एम मनीष कुमार ने बताया कि 15 ओवरलोड वाहनो का चालान और तीन वाहनो को सीज किया गया है। सीज किए गये वाहनों को चालक मौके से छोड़कर भाग निकले है।

### चार बेकरियों से खाद्य विभाग की टीम ने भरे नमूने

**फतेहपुर।** क्रिसमस पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त व जिलाधिकारी श्रुति के निर्देशों के क्रम में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत टीम ने जनपद की चार बेकरियों में छापेमारी करके नमूने एकत्र करके प्रयोगशाला भेजे। व्यापारियों को चेताया गया कि मिलावटी खाद्य सामग्री न बेंचें। यदि मिलावट खोरी पकड़ी गई तो मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सचल दल ने शनिवार को थरियांव कस्बे में असोथर रोड स्थित शिवम बेकरी में छापेमारी व थरियांव कस्बे में ही कृष्णदीप बेकरी में छापेमारी कर पेस्टी का नमूना संग्रहित किया। शहर के तुराबअली का पुरवा स्थित मौर्या बेकरी से टीम ने क्रीम का नमूना लिया। वहीं खागा कस्बा स्थित हिंमाशू बेकरी से वेजटेबुल क्रीम का नमूना संग्रहित किया। संग्रहित विधिक नमूनों को जाँच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित कर दिया गया है।

### राजभाषा बनाने के प्रयासों से अवगत कराया

**लखनऊ।** राजस्थानी युवा समिति के राष्ट्रीय सलाहकर राजवीर सिंह चलकोई द्वारा राजस्थानी को राजभाषा बनाने के लिये हुए अब तक के प्रयासों और भविष्य की योजनाओ के बारे में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों को अवगत करवाया। चलकोई ने बताया ये अधिवेसन राजस्थानियों का महाकुंभ है और यहाँ पहुंचकर राजस्थानी की मान्यता हेतु हो रहे प्रयासों को और बल मिला उन्होंने बताया समिति के राष्ट्रीय सलाहकार एवं संरक्षक होने के नाते मुझे मारवाड़ी युवा मंच ने बुलाकर राजस्थानी पर बात करने का अवसर दिया यह मेरे और समिति के लिये गौरव का विषय है।

# ट्योंगा में आयोजित धार्मिक झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**विकास** खंड अमरौधा के ट्योंगा गांव में शुक्रवार रात एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंशिका आर्ट झांकी एंड जागरण ग्रुप की ओर से विशाल धार्मिक झांकियां निकाली गई। शामिल झांकियों में पूर्व ग्राम प्रधान ट्योंगा अजय कुमार ने भगवान गजानंद की झांकी की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कानपुर से आए कलाकारों के द्वारा गणेश वंदना की मनोहारी गायन प्रस्तुत किया गया। वहीं शंकर-पार्वती की झांकी दिखाई गई। कलाकार बजरंगी तिवारी और अंशिका ने सावन का महीना आया, गौरा भंग तो पीस दे गाने पर सुंदर नृत्य किया। बाबा भोले नाथ और अघोरियों का संघ की प्रस्तुति देखकर दर्शक ताली बजाने पर मजबूर हो गए। राधा कृष्ण की झांकी अवंतिका (मानसी) शिव, अन्नू,ने फगुन में ऐसी होली खेलेंगे, तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी, जुलम कर डालो सितम कर डालो, राधा रानी और बांके बिहारी जी के द्वारा ग्राम ट्योंगा को बरसाना बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को नाचने में मजबूर कर दिया। सुदामा जी की झांकी लाख चाहूं मगर बात बनती नहीं, क्या करू नाव भटकेगी मेरी पार लगती नहीं, क्या करू कैसे नैया होगी पार टूट गई पतवार ओ श्याम अब तू हाथ आके लगा जा सुदामा जी और कन्हैया जी का सुंदर सा मिलन देख कर दर्शकों के आंखो में आंसू आ गए। संचालक वैभव श्रीवास्तव , अवंतिका, कार्यक्रम आयोजक नंदराम निषाद, कलावती, पूजा, कैलाश, शैलेंद्र निषाद, प्रेम सिंह, रूबी देवी, प्रीति, सुशील, छोटे बाला जी, आर्यन बाबू, अभी निषाद, रविन्द्र निषाद, सुभाष चंद, लाखन, देव सिंह ,भूप सिंह, ज्ञान सिंह यादव भी मौजूद रहे।

# बेसिक साइंस के संस्कार पूर्ण उपयोग से ही समाज में खुशहाली व समृद्धि संभवः डा. पांडे

घाटमपुर। संवाददाता



**श्री शक्ति** डिग्री कॉलेज शाखाहारी घाटमपुर कानपुर नगर में चल रहे 15 दिवसीय कार्यक्रम बेसिक साइंस एजुकेशन से कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास के समापन पर मुख्य अतिथि एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाज सेवी डॉ रामकिशन गुप्ता ने कहा कि श्री शक्ति डिग्री कॉलेज द्वारा आयोजित या कार्यक्रम सभी के लिए अनुकरणीय है और इसे पूरे देश में आयोजित होना चाहिए डॉ रामकिशन गुप्ता ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने की मांग की उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के निष्कर्ष से विज्ञान शिक्षा को बेहतर बनाने के सुझाव को लागू करना अत्यंत आवश्यक है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश के संयोजक डॉ जय शंकर पांडे ने कहा कि बेसिक साइंस एजुकेशन के संस्कार पूर्ण उपयोग से ही समाज में खुशहाली एवं समृद्धि लाई जा सकती है उन्होंने शिक्षा के माध्यम से संस्कार पर भी जोर दिया डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष जी ने कहा कि हमें महाविद्यालय का वातावरण गुरुकुल जैसी व्यवस्था की याद दिलाता है जिसमें छात्र पूरे जीवन गुरु के माध्यम से प्रकृति को सीखता था इसी प्रकार शिक्षा विधि एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ मंजुल त्रिवेदी ने कहा कि हम ग्रामीणों की कृषि पद्धति में सुधार कर उनका विकास कर सकते हैं तथा बेसिक साइंस एजुकेशन के माध्यम से समाज से उच्च शिक्षा को जोड़ने का एक सराहनीय और सभी के लिए अनुकरणीय कार्य किया है कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रबंधक श्री विनय त्रिवेदी जी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने किया इस अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर तीन दिवसीय गणित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया प्राचार्य डॉ प्रभा कांत मिश्र ने वनस्पतियों के उपयोग से तमाम रोगों के बचाव के उपाय बताये लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी ने ग्राम वासियों को साइबर क्राइम से बचने से आगाह किया और तरीके बताएं इस कार्यक्रम में कई गांवों के प्रतिष्ठित कृषक भी उपस्थित रहे तथा महाविद्यालय के शिक्षक डॉ जय किशोर वर्मा डॉक्टर देवेश द्विवेदी श्री श्याम जी शुक्ला श्री रघुनंदन विद्यार्थी श्री गीतेंद्र शरण पांडे श्री शिव शरण वर्मा श्री सत्येंद्र कुमार अग्निहोत्री तथा सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एकजुट होकर समाज व संगठन को आगे बढ़ाएं

संवाददाता। फतेहपुर



**भारतीय** दोसर वैश्य महासमिति की बैठक में जहां एकजुटता पर बल दिया गया वहीं निर्णय लिया गया कि संगठन को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने के लिए वैश्य परिवारों से खुशी के अवसर पर ग्यारह सौ रूपये चंदा एकत्र किया जायेगा। संगठन की मासिक बैठक प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को आयोजित की जायेगी। एक लाज में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नारायण गुप्त ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी एकजुट होकर समाज व संगठन को आगे बढ़ाएं जिससे समाज मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हम सभी को संगठन के माध्यम से समाज के सबसे नीचे पायदान पर खड़े दोसर वैश्य परिवार को जोड़ना होगा सभी छोटे बड़े का भेदभाव समाप्त होगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि संगठन का छोटा से छोटा कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण होता है इसलिए संगठन में सभी पदाधिकारी एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में दोसर वैश्य बाहुल्य दोनों में कम से कम 4-4 कार्यकर्ता मनोनीत किए जाएं जिससे सूचना तंत्र मजबूत हो। किसी भी परिस्थिति में कम समय में क्षेत्रीय कार्यकर्ता के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। अतिथि के रूप में महिला इकाई की प्रदेश महामंत्री सुनीता गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि महिलाओं को भी संगठन से जोड़ा जाएगा जिससे मातृशक्ति की भी उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। बैठक का संचालन करते हुए जिला महामंत्री साजन गुप्ता ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर राजेंद्र गुप्ता, अशोक, आनंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, लवकुश गुप्त, मोहित गुप्त, अरुण गुप्त, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## फर्रूखाबाद में रेलवे की जमीन अवैध कब्जों से कराई गई मुक्त

**फर्रूखाबाद।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने कायमगंज.शमसाबाद स्टेशनों के मध्य आज शुक्रवार को रेलवे की जमीन पर करीब दर्जन भर ग्रामीणों के किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह जानकारी शुक्रवार को रेल सूत्रों ने देते हुये बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के कायमगंज.शमसाबाद रेलवे स्टेशनों के मध्य ग्राम नरसिंहपुर के सामने सम्पार.179 के पास रेलवे की जमीन पर ग्रामीणों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था। इधर रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण के मामले को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे फतेहगढ़ के सीनियर सेक्शन इंजीनियर कमलेश कुमार व फर्रूखाबाद आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार अपने दलबल के साथ आज शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे रेलवे की जमीन पर हुये अवैध अतिक्रमणस्थल पर पहुँचे। इसके बाद रेलवे प्रशासनिक अधिकारियों व आरपीएफ की टीम ने करीब एक दर्जन ग्रामीणों द्वारा झोपड़ियां डालकर गाय-भैंस आदि मवेशियों को बांधकर रेलवे की जमीन पर अवैध ढंग से अतिक्रमण करने वाले कब्जे को देर सायंकाल करीब 04:00 बजे बिना किसी विवाद पर हटवाया गया।

## एसपी और एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

संवाददाता। कानपुर देहात



**शनिवार** को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित किये गए। इनमें से भोगनीपुर कोतवाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक सुनीति ने जनता की शिकायतें सुनीं और उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। भोगनीपुर की उप जिलाधिकारी नीलमा यादव भी मौजूद रहीं

कोतवाली भोगनीपुर में राजस्व से संबंधित पांच शिकायतें पहुंची। मूसानगर में तीन शिकायतें मिली जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। जबकि सट्टी थाने में तीन शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं देवराहट थानें की दो शिकायतें मिली। लेकिन लेखपाल के न पहुंचने से शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाया। एसपी सुनीति ने बताया कि क्षेत्र के अन्य थाने में भी समाधान दिवस मनाया गया। जिसमें जनता से पुलिस विभाग एवं राजस्व संहिता अन्य विभागों की शिकायतों का कुशलता पूर्वक समाधान किया जाता है। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के सभी थानों में तहसील दिवस का आयोजन किया गया और संबंधित अधिकारियों ने शिकायतों को सुनते हुए जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मलखान सिंह, अश्विनी कुमार, अभिषेक भाटी, सपना यादव, कोतवाल अजय पाल सिंह, इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# उपभोक्ता खरीदीं गई वस्तुओं का विक्रेता से सेवा इनवॉइस बिल अवश्य लें: योगाचार्य श्रद्धानंद

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**आज 24** दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाते हुए शिव ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गोष्ठी आयोजित कर उपभोक्ताओं को आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 व्यापार संशोधन अधिनियम 2002 की जानकारी देते हुए योगाचार्य श्रद्धानंद ने बताया कि खरीददार क्रय करने वाली प्रत्येक वस्तु की खरीद एवं सेवा का इनवॉइस ध्बिल अवश्य ले ।क्योंकि इनवॉइस न लेने पर खरीदी गई वस्तु यदि अनुपयोगी अथवा अमानक हो तो उसका क्लेम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम में चिकित्सा सेवाएं भी शामिल है ।सभी खाद्य पदार्थों पर भी इसकी जानकारी होना अनिवार्य है ।जिससे कि उसमें मिलावट का पता चल सके और नकली वस्तुओं का कारोबार बंद हो सके। विस्तृत जानकारी के लिए शासन द्वारा सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उपभोक्ता मानक क्लव गठन करने का प्रावधान भी किया गया है। जिससे जनसाधारण को उपयोग में आने वाली वस्तुओं की सही जानकारी हो सके और उपभोक्ता इनका भी बिल प्राप्त कर आसानी से क्लेम कर सकें। इस अवसर पर विभिन्न फर्मों द्वारा बाजार में विक्रय करने के लिए उतारे गए देसी घी में सैचुरेटेड ट्रांसलेट; चर्बीद्ध मिलाकर बेचनेवालों का चार्ट प्रस्तुत कर जानकारी देते हुए बताया गया कि ऐसे कारोबारी देसी गाय घी के नाम पर अपने ब्रांड में 61 प्रतिशत से लेकर लगभग 70प्रतिशत तक चर्बी की मिलावट कर बेच रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक अमरनाथ शुक्ला तथा संतोष कुमार, सत्यदेव ,संजीव कुमार ,लोकेश कुमार, अर्चना पाठक ,प्रगति शुक्ला, अंशुल पाल ,गुंजन पाल, उमेश शुक्ला , ममता मिश्रा ,शिक्षकगण तथा सीनियर कक्षाओं के छात्र एवं स्थानीय संभ्रांत जन्म उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा आयोजित करेगा अटल भाषण प्रतियोगिता

## ● जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 को भाजपा कार्यालय में

## ● अटल जी की अविश्वसनीय वाक्यपटुता देश के लिए प्रेरणाः सुनील साहू

संवाददाता। फतेहपुर



**भारतीय** जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती अवसर पर जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता के बाबत पत्रकारों से रूबरू होते हुए युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि अटल डिबेटिंग क्लब में अटल भाषण प्रतियोगिता जिला स्तर पर आगामी 27 दिसंबर को भाजपा कार्यालय में की जाएगी। इसके उपरांत तीन विजेताओं की प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर पर तत्पश्चात प्रदेश स्तर में प्रतियोगिता का आयोजन कर 12 जनवरी 2023 को तीन विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। द्वेय नेता ने बताया कि 18 से 35 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। उम्मीदवारों का मूल्यांकन 50 अंकों के आधार पर किया जाएगा जिसमें विषय की समझ और विचार की स्पष्टता तथ्य व प्रस्तुतीकरण वाक कौशल नोबिलिटी ऑफ पॉइंट्स के मानदंड पर चयनित किया जाएगा। बताया कि चार विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिनके विषय नरेंद्र मोदी जी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देता है। भारत 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। समय की मांग मुफ्त खोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण। नरेंद्र मोदी की सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। बताया कि बोलने की अवधि तीन मिनट ही तय की गई है। आवंटित समय से अधिक बोलते हैं तो अंक के न्यायाधीश के विवेक पर काटे जाएंगे। प्रतिभागी हिंदी या अपनी क्षेत्रीय भाषा या अंग्रेजी में बोल सकते हैं। प्रतियोगिता के परिणाम के संबंध में निर्णायको का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। भाजपा नेता शिक्षाविद या उपयुक्त व्यक्ति शामिल रहेंगे। अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार के रुप में सहभागिता प्रमाण पत्र, भाजयुमो सुशासन यात्रा के लिए नामांकन, भाजयुमो उन्नत प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का अवसर, देश भर में भाजयुमो आयोजनों में बोलने का निमंत्रण, भाजयुमो द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा में बोलने का निमंत्रण, स्थानीय चुनाव प्रचार में बोलने का अवसर, अटल बैटिंग क्लब की सदस्यता से नवाजा जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा पुष्पराज पटेल, जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सावन गुप्ता, जिला मंत्री उदय प्रताप सिंह, राजवर्धन सिंह, रोहित अवस्थी, नगर अध्यक्ष किशन शुक्ला उत्तरी, नगर अध्यक्ष आयुष अग्रहरी, अनुभव शुक्ला, अभिषेक सैनी, रोहित शर्मा, नवनीत आदि मौजूद रहे।




## काम न करना धर्म

धर्म का पालन करके चलने वाले मंत्री जी किस्मत की खा रहे हैं। पिछली भागवा सरकार में इन मंत्री महोदय को खेतों की सिंचाई का कार्य मिला था जिसे बखूबी निभाने का प्रयास किया था। आरोप-प्रत्यारोप भी लगे जिनसे बचने का बहुत प्रयास किया फिर भी मंत्री पद चला गया। मंत्री पद हासिल करने के लिए जगह-जगह हाथ पैर मारते रहे लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जब दोबारा प्रदेश में भगवा सरकार आई तो इन महोदय की किस्मत फिर चमकी। इस बार इन्हें पशुधन व दूध की जिम्मेदारी दे दी गई। मंत्री जी इस बार बहुत सतर्क होकर चल रहे हैं। कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं। न कोई काम करेंगेए न कोई आरोप लगेगा। पशुओं को चारा मिले न मिले। किसानों को दूध का पैसा मिले या न मिले। इससे मंत्री जी को कोई मतलब नहीं है। बस मंत्री जी का मंत्री पद सुरक्षित रहना चाहिए। मंत्री जी यही उद्देश्य बना कर हाईकमान को साधे हुए हैं।



## किसने किया लीक

उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत खाकी महकमे की सशस्त्र विंग की एक वाहिनी के सहायक कमांडेट बखूबी निभा रहे हैं। अपनी गलती को सुधारने के बजाए उन्होंने सारा जोर 'भेदिये' को खोजने में लगा रखा है। उनके इस अड़ियल रवैये के चलते वाहिनी के जवान बुरी तरह आजिज हैं लेकिन अनुशासित फोर्स के सिपाही होने की वजह से विरोध भी नहीं कर पा रहे। दरअसल सहायक कमांडेट की कार्यप्रणाली पहले से ही विवादों में रही है। वह आए दिन उलूल-जुलूल फरमान जारी करते रहते हैं। इस बार तो उन्होंने हद ही कर दी। अनुशासन के नाम पर उन्होंने फरमान जारी कर दिया कि जवानों को अगर रिहायशी व गैर रिहायशी इलाकों में आते-जाते रास्ते में भी कोई अधिकारी दिख जाए तो उसे रुककर सलाम करें नहीं तो इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। उनका फरमान रूपी यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अखबारों की सुर्खियां भी बन गया जिसके बाद से वह बुरी तरह तिलमिला गए हैं। वह अपने फरमान को गलत मानने के बजाए उसे सही मंशा से किया आदेश बताते हैं। उन्होंने अपनी वाहिनी में ऐलान कर दिया है कि वह उस भेदिये को पाताल से भी खोजकर निकालेंगे जिसने उनके पत्र को लीक किया। अचम्भित करने वाली बात तो यह है कि सहायक कमांडेंट की इस कार्यप्रणाली पर उन्हें फटकराने के बजाए कमांडेंट भी उनके ही पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने भी अपने स्तर से जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

## नटवरलालों की भरमार

साहब नगर निगम में सुविधाएं और व्यवस्थाओं को लाने में जुटे हैं वहीं कुछ नटवरलालों के चलते साहब की परेशानियों का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वच्छता मिशन में सफाई के मुद्दे पर आने वाले दिनों में मैन पावर की समस्याएं बड़े स्तर पर होंगी जिस पर विभाग की लालफीताशाही मौन बैठी है। विभाग द्वारा एक कदम नौकरी की ओर बढ़ाने का प्रयास भी किया जाता है तो भ्रष्टाचार का भूत चढ़ बैठता है। हाल में दो दर्जन से अधिक नियुक्तियों में घोर लापरवाही का खुलासा हुआ है। इनमें नौकरी को पक्की करने वाले अफसरान और बाबुओं की कारगुजारी सामने निकल कर आयी हैं। बकायदा पूर्व छोटे साहब द्वारा गड़बड़ किये जाने के आरोप हैं। इसमें शासन से लेकर विभाग तक अधिकारियों का नाम शामिल है। कोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी आनन-फानन में नौकरी दे दी गयी। यहां तक उचित अनुचित का बिना संज्ञान किये नौकरी दे दी गयी हालांकि बड़े साहब ने जांच शुरू करने के आदेश दे दिए हैं। जल्दी जांच रिपोर्ट सबके सामने होगी। हालांकि मामला यही शांत नहीं हुआ बल्कि 45 कर्मचारियों की प्रोन्नति पर सवाल खड़े कर दिए गए हैं। ऐसे में बड़े साहब की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं।

## कहां गया प्रोटोकॉल

सूबे में निवेश के नाम पर विदेशी उद्योगपतियों को निमंत्रण देने विदेश गये सरकार के दर्जन भर मंत्री व ब्यूरोक्रेट्स खुद कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना भूल गये हैं हालांकि अभी स्थिति यहां वैसी नहीं है। लेकिन भारत सरकार के दिशा निर्देश के क्रम में जारी अलर्ट के बावजूद न तो किसी ने कोई टेस्ट कराया है और न ही प्रोटोकॉल का पालन किया है जबकि प्रोटोकॉल के अनुसार विदेश से लौटने वालों को एक सप्ताह तक घर में क्वारंटीन रहने का निर्देश है। स्थिति यह है कि सरकारी बैठकों से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी जारी है। चाहे वह मंत्री हो या ब्यूरोक्रेट्स। अब ऐसे में कहीं कोई गड़बड़ी आई तो फिर ट्विटर पर यही ट्रेंड करेगा कि पिछले तीन से चार दिनों में मेरे सम्पर्क में आने वाले लोग कृपया अपनी जांच करा लें। फिलहाल जिस प्रोटोकॉल की बात हो रही है उसे देख कर यही लगता है कि यह जनता के लिए है न कि मंत्री व ब्यूरोक्रेसी के लिए। यदि ऐसा नहीं रहता तो प्रोटोकॉल तो कोई भूलने वाली चीज नहीं है।



## चुनावी लड़ासे

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारी कर रखी है। जो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं उन्होंने बैनर पोस्टर और पंपलेट भी छपवा लिए हैं लेकिन कोर्ट में तारीख पर तारीख तारीख पर तारीख ही आ रही है जबकि फैसला अभी नहीं आया है। ऐसे में सत्ता पक्ष और विपक्ष के संभावित प्रत्याशियों का जोश इस ठंड में और ठंडा होता जा रहा है। उन्हें मायूसी लग रही है। कहीं ऐसा न हो चुनाव अप्रैल तक के लिए टल जाए और उन्होंने जो तैयारी कर रखी है चुनाव लड़ने की वह कहीं बेकार न हो जाए इसीलिए रह रह के प्रत्याशियों में जो छटपटाहट हो रही है चुनाव लड़ने की वह निराश बेचैन भी कर रही है। प्रत्याशी सिंबल पाने के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली दरबार तक चक्कर लगाकर आ गए हैं। सभी लोगों को आश्वासन मिल रहा है लेकिन अभी तक किसी को टिकट नहीं मिला है। जाहिर है जब तक चुनाव की डुगडुगी नहीं बजेगी तब तक सिर्फ आश्वासन ही मिलेगा। प्रत्याशियों को इस बात की उम्मीद थी कि आरक्षण की आपत्ति दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही चुनाव की अधिसूचना भी लागू हो जाएगी लेकिन अभी ऐसा नहीं हुआ है। निकाय चुनाव में आरक्षण की स्थिति को लेकर फंसा पेज अभी तक सुलझा नहीं है। ऐसे में सत्ता पक्ष और विपक्ष के चुनाव लड़ैया सभी बेचैन और हताश हैं।

# प्रदेश के 10 शहरों से जल्द शुरू होंगी हवाई सेवाएं: मुख्यमंत्री

● यूपी शीघ्र बन जाएगा पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य

## लखनऊ में आज से शुरू होगी अकासा एयर की सेवाएं, अफसरों ने सीएम को दिया पहला बोर्डिंग पास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से अकासा एयर की सेवाएं प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। लखनऊ से अकासा एयर की पहली उड़ान शुरू होने की पूर्व संध्या पर एयरलाइंस के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पहला बोर्डिंग पास प्रदान कर उनका का अभिवादन किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकसभा में 5 बार लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया। उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार से लखनऊ से मुंबई और बेंगलुरु के लिए नई हवाई सेवा प्रारंभ हो रही है। यह हम सभी के लिए हर्षदायक है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई उड़ान योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान का सपना देखा था उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं। एयर अकासा के अधिकारियों से वायुयान के मॉडल, रूट, ईंधन, किराया आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु-लखनऊ-मुंबई रूट के लिए अकासा एयर अपनी वायुसेवा शुरू कर रही है। इसे वाराणसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। यह रूट सर्वाधिक यात्रियों वाला है। यह उत्तर प्रदेशवासियों और अकासा एयर दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की गति को तेज करने में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान है। इस लिहाज से प्रदेश में एक्सप्रेस वे का निर्माण और अधिकाधिक शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। हवाई सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए प्रदेश सरकार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफइंडिया का सहयोग भी ले रही है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यतः लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे। तब 4 एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी, आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और 10 पर काम जारी है। आज प्रदेश से 75 गंतव्यों तक वायुसेवा की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले गोरखपुर से दिल्ली तक केवल एक फ्लाइट थी। आज 14 उड़ानें हैं और मैं जब पूछता हूँ तो पता लगता है कि सभी भरकर आती हैं और भरकर ही जाती हैं इसने गोरखपुर के विकास को नई गति दी है। योगी ने कहा कि राज्य सरकार 10 नए एयरपोर्ट का निर्माण करा रही है। अलीगढ़, आज़मगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, चित्रकूट, श्रावस्ती और सोनभद्र जैसे क्षेत्रों में हवाई सेवा की शुरूआत होने जा रही है। कुछ समय पहले तक यह कल्पनातीत था। चित्रकूट में तो बहुत ऊंचाई पर हवाई अड्डा बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अतिशीघ्र 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला राज्य बनने जा रहा है। वर्तमान में वाराणसी, कुशीनगर और लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्रियाशील हैं जबकि जेवर और अयोध्या में एयरपोर्ट का निर्माण जारी है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। अकासा एयर को इसका लाभ मिलेगा। एयर अकासा के अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी अथवा कुशीनगर से काठमांडू के लिए वायुसेवा शुरू की जानी चाहिए। यहां से बौद्ध देशों के लिए भी हवाई उड़ान की सेवाओं की मांग है। अकासा एयर को इस संबंध में भी विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी, अच्छी वायुसेवा देना शासन का दायित्व है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। वायुसेवा सामान्य कनेक्टिविटी सुविधा भर नहीं हैए बल्कि पर्यटन संवर्धन को भी गति देने में उपयोगी हैं।

### उड़ानों का समय

**आकासा** एयर सेवा की फ्लाइट बेंगलुरू से सुबह 7.40 उड़कर लखनऊ सुबह सवा दस बजे पहुंचेगी, लखनऊ से फ्लाइट सुबह 11 बजे उड़ेगी जो कि मुंबई दोपहर 1.05 पर पहुंचेगी, मुंबई से फ्लाइट दोपहर 1.50 से उड़कर लखनऊ दोपहर 3.50 पर पहुंचेगी और लखनऊ से शाम 4.30 उड़कर बेंगलुरू शाम 7.05 पर पहुंचेगी।

# भाजपा सरकार लगातार किसानों को धोखा दे रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लगातार किसानों को धोखा दे रही है। भाजपा पिछले आठ सालों से किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा करती है। पहले कहा गया कि 2022 तक किसानों की आय दुगनी कर देंगे, अब किसानों की आय दुगनी करने के लिए फ्रांस की सरकार से समझौता हो रहा है। सरकार ने अब किसानों को छलने का नया शिगूफा तैयार किया है। बढ़ती मंहगाई, डीजल, पेट्रोल की बढ़ी कीमतों, खाद, बीज, कीटनाशक आदि अन्य कृषि उपयोगी वस्तुओं के बढ़ते दामों से किसानों की आय कैसे दुगनी होगी, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2022 समाप्ति पर है तब भाजपा का यह कहना कि किसानों की आय दोगुनी करने की भावी योजना पर विचार मंथन चल रहा है, यह तब और



हास्यास्पद हो जाता है जब अब कहा जा रहा है कि यह विदेशी मदद से ही संभव हो सकेगा।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार जानती है कि किसान उसके झूठ में अब नहीं आने वाला है। किसान भाजपा की चालबाजियों को समझने लगा है तो सरकार नया सपना दिखाने में जुट गई है। सरकार अब कह रही है कि उसने किसानों की आय दुगना करने के लिए फ्रांस की इनोटेरा एजी फर्म के साथ एमओयू साइन किया है। यह भाजपा सरकार का किसानों के साथ एक और झांसा है। उन्होंने कहा कि कैसी विडम्बना है कि 80 करोड़ लोगों को अनाज बांटने का ढिंढ़ोरा पीटने वाली भाजपा सरकार अन्न उत्पादक किसान के साथ धोखे पर धोखा करने में नहीं हिचक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जबसे बनी है किसानों के दुर्दिन शुरू हो गए हैं। कर्जमाफी के नाम पर उन्हें बहकाया गयाए सम्माननिधि देकर जबरन वसूली शुरू कर दी गई, बिजली बिल माफी का सपना दिखाकर वोट बटोरे गए पर कोई रियायत नहीं दी गई, उसको मुफ्त सिंचाई की सुविधा भी नहीं मिली। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। किसान की आय दुगनी करने में भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। अखिलेश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार खेती किसानी पर बड़ी.बड़ी बातें करती है पर जो, धरती मां हम सबका पेट भरती है, और जो किसान फसल उगाकर भाजपा सरकार को परोपकारी बनने का मौका देता है। उसी किसान को छलने की नई.नई तरकीबें भाजपा सरकार खोजती रहती है। लेकिन उसका यह धोखाधड़ी का तौर.तरीका जनता खूब अच्छी तरह जान गई है। अब वह उसके झांसे में आगे नहीं आने वाली है।

### अखिलेश ने क्रिसमस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने क्रिसमस पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि प्रभु यीशु के जन्म को पूरे विश्व में उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने मानवता को शांति, प्रेम तथा करुणा का संदेश दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों के लिए भी क्षमा मांगी थी। आज दुनिया में युद्ध और संघर्ष की आशंकाओं के बीच यीशु की शिक्षाएं शांति और सौहार्द का संसार बना सकती हैं।

# शहीदों के परिजनों को 50-50 लाख, परिवार के एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी

● शहीद सैनिकों के नाम पर उनके जिले की एक सड़क का नामकरण करने की भी घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सिक्किम में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सेना के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने मुजफ्फरनगर निवासी सेना के जवान लोकेश कुमार, उन्नाव निवासी सेना के जवान श्याम सिंह यादव, एटा निवासी सेना के जवान भूपेन्द्र सिंह तथा ललितपुर निवासी सेना के जवान चरन सिंह के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहीद सैनिकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने इन शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा शहीदों के नाम पर उनके जनपद की एक सड़क का नामकरण करने की भी घोषणा की है। सीएम ने शहीद सैनिकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीद सैनिकों का अन्तिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। शहीद सैनिकों के अन्तिम संस्कार में राज्य सरकार के मंत्रीगण सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि देंगे।

## वन रैंक वन पेंशन के रिवीजन पर सीएम ने पीएम का जताया आभार

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से वन रैंक, वन पेंशन के तहत रक्षा बलों के कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन में रिवीजन को मंजूरी मिल गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे अभिनंदनीय बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से 25 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। मोदी कैबिनेट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए वन रैंक वन पेंशन योजना को रिवाइज कर दिया है। पहले इस योजना में 20.60 लाख पेंशनरों को लाभ मिलता था लेकिन अब रिवीजन के बाद 25 लाख लोगों को फायदा होगा जिसमें ओआरओपी का लाभ परिवार पेंशनधारकों के साथ युद्ध में शहीद होने वाले जवानों की विधवाओं एवं दिव्यांग पेंशनधारकों को भी मिलेगा।

## सीएम ने क्रिसमस पर दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिल जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए क्रिसमस मनाने की अपील की है।

# बसों में कोविड सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए: दयाशंकर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोविड-19 के नए वेरिएंट बीएफ- 7 के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए निगम की बसों में कोविड सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। जिससे कि लोगों के जीवन की सुरक्षा की जा सके। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया है कि उक्त निर्देशों के अनुपालन में सभी क्षेत्रीयध्सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि कोविड 19 के दृष्टिगत बसों और बस स्टेशनों पर सावधानी बरतने और यात्रियों को मास्क का प्रयोग करने हेतु बसों में स्टीकर, बस स्टेशनों पर फ्लेक्स बोर्ड, पोस्टर एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से घोषणा के द्वारा जागरूक करने की कार्रवाई अभियान चलाकर शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

# जनता की सेवा करना लोक सेवक का परम कर्तव्य





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रहमानखेड़ा** स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में मुख्य सचिव ने कृषि विभाग में नवनियुक्त एवं प्रशिक्षणाधीन तकनीकी सहायकों को संबोधित किया। मुख्य सचिव ने तकनीकी सहायकों से अपने कार्य एवं दायित्वों का निवर्हन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने का आवाहन किया।

उन्होंने कहा कि आप सभी प्रतियोगितात्मक परीक्षा को सफलतापूर्वक पास करके यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आप सभी लोक सेवक हैं जनता की सेवा करना आपका परम कर्तव्य है। उप्र सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए पूर्ण योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश बदल रहा है। उत्तर प्रदेश में कृषि का क्षेत्र पूरी तरह से टेक्नोलॉजी को आत्मसात् कर चुका है। सभी कृषि क्षेत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। डिजिटाइजेशन के माध्यम से हर एक खेत को आसानी से देखा जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया जाए। पानी के दोहन की बचत के लिए किसानों को शिक्षित किया जाये तथा किसानों को ड्रिप सिंचाई के लाभ के बारे में बताया जाए। इसके साथ ही किसानों को उत्पादन और रिटर्न बढ़ाने के लिए उपलब्ध उन्नत किस्मों और तकनीकों के बारे में जागरूक किया जाए। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग को कम करके उन्हें प्राकृतिक खेती में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश नौ कृषि-जलवायु क्षेत्रों के अन्तर्गत आता है। ग्रामीण आबादी विशेष रूप से कृषक समुदाय को फसल उत्पादन में सुधार और प्रति इकाई क्षेत्र में आर्थिक लाभ के लिए उपलब्ध नवीनतम तकनीकों और सेवाओं के बारे में जागरूक करके उन्हें सक्षम बनाने की अपार संभावना को देखते हुएए नवनियुक्त प्राविधिक सहायक, वर्ग-1 को कौशल उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

# यूपी में उत्सव के रूप में मनेगी अटल की जयंती

● प्रदेशभर में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती रविवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस दौरान योगी सरकार की ओर से प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जहां अटल की स्मृति में उनकी लिखी कविताओं का पाठ कविजन करेंगे वहीं संस्कृति विभाग की ओर से लोकभवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अटल की स्मृति में उनके जीवन पर एक लघु नाटिका का मंचन भी किया जाएगा। इसके अलावा आगरा के बटेश्वर बाह में संस्कृति विभाग की ओर से अटल गीत गंगा कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें सुधीर नारायण, आर्ची, श्रेया, देशदीप एवं रिंकू पूर्व प्रधानमंत्री की लिखी कविताओं का गायन करेंगे। वहीं बलरामपुर में भी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। अटल की स्मृति में शनिवार से योगी सरकार ने संकल्प अटल हर घर जल जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ महानगर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुलंदशहर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कानपुर महानगर बृजेश पाठक लखनऊ तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह लखनऊ में संगोष्ठियों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही जिला स्तर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश सरकार के मंत्री, राज्यसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य सहित पार्टी के जिला प्रभारी व अन्य वरिष्ठ नेता संगोष्ठियों में सुशासन का मंत्र लेकर पहुंचेगें।

# थीम आधारित डायनमिक फसाड लाइटिंग से जगमग होगा लोकभवन

● सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री आज करेंगे लाइटिंग का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सुशासन के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर लोकभवन पर डायमेनिक फसाड लाइटिंग का शुभारंभ करेंगे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में एक ओर जहां कविवर अटल की ओजस्वी वाणी से पूरा लोकभवन परिसर गूंजेगा वहीं मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वय सहित अनेक गणमान्य जन अटल जी के व्यक्तित्व-कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धासुमन भी अर्पित करेंगे। विशेष कार्यक्रम में हरिहरन और जगजीत सिंह के कर्णप्रिय स्वर में अटल जी की कविताएं भी गुंजित होंगी। कार्यक्रम में 250 से अधिक बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है।

इससे पहले इसी वर्ष अगस्त माह में मुख्यमंत्री ने विधानभवन पर डायनमिक फसाड लाइटिंग की शुरुआत की थी। तब से यह भवन लखनऊ में लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। हर दिन शाम को बड़ी संख्या में लोग विधानभवन की सुंदरता निहारने आते हैं। विधानभवन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि जल्द ही लोकभवन को भी फसाड लाइटिंग से सुसज्जित किया जाएगा। लोकभवन को डायमेमिक फसाड लाइटिंग से सजाने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इसके औपचारिक शुभारंभ के बाद हर दिन यह खास इमारत एक नई रंगत के साथ देखने को मिलेगी। सामान्य दिनों के अलावा महिला दिवस, किसान दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि विशिष्ट अवसरों पर यहां थीम आधारित लाइटिंग भवन को और अधिक दर्शनीय बनाने वाली होती हैं। इस मोहक प्रकाश व्यवस्था से लखनऊ की सुंदरता में और इजाफा होगा, पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



# समाधान दिवस में पहुंचे युवक-युवती ने रचाई शादी, क्षेत्र में हो रही चर्चा

- उपनिरीक्षक ने बर्तन देकर नव विवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद
- मछरेहटा थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे थे युवक-युवती
- भारासैनी माता मंदिर में पुलिस ने कराई युवक-युवती की शादी




संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**वैसे तो** समाधान दिवस में पीड़ित अपनी फरियाद लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के सामने गुहार लगाते दिखाई देते हैए लेकिन सीतापुर के एक थाने में आयोजित समाधान दिवस में युवक.युवती सात जन्मों के बंधन में बंध गए। मछरेहटा शनिवार को थाना मछरेहटा में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम कालूपुर सड़िला निवासी अनूप कुमार पुत्र कल्लू व आदिलपुर की लक्ष्मी पुत्री राकेश कुमार पहुंचे थे। बता दें कि एक वर्ष पूर्व युवक.युवती की सगाई तय हुई थीए लेकिन आपसी मतभेद के चलते अनूप कुमार ने शादी से इनकार कर दिया थाए जिसको लेकर लक्ष्मी ने मछरेहटा थाने में थाना दिवस पर एक लिखित तहरीर भी दी थी जिसके बाद एसएसआई अनिल तिवारी ने दोनो पक्षों के परिजनों को थाने पर बुलाकर समाधान कराते हुए दोनो के परिजनों को शादी के लिए राजी किया। इसके बाद परिजनों की सहमति से कस्बे के भारासैनी मंदिर माता मंदिर में अनूप कुमार व लक्ष्मी ने हिन्दू रीति रिवाज से शादी रचाई। एसएसआई अनिल कुमार ने थाना परिसर में वर वधू को 5 बर्तन देकर आर्शीवाद दिया। अनूप और लक्ष्मी की शादी के चर्चे पूरे क्षेत्र में है।

## एलपीएस में आर्ट क्राफ्ट व विज्ञान प्रदर्शनी लगी

संवाददाता। सीतापुर

**शहर के** नवीनचौक स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में आयोजित आर्ट क्राफ्ट व विज्ञान प्रदर्शनी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का षुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ अक्षत वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर रंगोलीए ब्राइडल मेकअपए नेल आर्ट आदि प्रतियोगिताएं छात्राओं के लिए आयोजित की गई। नन्हे.मुन्ने बच्चों के लिए रैंप वाक व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अभिभावकों के लिए अंताक्षरी प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता के सभी विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा देश की एकता सांस्कृतिक विरासत एवं विज्ञान की प्रगति को दर्शाते हुए उत्कृष्ट मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभी छात्र छात्राएं शिक्षक गण व अभिभावक मौजूद रहे।

## सिंडीकेट पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल

**सीतापुर।** सीतापुर के सिंडीकेट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का षानदार प्रदर्षन किया। बच्चों ने सिंगिंगए डांसिंग कम्पटीषन में हिस्सा लेकर अतिथियों को खुष कियाए साथ ही अभिभावको ने भी खूब तालियां बजाई। इस कार्यक्रम में प्री प्राइमरी क्लास के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर षमीना षफीक ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे बहुत ही होषियार हैए हर कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है उनके इसी हौंसले से वह एक दिन वह सब कुछ पा लेते है। कार्यक्रम में प्रिस्पिंल अमन षफीकए कोआर्डिनेटर सोनालीए भावनाए लकीए प्रतीक्षाए पिवांगीए खुषीए मैनेजमेंट आफिस षालिनी सहित तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे। नन्हें.मुन्हें बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर मैनेजिंग डायरेक्टर षमीना षफीक ने भी बच्चों की प्रस्तुति देखकर जमकर तारीफकी।

## क्विक न्यूज

### शिक्षक एमएलसी ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट

**सीतापुर।** श्री लालजी सिंह महाविद्यालय मोहरैया परसेंडी में शिक्षक एमएलसी लखनऊ खण्ड उमेश द्विवेदी ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन बांटे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन का निःशुल्क वितरण योगी सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। अब विद्यार्थी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। नवीन व ज्ञानपरक जानकारियां उनकी मुट्ठी में होंगी। विद्यार्थी इसका सही उपयोग करके अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें यही कामना है। इससे पहले सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज बिसवां में वार्षिकोत्सव व अजीम मेमोरियल डिग्री कालेज बिसवां में शिक्षकों से सम्पर्क भी किया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रधानाचार्य महासभा सोम दीक्षितए प्रदेश संगठन मंत्री शिक्षक महासभा दिनेश सिंहए जिला अध्यक्ष पंकज पाडेयए महामंत्री बेचेलाल भार्गवए जिलाउपाध्यक्ष भाजपा नैमिष रत्न तिवारीए जिलाउपाध्यक्ष भाजपा शुधाकर शुक्लाए जिला महामंत्री संजय अवस्थीए ब्लाक अध्यक्ष नीरज शुक्लाए प्रबंधक अरुण बाजपेयीए प्रधानाचार्य राकेश शुक्लाए अल्पना अवस्थीए आदि उपस्थित रहे।

### फहद फारुकी को उद्यान विभाग ने किया सम्मानित



**सीतापुर।** खैराबाद क्षेत्र के निवासी मो फहद फारुकी को उद्यान विभाग के ओर से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान किसान दिवस पर प्रदान किया गया। हालांकि सम्मान प्रदान करने के समय फहद फारूकी कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरुए एम एल सी पवन सिंह चौहान एवं डीएम अनुज सिंह ने उनके छोटे भाई साद फारुकी को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक ड्राइवर की मौत

**बरेली।** ट्रक ड्राइवर बेहोशी हालत में बहेड़ी क्षेत्र में पड़ा मिला पुलिस ने गंभीर हालत में बहेड़ी सीएचसी में भर्ती कराया हालत गम्भीर होने के कारण बरेली के जिला अस्पताल को रेफर कर दिया एम्बुलेंस बरेली जिला अस्पताल लेकर पहुची डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ट्रक ड्राइवर जिला शाहजहांपुर गांव गुलोली का रहने वाला है।मृतक के भाई आकाश ने बताया उसका भाई ट्रक ड्राइवर था एक महीने से घर नहीं आया तो वर्तमान में सितारगंज में रह रहा था । शाम को सूचना मिली आपका भाई अंकित बेहोश हालत में बहेड़ी मैं मिला है उसे बहेड़ी के सीएससी में भर्ती कराया गया है । जब 25 बर्षीय आकाश सीएचसी बहेड़ी पहुंचा तब तक सीएचसी के डॉक्टर ने हालत गंभीर होने के कारण अंकित को बरेली के जिला अस्पताल को रेफर कर दिया एंबुलेंस से बरेली के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अंकित का भाई जब अस्पताल पहुंचा तब तक अंकित की मौत हो चुकी थी। आकाश ने बताया अंकित को किसी ने जहरीला पदार्थ दे दिया है जिसके कारण उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। अंकित की शादी नहीं हुई थी।

### अंतर महाविद्यालय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन



**बरेली।** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालयों मे अंतर महाविद्यालय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा, मुख्य अतिथि मनोज मंगल तथा विशिष्ठ अतिथि आनंत गोयल तथा वरिष्ठ शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ मुख्य अतिथि मनोज मंगल तथा विशिष्ठ अतिथि अनंत गोयल के द्वारा ट्रायल मैच के द्वारा किया गया। प्राचार्या प्रो अनुपमा मेहरोत्रा तथा कार्यक्रम संयोजिका डॉ प्रीति वर्मा ने प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी।प्रतियोगिता में चार महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया जिसमे जी एफकॉलेज शाहजहाँपुर, ए एम पी कॉलेज शाहजहाँपुर, गोकुल दास डिग्री कॉलेज मुरादाबाद तथा साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली रहे। ट्रायल के आधार पर पाँच रैंकरस के नाम अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता नॉर्थ जोन के लिए चुने गए जिसमें कुनिका वर्मा प्रथम, अक्षिता द्वितीय,गीता तृतीय, प्रीति यादव चतुर्थ तथा लता पांचवे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में टी टी एक्सपर्ट के रूप में प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा, श्री अमित सक्सेना ,टी टी एसोसिएशन, सदस्य बरेली को नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन में संयोजिका डॉ प्रीति वर्मा सहित डॉ आकांक्षा रस्तोगी, डॉ प्रीति सिंह, डॉ श्वेता मौर्या, डॉ प्रियंका वर्मा, डॉ प्रतिमा सिंह, डॉ महिमा यादव, श्रीमती अफरोज, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ रीना टंडन, डॉ लक्ष्मी, डॉ अंजू मिश्रा, डॉ दिव्या पांडे आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की समस्त वरिष्ठ शिक्षिकाओं ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया

### जिला जज व जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की देर शाम को जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी संजीव सुमन ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीके सिंहए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चिंताराम मौजूद रहे। जिला जजए डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरकए पाकशालाए अस्पतालए आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, जेलर पंकज सिंहए डिप्टी जेलर सुनील कुमारए अजय कुमार सिंहए राजेंद्र कुमारीए डॉ. दीपांकर रावत व चिकित्सक डॉण् सुनील मौजूद रहे।

## धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस का त्यौहार

संवाददाता। बरेली

**रामपुर** बाग स्थित प्रिटी पैटल्स स्कूल परिसर में क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक एवं धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें प्ले ग्रूप की ऐरीना खान द्वारा अभी तो पार्टी शुरू हुई है पर प्रस्तुत नित्य ने मौजूदा अध्यापिकाएँ व बच्चों का मन मोह लिया । संगीत अध्यापक के निर्देशन ज्वाय टू द वर्ल्ड एवं ईसा मसीह तेरे जैसा कोई नहीं गीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया । नृत्य शिक्षिका नेहा खान द्वारा तैयार कराया नृत्य भी बेहतरीन था । लघुनाटक श्बॉक्सेज ऑफ इमोशन्सश् कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कला अध्यापिका चारू रस्तोगी को सेंटा के परिधानों में देख छात्र रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शिरोज खान भी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक समारोह उत्सव

संवाददाता। बरेली



**माधवराव सिंधिया** पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक समारोह उत्सवम् धूमधाम पूर्वक से मनाया गया। इस सांस्कृतिक समारोह की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुश्री इशिता गांगुली तथा विशिष्ट अतिथि अंकुर सक्सेना अध्यक्ष, अभिभावक संघ थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रबन्धक डा. सौरभ कुमार अग्रवाल व प्रधानाचार्या डा. प्रियंका सरकार ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। तत्पश्चात छात्र - छात्राओं ने शिव ताडंव, ष्दुर्गा पूजा, ष्रामायण चौपाई व क्रिसमस डाँस आदि के प्रस्तुतिकरण द्वारा भारत विभिन्नता में एकता का संदेश देते हुए सभी का मन मोह लिया। साथ ही संता के प्रवेश ने वातावरण को आनन्दमय कर दिया। मुख्य अतिथि महोदया ने उन सभी बच्चों को प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया जिन्होंने वर्ष भर विद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इसके पश्चात् उन्होने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अभिनय के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं के विषय में बताया।इस अवसर पर प्रबन्धक महोदय डा. सौरभ कुमार अग्रवाल ने मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उनके जोश और उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की व उनको शुभाशीष दिया । उच्चस्तरीय शिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए उन्होंने विद्यालय प्रबन्धन की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक सौरभ कुमार अग्रवाल, निदेशिका चंदना अग्रवाल ने अतिथिगण को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सरकार उपप्रधानाचार्या सुश्री फरहा दिवा हक, तथा समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

## डीएम के साथ निर्वाचक-नामावलियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बंध में हुई बैठक

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**अपर आयुक्त** लखनऊ मण्डल लखनऊ रोल प्रेक्षक रणविजय यादव ने लोक निर्माण विभाग में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी तहसीलों में लिंग अनुपात की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन तहसीलों में लिंग अनुपात कम है वहां पर कालेजोंए अस्पतालोंए महिला चिकित्सालयों आदि में समन्वय स्थापित करते हुये लिंग अनुपात बढ़ाया जाये। उन्होंने मतदाता अनुपात के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देशित किया कि जहां पर मतदाता अनुपात कम है वहां पर स्वयं निरीक्षण करते हुये मतदाता अनुपात को बढ़ाया जाये। पुनरीक्षण कार्यक्रम में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनका स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते हुये उसका सत्यापन करें। उपजिलाधिकारी अपने बीएलओ के साथ बैठक भी निरन्तर करते रहें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी नाम मतदाता सूची से हटाये जा रहे है उनकी पीछे नोटिस जरूर संलग्न हो तथा जो भी आपत्तियां आ रही हैं उसका सत्यापन कर निस्तारण किया जाये। बैठक के दौरान एडीएम राम भरत तिवारीए नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंहए सभी उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एएसपी ने सुनी समस्याएं

**लखीमपुर खीरी।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के संग थाना खीरी व थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

थाना समाधान दिवस थाना खीरी में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इस मौके पर नायब तहसीलदार अतुलसेन सिंह मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन थाना कोतवाली सदर पहुंचेए जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। इस दौरान तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे।

## निर्मल गंगा जन अभियान के तहत श्रद्धालुओं को किया जागरूक

- युवाओं ने नदी को प्रदूषित न करने हेतु किया प्रेरित, गायत्री परिवार के निर्मल गंगा जन अभियान के तहत युवाओं ने दिया सन्देश

**लखीमपुर खीरी।** कल प्रातः श्री वेद माता गायत्री युवा मण्डल होलागढ़ के युवा युग सृजेता समारोह श्रावस्ती से प्रशिक्षण में ऊर्जा एवं संकल्प लेकर आये 12 सदस्यीय युवा टीम द्वारा अमावस्या के अवसर पर गायत्री परिवार के निर्मल गंगा जन अभियान के तहत रमनगरा घाट पर जन जागरूकता अभियान चलाकर स्नान करने आये श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप लोग जो सामग्री नदी में डालते हैं उससे सरयू नदी प्रदूषित होती है। आप सब यह सामग्री हम युवाओं को दें हमारे यहां कचड़ा रिसाइकल प्लांट लगा है, और हम यह वही पर पहुंचा देंगे और इससे नदी प्रदूषित होने से बचेगी और हमे पुण्य की प्राप्ति, आशीर्वाद मिलेगा। इस कार्य को देखकर श्रद्धालुओं ने गायत्री परिवार के इस अभियान की सराहना की और युवाओं का बढ़ कर सहयोग किया। इस अभियान में युग सृजेता श्रवण कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा, आदित्य गुप्ता, गुलशन कुमार अजय कुमार, प्रदीप कुमार, रंजीत वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, लल्लन बिहारी वर्मा, राम सिंह जायसवाल, सुमित वर्मा वीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ श्री वेद माता गायत्री युवा मण्डल होलागढ़ के सयोजक श्रवण कुमार वर्मा एवम काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद है।

## पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक के इज्जतनगर आगमन पर नरमू ने दिया 12 सूत्री ज्ञापन

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ( सी.वी.रमण) के प्रथम बार इज्जतनगर मंडल आगमन पर एन.ई.रेलवे मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी के नेतृत्व में उनसे मिला तथा मोमेंटो एवं बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत और अभिनंदन किया। तत्पश्चात केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने कर्मचारियों की कुछ ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं तथा मांगों से संबंधित एक 12 सूत्री ज्ञापन भी महाप्रबंधक को सौंपा जिसपर महाप्रबंधक ने तुरंत कार्यवाही किये जाने का यूनियन को आश्वासन दिया। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बीएन सिंह, मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मलिक, कार्यकारी अध्यक्ष रईस अहमद, संयुक्त मण्डल मंत्री रईस अहमद, जगवीर यादव, रोहित सिंह, वर्कशाप मंडल मंत्री राम किशोर, मंडल अध्यक्ष परवेज अहमद, युनुस, जितेंद्र एवं मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन इत्यादि उपस्थित थे।

## नगर पालिका मोहम्मदी को मिला स्वच्छता में प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

**मोहम्मदी खीरी।** अधिशासी अधिकारी ने कहा नगर की जनताए चेयरमैन और सफाई दूतो का रहा विशेष योगदानए जिले के अधिकारियों का भी मिला पूर्ण सहयोगएनगर पालिका मोहम्मदी

- 30 दिसंबर को अधिशासी अधिकारी पीएम दीक्षित को लखनऊ निदेशालय में किया जाएगा सम्मानित

मे शाशन से चलाऐ गये 75 घंटे 75 जिला स्वच्छता अभियान में नगर पालिका परिषद मोहन जी को तीसरा स्थान मिला है जिसमें नगर पालिका के कर्मचारी फूले नहीं समा रहे हैं नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने कहा की इस सफलता में नगर वासियों सहित नगर पालिका के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान मिला है इसीलिए मोहम्मदी को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ सभी बधाई के पात्र है।

## पेज एक का शेष

### मोदी नहीं...

समर्थन के लिए लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि राजस्थान में उनके अनुरोध के बाद लोगों ने देश भर में प्यार फैलाने के लिए मोहब्बत की लाखों दुकानें खोली हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य भारत को एकजुट करना है। वस्तुओं की बढ़ती कीमतें, बेरोजगारी, सांप्रदायिक घृणा और हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए वह निकले हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा में कुत्ता, गाय, सुअर, भैंस भी आए, लेकिन किसी ने उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया। रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सरकार पर कोविड के नए डर के बहाने यात्रा को बाधित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा भारत जोड़ो यात्रा से डर गई है, इसलिए कोविड का बहाना बना रही है। कहीं कोई कोविड नहीं है। किसी को कुछ नहीं हुआ है। पीएम मोदी खुद मास्क नहीं पहनते हैं। यह सब लोगों में डर पैदा करने और इस यात्रा को बाधित करने के लिए किया जा रहा है। इससे पहले, अपनी यात्रा के दिल्ली में प्रवेश करने पर दिल्ली की सीमा पर सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने संघ और भाजपा पर देश में डर फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि वे इस डर को नफरत में बदल रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। वे नफरत फैलाते हैं, हम प्यार फैलाते हैं और सभी भारतीयों को गले लगाते हैं। उन्होंने बदरपुर बॉर्डर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में हिंदुस्तान और मोहब्बत देखने को मिलेगी। इसमें किसी जाति, पंथ, धर्म, अमीर या गरीब को नहीं देखा जाता। सभी एक-दूसरे को गले लगाते हैं। जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था कि नफरत के इस बाजार में हम समाज में प्यार की दुकान खोलेंगे। हर भारतीय को प्यार फैलाने की एक छोटी सी दुकान खोलनी चाहिए।

### यात्रा में...

उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव एवं पूर्व सांसद रमेश कुमार को जगह दी गई थी, वहीं हरियाणा से उदयभान के साथ वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद थे। यहां करीब 15 मिनट के कार्यक्रम में राहुल गांधी ने यहां अपने भाषण में देशवासियों से नफरत की राजनीति को नकारने और सद्भावना को महत्व देने पर जोर दिया, तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में यात्रा की सफलता का जिक्र किया और आगे दिल्ली में इसकी कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कड़ाके की ठंड यानी 5.4 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी राहुल गांधी सफेद हाफ टी-शर्ट पहने थे। यात्रा के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने पुष्प वर्षा की एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे और शांति का प्रतीक कबूतर उड़ाकर राहुल गांधी का स्वागत किया। दिल्ली में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह चाय स्टाल के स्टॉल लगे थे। राह चलते लोग अपनी गाड़ियां रोककर राहुल गांधी को उत्सुकता से देख रहे थे। कुछ लोगों ने डिवाइडर की रैलिंग से दूसरी ओर हाथ बढ़ाया तो राहुल गांधी ने रुक कर उनसे हाथ मिलाया। सरिता विहार में अपोलो अस्पताल के पास पीछे से आई एक एम्बुलेंस को देख राहुल गांधी ने यात्रा को रोकने का इशारा किया और स्वयं भी किनारे हो गए और एम्बुलेंस को रास्ता दिया। आश्रम में दो घंटे विश्राम के दौरान राहुल गांधी ने जयराम आश्रम में मत्था टेका, वहीं जब यात्रा यहां से दोबारा आगे बढ़ी तो निजामुद्दीन दरगाह पर चादर चढ़ाने के लिए रुके। यहां चादर चढ़ाकर उन्होंने देश में अमन और तरक्की की दुआ मांगी। जब यात्रा इंडिया गेट सर्किल पर पहुंची तो खूब धूप खिली थी और उसी तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चेहरे भी चमक रहे थे। यहां हजारों की संख्या में लोग राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए खड़े थे। आगे बढ़ते हुए आईटीओ पर पारंपरिक लोक कलाकारों ने ढोल बजाकर और नृत्य कर राहुल की अगवानी की। राहुल की यात्रा इसी तरह बहादुरशाह जफर मार्ग से दरियागंज होते हुए लालकिले तक पहुंची।

### पांच देशों...

यात्रियों समेत विदेशी यात्रियों का नमूना परीक्षण शुरू किया गया है। कोरोना वायरस की स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन और अन्य देशों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए बृहस्पतिवार को लापरवाही के प्रति आगाह करते हुए कड़ी निगरानी का आह्वान किया था। उन्होंने निर्देश दिया था कि फिलहाल जारी निगरानी उपायों को, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर लागू उपायों को मजबूत किया जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय पहले ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय से कह चुका है कि वह शनिवार से प्रत्एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान से भारत आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत की हवाई अड्डों पर कोविड जांच सुनिश्चित करे, ताकि देश में कोरोना वायरस के किसी भी नए स्वरूप की दस्तक के खतरे को कम किया जा सके।

### ऑक्सीजन सप्लाई...

स्थिति में रहना और उनकी देखरेख की जानी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हालांकि, देश में संक्रमण के मामलों की संख्या अभी कम है। अगनानी ने कहा कि महामारी से निपटने के लिए मेडिकल ऑक्सीजन एक महत्वपूर्ण संसाधन है, खासतौर पर महामारी के दौरान और मरीजों की जान बचाने के लिए निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति की जरूरत है। पत्र में, अधिकारी ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवाप्रधान सचिव, सचिव(स्वास्थ्य) को संबद्ध विभागों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि पीएसए संयंत्र को पूर्ण रूप से चालू हालत में रखा जाए और उनकी जांच के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल की जाए। राज्यों से वेंटिलेटर सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि ऑक्सीजन से जुड़ी समस्याओं एवं चुनौतियों के शीघ्र समाधान के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑक्सीजन नियंत्रण कक्ष को भी फिर सक्रिय किया जाए।

### राजस्थान शिक्षक...

गुप्त सूचना पर पुलिस टीमों ने शनिवार आज सुबह बेकरिया थाना क्षेत्र में एक बस को रोका। उन्होंने कहा कि बस में यात्रा कर रहे परीक्षार्थियों के पास परीक्षा का पेपर था। शर्मा ने कहा कि एक नाके पर संदिग्ध बस को रोका गया और जांच की गई। 37 परीक्षार्थी लीक हुए पेपर के साथ पाए गए और विशेषज्ञों और निरीक्षकों सहित सात अन्य उपकरणों के साथ मिले। ए सभी जालोर जिले के रहने वाले हैं उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि इस षड्यंत्र के मास्टरमाइंड ने पेपर उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। उदयपुर पुलिस ने पिछले दिनों तीन ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया था जो इस परीक्षा में बतौर डमी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने वाले थे और ए सभी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। मुख्यमंत्री ने पेपर लीक होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार इसमें शामिल परीक्षार्थियों सहित सभी के खिलाफ सख्त कार्वाई करेगी। गहलोत ने इस बारे में पूछे जाने पर यहां संवाददाताओं से कहा, पेपर लीक होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कई राज्यों में पेपर लीक होने लगे हैं। बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। राजस्थान वह पहला राज्य है देश में जिसने ऐसे लोगों को जेल में डाल रखा है। उन्होंने कहा, आज भी, यह हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई होगी। हमने हाल ही विधानसभा में एक कानून पारित किया है जिसके तहत ऐसे लोगों को सख्त सजा मिलेगी जरूरत पड़ी तो और कड़ा कानून बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, दुर्भाग्य से कई ऐसे गिरोह बन गए हैं जो बच्चों को गुमराह करते हैं। जो बच्चे (परीक्षार्थी) इसमें शामिल पाए जाएंगे उनके खिलाफ भी कार्वाई होगी जिससे भविष्य में बच्चे इस तरह के काम में शामिल नहीं हों...पढ़ाई कर पास हों और नौकरी में जाएं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधे जाने पर गहलोत ने कहा, राजस्थान के अलावा भी कई राज्यों में पर्चे लीक हो रहे हैं लेकिन वहां कार्वाई नहीं होती। राजस्थान वह राज्य है जहां कार्वाई भी होती है। पर्चे लीक भी हुए तो कार्वाई भी हुई लोग अभी तक जेलों में बैठे हैं। आज के मामले में हमने सख्त कार्वाई करते हुए लोगों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने भी कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षाओं को स्वच्छ एवं निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए तत्पर है एवं इसी के चलते निरंतर ऐसे नकल गिरोहों को पकड़ा जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि नकल करने का प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों को निषेध (डिबार) करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को लिखा जा रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस मुद्दे को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने कहा, आज फिर माध्यमिक शिक्षा सेकंड ग्रेड की परीक्षा का पेपर लीक हो गया है, क्या कारण है बार बार पेपर इन गैंग की पास चला जाता है।

# जनप्रतिनिधियों को किसी भी तरह भ्रमित न किया जाये: डीएम

● समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न जनप्रतिनिधियों ने बतायी अपनी पीड़ा

संवाददाता। हमीरपुर



बैठक में भाग लेते अधिकारी व जनप्रतिनिधि पायनियर

विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकताओं को त्वरित गति प्रदान किए जाने के उद्देश्य से जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की मौजूदगी में समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार की सूचना, जानकारी मांगने पर तत्काल दी जाए । जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार से भ्रमित करने का प्रयास न किया जाए ।

राठ विधायक ने कहा कि नहरों का रोस्टर बनाकर उनका से संचालन कियाजाए, इसमे लेट लतीफी न हो। ग्राम सचिवालय में निर्धारित समय में संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी तथा रोस्टर के अनुसार अन्य अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से बैठे तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिवालय में संबंधित कर्मचारी नियमित रूप से बैठ रहे हैं अथवा नहीं इसकी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि पाइप पेयजल योजनाओं की छोटी मोटी कमियों को दूर कर पूर्ण क्षमता पर क्रियाशील किया जाए ताकि पेयजल की कहीं भी समस्या ना होने पाए। जनपद की डीएपी व यूरिया खाद के प्रकरण पर जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी प्राप्त की गई जिस पर कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद की उपलब्धता पर्याप्त रूप में है कल शाम को नई रैक आ जाएगी जिसका वितरण 26 दिसंबर को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समितियों में उनकी डिमांड के अनुसार खाद आवंटित कर उसे अच्छे ढंग से वितरण कराया जाए । जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रकरण उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि कुराना में मगही नाला तथा भरुआ में साहू नाला की साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी ढंग से नियमित रूप से कारवाई किया जाए ।

## तीन शिकायतों में दो का निस्तारण

**मौदहा ( हमीरपुर )।** स्थानीय कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुए थाना दिवस में शनिवार को सिर्फ तीन शिकायतें आईं, जिसमें मौके पर एक शिकायत का निस्तारण करते हुए दो शिकायतें लंबित कर दी गईं। नगर के कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुए थाना दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने की। जिसमें कुल मिलाकर तीन शिकायतकर्ताओं ने अपनी परेशानियों से स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान पुलिस विभाग से संबंधित दो शिकायतें दर्ज की गई तो वहीं एक शिकायत राजस्व विभाग से सम्बंधित रही। फ्लिहाल शिकायतों का समय रहते निस्तारण न होने सेसे सम्बंधित रही। फ्लिहाल शिकायतों का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी छाई रहती है जिसका जीता जागता उदाहरण शनिवार को सम्पन्न हुए थाना दिवस में देखने को मिला है। इस दौरान कोतवाली में क्षेत्राधिकारी घनश्याम सिंह तथा कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

## ज्वैलरी की दुकान से तीन लाख के आभूषण चोरी

● सीओ सदर ने मौके पर जाकर की जांच पड़ताल

संवाददाता। हमीरपुर



**शुक्रवार रात** ललपुरा क्षेत्र के पौथिया गांव में एक सर्राफकी दुकान के शटर का ताला व लाकर काटकर बदमाश करीब डेढ़ किलो चांदी व ढाई तोला सोने के आभूषण और दस हजार रुपये नगद ले गए। साथ ही बेतवा नदी की तरफनाले में अलमारी और गहनों के खाली डिब्बे फेंक भाग निकले। पीड़ित ने इस मामले में करीब तीन लाख गहने व रुपये चोरी जाने की तहरीर थाना ललपुरा में दी है।

गांव में दयाराम का पुत्र आलोक कुमार गुप्ता की ज्वैलर्स की दुकान से लाकर तोड़कर रैक में रखे चांदी व सोने के आभूषण व अलमारी सहित दस हजार रुपये नगद बदमाश ले गए। सराफ व्यापारी आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार रात सभी लोग खाना खाने के बाद अंदर सो गए थे, सुबह सबसे पहले बगल में रह रहे चाचा आत्माराम जागे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा है। तब उन्होंने उन लोगों को जगाया। देखा तो दुकान का सामना बिखरा पड़ा था। इस पर घटना की सूचना थाना ललपुरा पुलिस को दी। सुचना के करीब डेढ़ घंटे बाद हल्का इंचार्ज घटना स्थल पर पहुंचे और खानापूरी कर चले गए। इसके बाद सुबह करीब दस बजे थाना प्रभारी प्रह्लाद सिंह व सीओ सदर राजेश कमल अपने साथ फॉरेंसिक व डाग स्क्वायड को लेकर आए। उधर सुबह कुछ लोग बेतवा नदी किनारे शौचक्रिया करने गए तब देखा कि खेत किनारे नाले में एक अलमारी और बिखरा सामान पड़ा है। फॉरेंसिक और डाग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल में जुटी है। सीओ राजेश कमल का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

## क्विक न्यूज़

### बिच्छू के डंक से किसान बेहोश,अस्तपाल में भर्ती

**मौदहा ( हमीरपुर)।** खेत में पानी लगा रहे किसान बिच्छू के डंक मारने से किसान बेहोश गया। आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मवईया जिला ग्योंड़ी निवासी कल्लू 50 वर्ष पुत्र रूज्जा खेत में पानी लगा रहा था पानी लगाते समय बिच्छू ने किसान को डंक मार दिया डंक मारने पर बेहोशी हालत में आनन फानन परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत में सुधार हालत में आनन फानन परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### भरपूर मनोरंजन की तैयारी

**लखनऊ।** साल 2022 के खत्म होने में बस थोड़े ही दिन बचे हैं! ऐसे में एण्डटीवी अपने दर्शकों के लिए 2023 की रोमांचक शुरूआत के वादे साथ बीते महीनों को याद कर रहा है। इस साल शोज में हुई कई नई एंट्रीज! नए शो के प्रीमियर, त्यौहारों के समारोहों, विभिन्न अभियानों और विशेष दिनों पर होने वाले आयोजनों ने वाकई में इस साल को बेहतरीन बनाया और चैनल के लिए मनोरंजन के स्तर को एक नये मुकाम पर पहुँचा दिया।

### डाक्टर शाहिद अली को सौंपी गयी भारत जोड़ो यात्रा की कमान

**मौदहा (हमीरपुर)।** भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेसियों का चयन हो रहा है जिसके सिलसिले में हमीरपुर जिला अध्यक्ष हिमांशु सैनी ने मौदहा में आकर बैठक की जिसमें क्षेत्र से पन्द्रह कार्यकर्ताओं का चयन हुआ जिसकी पूरी जिम्मेदारी डॉक्टर शाहिद अली को सौंपी गई जिसमें मुख्य रुप से पीसीसी सदस्य शफाकत लल्ला राजू अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव तबीब खान अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद जाकिर उर्फबब्बन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहजादा चिश्ती गांधी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष इमामुद्दीन उर्फलाला चश्मा वाले विधानसभा अध्यक्ष आरिफखान आदि मौजूद रहे।

### कारीगरों को सशक्त बनाता है ब्रांड

**लखनऊ।** उपभोक्ताओं के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति जागरूक होने के साथय स्थायी फैशन तेजी से कर्षण प्राप्त कर रहा है। रीयूजए रिड्यूस और रीसायकल के तीन आर को जीना और सांस लेनाए अलीशा मेंडोलिया ने मुल्या क्रिएशन की स्थापना की।मुल्या अपने उत्पादों को स्थायी रूप से रंगने के लिए इस्तेमाल किए गए और छोड़े गए फूलों और फलों के छिलकों के साथ काम करता है। मुल्या क्रिएशन की सह.संस्थापक अलीशा मेनडोलिया ने कहाए ष्हम पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल कपड़े बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारा यूरेका मोमेंट साल 2019 में हुआ जब मूल्य क्रिएशन अस्तित्व में आया। तब से हम मूल्य के उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, युवा उद्यमी ने कहा।

### कोविड के बढ़ते केसों के मद्देनजर राजकीय मेडिकल कॉलेज चौकन्ना

**उरई (जालौन)।** कोविड के बढ़ते केसों के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन उरई द्वारा वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल लिया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर द्विजेंद्र नाथ ने बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज किसी तरह की आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आक्सीजन प्लांट में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन का उत्पादन हो रहा है। कोविड को ध्यान में रखते हुए सभी निर्देश दिए गए है कि मास्क को पहने व दूरी बनाकर रखें। सभी वार्डों में सेनिटाइजर रखवा दिए गए है व दूरी के लिए मार्किंग करवा दी गई है। मरीजों का हाल लेते समय प्रधानाचार्य द्वारा मेडिकल कालेज द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा गया जिसपर उनका उत्तर संतोष जनक मिला। इस मौके पर स्त्री रोग विभाग ,अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल दी जा रही सुविधाओं, दवा, ऑपरेशन सुविधा, आईसीयू , सफाई, पौष्टिक भोजन चिकित्सकों, कार्मिकों की उपस्थिति इत्यादि का जायजा लिया गया व मरीजों से फीडबैक लिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर द्विजेंद्र नाथ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण अहिरवार, डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह व मेट्रन सुमन व अन्य टीम साथ मौजूद रही।

### फरियादियों को समस्या समाधान के लिये भटकना न पड़े: डीएम

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस कालपी में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आए हर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलता तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समय अवधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित लेखपाल भी अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें आमजन की शिकायतों में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत न करें यह सुनिश्चित रहे।

### पुलिस ने शराब के साथ चार को पकड़ा

**उरई (जालौन)।** एसपी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब की धरपकड़ के अभियान के दौरान पुलिस ने 4 लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया। एसपी रवि कुमार के निर्देशन में जालौन कोतवाली के उपनिरीक्षक कल्लू प्रसाद ने कस्बे में दबिश डाल दी। जहां से घेराबंदी कर मोहम्मद तालिब पुत्र मोहम्मद नईम निवासी मोहल्ला चुर्खी वाल को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 देशी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। वही उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने कस्बे में छापा मारकर पप्पू पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। आटा थाना के उप निरीक्षक अनिल कुमार ने आटा के ग्राम जरुआ में छापा मार दिया। जहां से भानु प्रताप पुत्र राम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 28 शराब क्वार्टर बरामद हुए। वही कदौरा पुलिस ने ग्राम बबीना में छापामारी मार दिया। जहां से नमिता पत्नी अमित कबूतरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से उन्होंने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### जल्द ही खुल जायेगी पुलिस चौकी

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव में पुलिस चौकी के निर्माण के लिए राजस्व विभाग द्वारा जगह की नाप की गई।जल्द चौकी का निर्माण प्रारंभ हो जायेगा। थाना प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्र के पतारा गांव में चौकी लगभग पांच वर्ष से अधिक समय से सन्चालित है।यह वर्तमान में ग्राम सचिवालय में सन्चालित हो रही है।

## गौआश्रय स्थलों में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर हुआ मंथन



**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती दीपा रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण हेतु गौआश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं में गौसंरक्षण हेतु आवश्यक चारा, पेयजल तथा टीकाकरण एवं सर्दी से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका/नगर पंचायत तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशो के लिए भूसे के साथ हरे चारे की व्यवस्था एवं सभी गौवंशों का टीकाकरण कराये जाने तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर0जगत सांई, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने धान खरीद केन्द्रों का किया निरीक्षण



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह ने आज मण्डी स्थित धान खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विपणन शाखा के राजकीय धान क्रय केन्द्र में निरीक्षण करते हुए केन्द्र प्रभारी पंकज कुमार से अब तक की गयी धान की खरीद के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि सभी किसानों का धान खरीद की जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की धान की खरीद में परेशानी नही होनी पाये। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से क्रय केन्द्र पर धान खरीद हेतु धान क्रय रजिस्टर, टोकेन रिसीविंग रजिस्टर तथा निरीक्षण रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों को चेक किया। धान क्रय केन्द्र प्रभारी ने बताया कि 6312.40 कु0 धान की खरीद की गयी है तथा 5560 कु0 धान केन्द्र से डिस्पैच किया गया है। उन्होंने धान खरीद हेतु किसानों को ऑन लाइन जारी किये जा रहे सिक्स आर फार्मेट को चेक किया।

इसके उपरान्त उन्होंने भारतीय खाद निगम के धान खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान वीर सिंह के धान की खरीद होती हुई पायी गयी। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से धान खरीद हेतु की जा रही प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए अब तक की गयी खरीद के सम्बन्ध में जानकारी करने पर केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि 1468 कु0 खरीद की गयी है। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित किसानों से वार्ता करते हुए जानकारी प्राप्त की कि धान खरीद में किसी प्रकार की समस्या तो नही है तथा पल्लेदारी का कार्य कर रहे मजदूरों से उनको दिये जाने वाले पारिश्रमिक के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्रतिदिन 300 रू0 के हिसाब से मजदूरी दी जाती है। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि केन्द्र में आने वाले किसानों का धान क्रय रजिस्टर में नाम, मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें साथ ही टोकेन रजिस्टर अपडेट रखने के शख्त निर्देश दिये।

## सुशासन सप्ताह: डीएम एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्या

**राजापुर( चित्रकूट )।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने थाना राजापुर में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस तथा अन्य जनसुनवाई में मिली समस्याओं को शासन की मंशानुसार हल करायें। शासन स्तर से समस्याओं का निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि चबकन्दी के मामले मौके पर जाकर निस्तारित करें। सुनवाई के दौरान 14 फरियादियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपे हैं। जिसमें दो शिकायती प्रार्थना पत्रों में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रिपोर्ट दर्ज कर निस्तारित किया गया।

## टावर से चोरी नौ बैटरियों समेत अन्तर्राज्जीय चोर दबोचे



पत्रकारों को चोरों के बारे में जानकारी देती एसपी पायनियर

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मानिकपुर थानाध्यक्ष ने 27-28 नवम्बर की रात ऊंचाडीह इंडस टावर में हुई बैटरी चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोरों को एक पिकअप वाहन व नौ बैटरी व तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागृह में बताया कि 27-28 नवम्बर की रात मानिकपुर थाने के ऊंचाडीह इंडस टावर से अज्ञात चोर 68 बैटरी चुरा ले गये थे। टावर के सुपरवाइजर सत्यपाल सिंह पुत्र रामकैलाश सिंह निवासी हिरनी थाना घाटमपुर कानपुर की तहरीर पर मामला दर्जकर आज संतोष कोल पुत्र शिवलखन कोल ग्राम सोनाडाबर थाना डभौरा जिला रीवां मप्र व अमित साहू पुत्र बृजबिहारी साहू निवासी सुरवल चन्देल नारीबारी थाना शंकरगढ जिला प्रयागराज को एक पिकअप यूपी 70जेटी- 2775 समेत एक झोले में रखे चोरी करने के उपकरण समेत चमरौंहा गांव से दबोचा है। जामा तलाशी में संतोष कोल के कब्जे से एक तमंचा व दो कारतूस तथा अमित साहू ने पूंछताछ में बताया कि पांच अन्य साथियों के साथ इंडस टावर से 68 बैटरी चोरी कर पिकअप में ले गये थे। 60 बैटरी उसके पिता बृजबिहारी साहू पुत्र कृष्णानन्द साहू भी उनके साथ चोरी करते हैं और चोरी का माल खरीदते-बेंचते हैं। गिरोह के सरगना जयनिवास उर्फलाला गुप्ता पुत्र स्व बद्रीप्रसाद निवासी चिल्ला थाना सुहागी जिला रीवां मप्र की सहमति से कानपुर में बेंचा था। बंटवारे में मिले पैसे को खर्च कर दिया है। दबोचे संतोष कोल की निशानदेही पर झलमल चौराहा ऊंचाडीह में दो बोरियों में रखी चार बैटरी व अमित साहू की निशानदेही पर उसके घर से पांच बैटरी बरामद की हैं। बरामद नौ बैटरियों में आठ बैटरी इंडस टावर से चोरी की गई हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्जकर जेल भेजा जा रहा है। संतोष कोल का मिर्जापुर, प्रयागराज, रीवां, चित्रकूट आदि जिलों में खासा आपराधिक इतिहास है। उस पर विभिन्न मामलों के 13 मामले दर्ज हैं।

## एडी बेसिक के औचक निरीक्षण में परिषदीय विद्यालयों की खुली पोल

**उरई( जालौन )।** शनिवार को सहायक शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला के औचक निरीक्षण में जिले के परिषदीय विद्यालयों के संचालन की पोल खोलकर रख दी है। यह स्थिति तब है जब जिले में बीएसए से लेकर विकास खंड स्तर पर खंड शिक्षाधिकारी, संकुल, एआरपी आदि की पदस्थापना रहती है। इसके बाद भी यदि परिषदीय विद्यालयों का संचालन ठीक तरीके से नहीं हो पा रहा है इसमें किसे दोषी माना जाये यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका जबाब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ही दे पायेंगे। जिस तरह से एडी बेसिक के निरीक्षण में परिषदीय विद्यालयों की जमीनी हकीकत सामने आयी है वह वास्तव में चौंकाने वाली कही जा सकती है।एडी बेसिक अरुण शुक्ला द्वारा सबसे पहले बीआरसी नदीगांव का निरीक्षण किया गया जिसकी स्थिति बहुत खराब पाई गई है वहां पर कोई भी अभिलेख नहीं पाये गये, शौचालय व प्रशिक्षण कक्ष की स्थिति बहुत खराब मिली। देखने पर ऐसा प्रतीत हुआ कि बीआरसी द्वारा कंपोजिट फंड का कोई उपयोग नहीं किया गया है और सारा धन डकार लिया गया है। इस संबंध में बीईओ नदीगांव सुनील राजपूत से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है। बीआरसी नादीगांव के जूनियर विद्यालय में 120 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 20 छात्र ही उपस्थित मिले। इसके अलावा भी नदीगांव कोंच विकासखंड के जितने भी परिषदीय विद्यालयों में एडी बेसिक औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां पर समस्याओं का पिटारा खुला मिला।

**कंपोजिट विद्यालय चंदुर्रा में 164 में से तीन छात्र मिले:** उरई। कोंच ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय चंदुर्रा में सिर्फ एक अध्यापक उपस्थित मिले जबकि सहायक अध्यापक आशीष कुमार, नंदन तिवारी, आलोक कुमार अनुपस्थित मिले और अनुदेशक अभिषेक श्रीवास्तव व साधना वर्मा अनुपस्थित मिली। यहां पर 164 छात्रों का पंजीयन है जबकि सिर्फ 3 उपस्थित मिले। सभी अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है व सभी के वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिये गये है ।

**घुसिया विद्यालय में 6 शिक्षक अनुपस्थित मिले, छात्र मिले नदारद:** उरई। कंपोजिट विद्यालय घुसिया में 6 शिक्षक अनुपस्थित थे जिनके नाम क्रमश: मनोज अवस्थी, अंचल कुशवाहा, रजनी चतुर्वेदी, दयाशंकर प्रजापति, सौकत जहां एवं मिथलेश कुमारी। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार एवं शिक्षक देवेंद्र कुमार उपस्थित थे जबकि विद्यालय में 160 छात्रों के सापेक्ष 0 छात्र उपस्थित थे। इस संबंध में सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है व अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोका गया है। कंपोजिट विद्यालय बाउली में निरीक्षण के दौरान सब सही पाया गया जबकि एक शिकायत मिली है कि वहां तैनात अनुदेशक जाते नही है।

## श्रद्धेय व्यक्ति पर भरोसा जीवन में दिलाएगा सफलता: दीक्षित

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि अगर आपके जीवन में कोई श्रद्धेय व्यक्ति है तो उस पर आंख बंद करके भरोसा करिए। वह आपको जीवन में हर प्रकार से सफलता दिलाएगा। शनिवार को श्रीजी होटल में श्रीमद्भागवत अष्टदश ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन नवलेश दीक्षित ने कहा कि श्रद्धा से ही भगवान की प्राप्ति होती है। जब आप भगवान या श्रद्धेय व्यक्ति पर पूर्ण श्रद्धा रखते हैं तो सभी काम अपने आप बनने लगते हैं। उन्होंने इस बात का उदाहरण इंद्र के कुपित होकर वर्षा वृष्टि कराने से देते हुए कहा कि उन्होंने जब श्रीकृष्ण ने गोर्वधन की पूजा का प्रारंभ कराया तो इंद्र कुपित हो उठे और उन्होंने 12 मेघों को आदेश दिया कि सम्पूर्ण बृजमंडल में तीव्र वर्षा करें, मेघों ने ऐसा ही किया तो बृज मंडल के लोगों ने श्रीकृष्ण पर भरोसा किया और प्रभु ने उन्हें गोर्वधन के नीचे ही सुरक्षित कर देवराज का दर्प चूर किया। चित्रकूट की महिमा का गुणगान करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि वृन्दावन में तो श्रीकृष्ण ने केवल एक रास किया है। जबकि चित्रकूट की धरती पर श्रीराम ने सैकड़ों की संख्या में महारास किए हैं। वहां पर केवल निधि वन है। जबकि चित्रकूटधाम में प्रमोद वन, आमोद वन, श्रृंगार वट आदि कई स्थल है। स्फटिक शिला पर तो भगवान ने स्वयं मां सीता का श्रृंगार किया है। साधकों की हार्दिक इच्छा श्री कामदगिरि हनुमत चरण, मंदाकिनी को तीर। ये तीनों छूटे नहिं जब तक रहै शरीर को बताया।

### होगा हाई वोल्टेज ड्रामा

**लखनऊ।** क्रिसमस वीक के दौरानए एण्डटीवी के दर्शकों को दूसरी मां, हप्पू की उलटन पलटन और ।बीजी घर पर हैं में जबर्दस्त ड्रामा देखने को मिलेगा। एण्डटीवी के दूसरी मां की कहानी के बारे में कृष्णा ने बताया, अशोक (मोहित डागा), यशोदा (नेहा जोशी) और बच्चों को बताता है कि कृष्णा ;आयुध भानुशालीद्ध ने मौखिक परीक्षा पास कर ली हैए लेकिन उसके क्रिमिनल रिकॉर्ड की वजह से स्कूल प्रशासन ने एडमिशन देने से मना कर दिया है। कृष्णाए यशोदा और अशोक बहुत निराश हो जाते हैं। यशोदा और अशोक यह पता लगाने का फैसला करते हैं कि आखिर किसने कृष्णा के अतीत का राज खोला है। अशोक और यशोदा एक प्लान बनाते हैं और दोषी का पता लगाते हैं।

## सदर विधायक ने सिकरी राजा में सैकड़ा भर ग्रामीणों को बांटे कम्बल

● सुशासन सप्ताह में गांव में चौपाल लगा सुनी समस्यायें

संवाददाता। जालौन (उरई)



सिकरीराजा में ग्रामीणों को कंबल वितरित करते सदर विधायक गौरीशंकर पायनियर

**प्रदेश सरकार** सभी वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। यह बात सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने क्षेत्रीय ग्राम सिकरीराजा में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित जनचौपाल में कही। इस दौरान एक सैंकड़ा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए।

सुशासन सप्ताह के तहत गांव सिकरी राजा में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा की अध्यक्षता एवं एसडीएम सना अख्तर की उपस्थिति में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रख रही है। जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को मिल रहा है। यदि किसी को कोई शिकायत हो या लाभ न मिल रहा हो उन्हें जानकारी दें। वह पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कहा कि इस समय सर्दी का मौसम चल रहा है। इस मौसम में सबसे अधिक परेशान निर्धन व बेसहारा व्यक्ति होते हैं। उनके लिए सरकार सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित करा रही है। ताकि सर्दी के मौसम में ऐसे व्यक्तियों को परेशान न होना पड़े। इस दौरान एसडीएम सना अख्तर और तहसीलदार बलराम गुप्ता ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका लाभ प्राप्त करने के तरीके भी बताए। कंबल वितरण के दौरान समाज के निर्धन व बेसहारा वर्ग के एक सैंकड़ा से अधिक लोगों को कंबल वितरित किए गए। जिन्हें पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार गौरव कुमार, ग्राम प्रधान आलोक कुमार वर्मा, एसआई अमर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज बादल, बृज किशोर वर्मा, लहचूरा प्रधान अनिल कुमार वर्मा, लेखपाल विनोद कुमार, मोहित मिश्रा, अरविंद व्यास, उमेश कुमार, सुशील कुमार, तरूण परिहार, लालजी महाराज, विश्वनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

# तालिबान ने महिलाओं पर लगाई एक और पाबंदी

**● घरेलू व विदेशी एनजीओ में काम करने पर प्रतिबंध**

**भाषा।** काबुल



पाकिस्तान के क्वेटा में तालिबान के फैसले के विरोध में प्रदर्शन करती महिलाएं

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने शनिवार को महिलाओं के घरेलू और विदेशी एनजीओ में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही सभी गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को महिला कर्मचारियों की भर्ती नहीं करने का आदेश दिया। यह आदेश वित्त मंत्री कारी दीन मोहम्मद हनीफ के एक पत्र में आया है, जिसमें कहा गया है कि अगर कोई एनजीओ आदेश का पालन नहीं करता है, तो अफगानिस्तान में उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल रहमान हबीब ने इस आदेश की पुष्टि की है। मंत्रालय ने कहा कि उसे एनजीओ के लिए काम करने वाली महिला कर्मचारियों के बारे में गंभीर शिकायतें मिली हैं, जो सही तरह से हिजाब नहीं पहनती हैं। हालांकि, तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह आदेश एनजीओ में काम करने वाली अफगान महिलाओं पर ही लागू होगा या सभी महिलाएं इसके दायरे में आएंगी। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार की ओर से महिलाओं के विश्वविद्यालय जाने पर रोक लगाने के मंगलवार के फैसले की कई देशों ने निंदा की है। तब से अफगान महिलाओं ने प्रतिबंध के खिलाफ प्रमुख शहरों में प्रदर्शन किया है।

### अफ्गानिस्तानः विश्वविद्यालय में प्रवेश पर पाबंदी का विरोध कर रही महिलाओं पर पानी की बौछार की गई

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सुरक्षा बलों ने विश्वविद्यालय में महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध का विरोध कर रहीं प्रदर्शनकारी महिलाओं को तितर-बितर करने के लिए शनिवार को उन पर पानी की बौछार की। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार की ओर से महिलाओं के विश्वविद्यालय जाने पर रोक लगाने के मंगलवार के फैसले की कई देशों ने निंदा की है। तब से अफगान महिलाओं ने प्रतिबंध के खिलाफ प्रमुख शहरों में प्रदर्शन किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पश्चिमी शहर हेरात में शनिवार को लगभग दो दर्जन महिलाएं प्रतिबंध का विरोध करने के लिए प्रांतीय गवर्नर के आवास की ओर जा रही थीं। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रदर्शनकारी महिलाएं, शिक्षा हमारा अधिकार है के नारे लगा रही थीं। बाद में सुरक्षा बलों ने पानी की बौछार कर प्रदर्शनकारी महिलाओं को तितर-बितर कर दिया। विरोध-प्रदर्शन आयोजित करने वाली मरियम ने कहा कि 100-150 महिलाओं ने विरोध में भाग लिया और वे शहर के विभिन्न हिस्सों से छोटे समूहों में एक मुख्य बैठक स्थल की ओर आगे बढ़ीं। उन्होंने कहा, हर गली, चौराहे पर सुरक्षा बल और बख्तरबंद वाहन तैनात थे। वहीं, प्रांतीय गवर्नर हमीदुल्ला एम. के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि केवल चार-पांच प्रदर्शनकारी थीं। प्रवक्ता ने कहा, उनका कोई एजेंडा नहीं था, वे सिर्फ एक फिल्म बनाने के लिए यहां आई थीं।

## चीन ने अमेरिकी रक्षा विधेयक की आलोचना की, ताइवान ने स्वागत किया

**भाषा।** बीजिंग

**चीनी खतरे** को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने के लिए अमेरिकी वार्षिक रक्षा व्यय की चीन ने आलोचना की है, जबकि ताइवान ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि यह स्वशासित द्वीप के प्रति अमेरिका के समर्थन को प्रदर्शित करता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक बयान में अमेरिकी कानून को एक गंभीर राजनीतिक उकसावा करार दिया और कहा कि यह चीन के आंतरिक मामलों में खुल्लमखुल्ला हस्तक्षेप है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 858 अरब डॉलर के रक्षा विधेयक पर शुक्रवार को हस्ताक्षर कर उसे कानून का रूप दे दिया। इसमें मुद्रास्फीति के प्रभाव को कम करने और चीन एवं रूस के प्रति देश की सैन्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए सांसदों से किए बाइडन के वादे से 45 अरब डॉलर अधिक शामिल है।

## क्विक न्यूज

### सित्वेनी राबुका ने फिजी के पीएम पद की शपथ ली

**मेलबर्न।** फिजी के प्रधानमंत्री के रूप में सित्वेनी राबुका ने शनिवार को शपथ ग्रहण की। उन्होंने लगभग दो दशक पहले भी फिजी का प्रधानमंत्री पद संभाला था। सुवा में फिजी की संसद की बैठक में 74 वर्षीय राबुका को एक मत के अंतर से जीत के बाद प्रधानमंत्री पद पर नामित किया गया। पीपुल्स एलायंस पार्टी के प्रमुख राबुका को दो अन्य दलों के साथ गठबंधन के तहत बहुमत साबित करने के बाद प्रधानमंत्री बनाया गया है। राबुका ने पिछले सप्ताह हुए विवादित चुनाव के बाद दो अन्य दलों के साथ गठबंधन किया है त्रिदलीय गठबंधन ने मंगलवार को कुल 29 सीट के साथ सरकार बनाने के इरादे की घोषणा की थी। निवर्तमान प्रधानमंत्री फ्रैंक बैनीमरामा की फिजी फर्स्ट पार्टी के पास 26 सीटें है। बैनीमरामा तकरीबन 16 साल तक फिजी के प्रधानमंत्री पद पर रहे। सांसदों के गुप्त मतदान में राबुका को शनिवार को 27 के मुकाबले 28 मतों से प्रधानमंत्री चुना गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राबुका ने अपने देश के संविधान का पालन करने और उसे बरकरार रखने का संकल्प लिया।

### ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने राजनयिकों-कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से कॉल करके उन्हें धन्यवाद दिया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस क्रिसमस पर व्यक्तिगत रूप से कॉल करके दुनियाभर के राजनयिकों, सैन्यकर्मियों, परमार्थ कार्य में जुटे कार्यकर्ताओं और अन्य जन सेवकों को न केवल अवगत कराया, बल्कि इस असाधारण वर्ष में उनके त्याग और समर्पण के लिए उन्हे धन्यवाद भी दिया। डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक कार्यालय) ने कहा कि ब्रिटिश-भारतीय नेता ने शुक्रवार को पाकिस्तान मे काम कर चुके शेरवान आसिफ समेत अन्य राजनयिकों को व्यक्तिगत रूप से फोन कॉल किया। आसिफ ने इस्लामाबाद स्थित ब्रिटिश उच्चायोग मे 12 साल से अधिक वर्षों तक काम किया और वह पाकिस्तान मे गत जून मे आई विनाशकारी बाढ़ के प्रति ब्रिटेन की प्रतिक्रिया को लेकर सबसे आगे थे। डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से कहा गया कि आसिफ ने मदद के लिहाज से अहम इलाको की पहचान की और यह सुनिश्चित किया कि सर्वाधिक वंचित लोगो तक मदद पहुंचे। सुनक ने कहा, इस क्रिसमस पर आप चाहे मोगादिशू मे काम कर रहे हो या मिल्टन किन्स मे, मै आपको अवगत कराना चाहता हूं कि मै आपके त्याग के प्रति व्यक्तिगत रूप से आभारी हूं।

### ऑनलाइन माध्यम से हो रही है आतंकवादियों की नियुक्ति

**लंदन।** यह पता लगाना बेहद मुश्किल है कि कैसे और क्यो कोई व्यक्ति आतंकवाद से जुड़ जाता है और उसके साथ उसका जोखिम भी जुड़ा होता है। आतंकवादी हमलो से लोगो को अत्यधिक कष्ट और पीड़ा होती है, जबकि पश्चिमी देशो मे आतंकवादी घटनाओ की वास्तविक बेहद संख्या कम है। इससे इन घटनाओं के विश्वसनीय और अन्य साक्ष्यों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। लेकिन अपने शोध मे, हमने चरमपंथी हमले मे अलग-अलग मुद्दो की बात आने पर महत्वपूर्ण पैटर्न की पहचान करना शुरू कर दिया है। सबसे विशेष रूप से, हमने पाया है कि हाल के वर्षो मे, जो लोग आतंकवादी गतिविधियो से संबंधित अपराधो के लिए दोषी ठहराए जाते है, उनके ऑनलाइन बातचीत के जरिए कट्टरपंथी होने की संभावना पहले की तुलना मे कही अधिक है। मौजूदा समय मे बिना किसी ऑफलाइन बातचीत के लोगो के कट्टरपंथी होने की संभावना काफी बढ़ गई है।

### राजनीतिक नेताओं को जोकर करार देना, जोकरों के योगदान का अपमान है, हां, सच में

**न्यू कैसल (ब्रिटेन)।** लेबर पार्टी के एक हालिया अभियान मे अल्पकालिक प्रधानमंत्री लिज ट्रस और मौजूदा वित्त मंत्री जेरेमी हंट का जोकर के रूप मे मजाक उड़ाया गया तथा इसके लिए बाकायदा उनकी तस्वीरो से छेड़छाड़ कर लाल नाक एवं रंगीन बाल के साथ जोकर जैसा हुलिया बना दिया गया। इस विज्ञापन ने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इसी तरह की आलोचनाओं की यादे ताजा कर दी। यह निश्चित रूप से दर्शाने का अवांछनीय और निंदनीय तरीका है क्योंकि कुछ लोगो को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि जोकरो का राजनीति और समाज मे सकारात्मक योगदान देने का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और मानवीय प्रयासो को आनंद से भरने का कामयाब प्रयास किया है। इस साल की शुरुआत मे, जोकरो ने यूक्रेन और मोल्दोवा की सीमा पर उन शरणार्थियो का स्वागत किया, जो युद्धग्रस्त इलाको के अपने घरो को छोड़कर किसी तरह वहां पहुंचे थे। इजराइली ड्रीम डॉक्टर्स प्रोजेक्ट केए जोकर चिकित्सा क्षेत्र मे जोकरों के योगदान की एक लंबी परंपरा का हिस्सा है। फ्रांसीसी पत्रिका ले पेटिट जर्नल के वर्ष 1908 के संस्करण के पहले पन्ने पर जोकर लंदन के एक अस्पताल के वार्ड मे बच्चो का मनोरंजन करते दिखाई दिए। चिकित्सक और विदूषक कार्यकर्ता पैच एडम्स द्वारा स्थापित संस्थान द गेसुंडहाइट दुनिया भर मे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के समग्र मॉडल को बढ़ावा देने के लिए जोकरो का उपयोग करता है। स्वेच्छा से इन कार्यों मे शामिल जोकर खुद को सामाजिक कार्यकर्ता के रूप मे देखते है, जिनमे से कई बड़ी कंपनियों मे भी कार्यरत है।

# रूस में अवैध आश्रय स्थल में आग, 22 लोगों की मौत

**भाषा।** मॉस्को

**साइबेरियाई** शहर केमेरोवो में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे एक निजी आश्रय स्थल में आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। रूस के आपात मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुरुआती मीडिया रिपोर्ट में मॉस्को से 3,000 किलोमीटर पूर्व में स्थित केमेरोवो शहर में आग की चपेट में आई लकड़ी की इमारत के एक नर्सिंग होम होने की बात कही गई थी। हालांकि प्रमुख अपराधों की जांच करने वाली देश की जांच समिति ने बाद में बताया कि हादसे की शिकार इमारत मुश्किल दौर का सामना कर रहे लोगों के लिए अस्थाई आवास के रूप में प्रयोग की जा रही थी। समिति ने कहा कि इमारत को किराए पर लेने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की मौत हुई। हालांकि, समिति की ओर से जारी बयान में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाहिर नहीं की गई है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह एक स्थानीय पादरी है। इमारत में आग शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को लगी।



## पेरिस गोलीबारी मामला : कुर्द, नस्लवाद-विरोधी समूहों ने प्रदर्शन किया

**भाषा।** पेरिस

**कुर्दिश सांस्कृतिक** केंद्र पर हुए हमले में तीन लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद शनिवार को कुर्द कार्यकर्ताओं, वामपंथी नेताओं और नस्लवाद-विरोधी समूहों ने पेरिस में विरोध प्रदर्शन किया। अभियोजकों का कहना है कि यह हमला नस्लवाद से प्रेरित था। फ्रांस की राजधानी पेरिस में शुक्रवार को कुर्दिश सांस्कृतिक केंद्र को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में तीन लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी में घायल हुए 69 वर्षीय संदिग्ध हमलावर को हाल में शिविर में रहने वाले प्रवासियों पर हमला करने के मामले में जेल से रिहा किया गया था। जांचकर्ता गोलीबारी के संभावित नस्लवादी मकसद की पड़ताल कर रहे हैं। पेरिस अभियोजक के कार्यालय ने शनिवार को कहा कि उस पर नस्लवादी मकसद से हत्या और हत्या के प्रयास के संभावित आरोप हैं। कुर्द अधिकार समूहों, राजनीतिक दलों और संगठनों से जुड़े हजारों लोग झंडे लहराते हुए शनिवार को पूर्वी पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में एकत्र हुए।

# चीनी शहरों में कोविड-19 के कारण बदहाली के हालात

**● आईसीयू मे जगह नही, शवदाह गृहो मे भारी भीड़**

**भाषा।** बाझोउ (चीन)

**बीजिंग से** 70 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित चीन के औद्योगिक प्रांत हेबेई के बाझोउ शहर में काउंटी अस्पताल के बाहर एक बुखार क्लिनिक के बाहर याओ रुयान नामक महिला बेचैनी के साथ चहल-कदमी करती दिखी। उनकी सास कोविड-19 से संक्रमित हैं और उन्हें तत्काल इलाज की जरूरत है, लेकिन सभी अस्पताल करीब-करीब भरे हुए हैं। वह अपने फोन पर चीखते हुए कहती हैं, यहां कोई बिस्तर नहीं है। इसी तरह चीनी शहर के शवदाह गृहों में भी शवों की भरमार है। चीन पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 की लहर से जूझ रहा है और बीजिंग के दक्षिण पश्चिम में स्थित छोटे शहरों और कस्बों में स्थित अस्पतालों के आपात वार्ड जरूरत से ज्यादा भरे हुए हैं। गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) से एंबुलेंस लौट रही हैं, तो मरीजों के बेचैन रिश्तेदार बिस्तरों की तलाश कर रहे हैं। बिस्तरों की कमी के कारण अस्पताल की बेंच और फर्श पर मरीजों को लिटाना पड़ रहा है। याओ की बुजुर्ग सास एक हफ्ते पहले कोविड-19 से संक्रमित हुई थीं।



### चीन में लाखों लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैंः आधिकारिक आंकड़े

**बीजिंग।** चीन मे अस्पतालो मे लाखो की संख्या मे कोविड-19 के मामले सामने आ रहे है और मुर्दाघर शवो से भरे पड़े है। आधिकारिक आंकड़ो के मुताबिक, देश मे एक दिसंबर से संक्रमण के लाखो मामले सामने आए है और सरकार ने अब प्रभावित लोगो की मदद के लिए इंटरनेट अस्पताल खोलने की अनुमति दे दी है, ताकि चिकित्सा केंद्रो पर भार कम हो सके। अधिकारियो ने आंकड़ो का हवाला देते हुए कहा कि इस सप्ताह मंगलवार तक संक्रमण के लगभग तीन करोड़ 70 लाख नए मामले थे। हांगकांग से प्रकाशित अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने खबर दी कि कथित तौर पर चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के एक लीक हुए दस्तावेज के अनुसार एक दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच 24 करोड़ 80 लाख लोग यानी करीब 17.56 प्रतिशत आबादी कोविड से प्रभावित हुई।

## उपयोगकर्ताओं के डेटा चोरी मामले में 72.5 करोड़ डॉलर का भुगतान : मेटा

**भाषा।** सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

**फेसबुक के** मलिकाना हक वाली कंपनी मेटा दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच द्वारा अपने लाखों उपयोगकर्ताओं की निजी सूचना कैम्ब्रिज एनालिटिका को उपलब्ध कराने के आरोप में दायर मुकदमे के निपटारे के लिए 72.5 करोड़ डॉलर का भुगतान करने को राजी हो गई है। कैम्ब्रिज एनालिटिका वही कंपनी है, जिसने 2016 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में डोनाल्ड ट्रंप के लिए काम किया था। इस चुनाव में ट्रंप ने जीत हासिल की थी। मेटा अपने उपयोगकर्ताओं की निजी सूचना कैम्ब्रिज एनालिटिका को देने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें समझौते के रूप में वह 72.5 करोड़ डॉलर का भुगतान करने के लिए राजी हो गई है। अदालत में बृहस्पतिवार को जमा कराए गए दस्तावेजों में मेटा प्लेटफॉर्म्स द्वारा किए गए समझौते की शर्तों का खुलासा किया गया। अभी इस समझौते को सैन फ्रांसिस्को की संघीय अदालत के एक न्यायाधीश से मंजूरी की आवश्यकता है, जो अगले साल मार्च में सुनवाई करेंगे। यह मुकदमा 2018 में हुए एक खुलासे से जुड़ा है कि ट्रंप के राजनीतिक रणनीतिकार स्टीव बैनन से संबंध रखने वाली कैम्ब्रिज एनालिटिका ने करीब 8.7 करोड़ उपयोगकर्ताओं की निजी सूचना हासिल करने के लिए फेसबुक के एक ऐप डेवलपर को भुगतान किया था। इसके बाद इन सूचनाओं का इस्तेमाल 2016 के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अमेरिकी मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए किया गया था। कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क स्थित कैम्ब्रिज एनालिटिका ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने यह समझौता इसलिए किया है, क्योंकि यह उसके समुदाय और शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में है।

### मीशो के लिए 2022 ई-कॉमर्स में लाभदायक

**बंगलुरू।** भारत के एकमात्र असली ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो के लिए साल 2022 खास तौर पर बहुत अच्छा रहा। हमने हर किसी के लिए इंटरनेट कॉमर्स को सुलभ कराने के अपने मिशन में कई नए मील के पत्थर हासिल किए। हमने इस वर्ष बिक्री से जुड़े तीन रिकॉर्ड बनाए जिनमें से प्रत्येक अपने पिछले से बढ़कर रहा। देश के कोने-कोने से किफायत पसंद ग्राहकों ने हमारी दैनिक निम्न कीमतों और व्यापक एसॉर्टमेंट का चयन किया। कंपनी द्वारा शुरू की गई इंडस्ट्री की कुछ प्रथम पहलों जैसे शून्य कमीशन और शून्य जुर्माना के परिणामस्वरूप मीशो से जुड़ने वाले उत्तर प्रदेश के एमएसएमई की संख्या पिछले एक साल में बढ़ी है। पिछले 12 महीनों में उत्तर प्रदेश के 450 से अधिक विक्रेता करोड़पति बनेए जबकि 13,000 विक्रेता लखपति बने। इस सालए इस राज्य से जुड़ने वाले आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुईए जिसमें से 60 प्रतिशत ने मीशो के साथ अपने ई.कॉमर्स की शुरुआत की।

### पुणे में जर्मन कंपनी वेबस्टो को पट्टे पर मिला कार्यस्थल

**नई दिल्ली।** कार्यस्थल मुहैया कराने वाली फर्म 315वर्क एवेन्यू ने जर्मनी की कंपनी वेबस्टो को पुणे में पट्टे पर करीब 40,000 वर्ग फुट क्षेत्र का कार्यालय स्थल दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुणे के खराडी स्थित कैपिटालैंड आईटी पार्क में मौजूद उसके कार्यालय केंद्र में जर्मन कंपनी को यह स्थान मुहैया कराया गया है। वर्ष 1901 में स्थित वेबस्टो ग्रुप वाहन उद्योग को नवाचारी प्रणाली मुहैया कराती है। इसकी गिनती वाहन उद्योग के शीर्ष 100 वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में की जाती है। 315वर्क एवेन्यू के संस्थापक मानस मेहरोत्रा ने कहा, सह-कार्यस्थलों की मांग हालिया समय में मजबूत रही है।

# आधार से नहीं जुड़ा तो पैन हो जाएगा निष्क्रियः आयकर विभाग

**● मार्च 2023 तक का दिया समय**

**भाषा।** नई दिल्ली




**आयकर विभाग** ने शनिवार को एक परामर्श जारी करते हुए कहा कि अगले साल मार्च तक आधार क्रमांक से नहीं जुड़े स्थाई खाता संख्या (पैन) को निष्क्रिय घोषित कर दिया जाएगा। आयकर विभाग की तरफ से जारी परामर्श के मुताबिक, आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार छूट वाली श्रेणी में आने वाले लोगों को छोड़कर सभी पैन धारकों के लिए 31 मार्च, 2023 से पहले अपने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। आधार से नहीं जोड़े गए पैन कार्ड एक अप्रैल, 2023 से निष्क्रिय हो जाएंगे। विभाग ने पैन को आधार से जल्द जोड़ने की नसीहत करदाताओं को देते हुए कहा, जो अनिवार्य है, वो आवश्यक है। देर न करें, आज ही जोड़ लेंउ वित्त मंत्रालय की मई 2017 में जारी एक अधिसूचना के अनुसार, छूट श्रेणी में असम, जम्मू और कश्मीर तथा मेघालय राज्यों के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा अनिवासी भारतीय और 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग भी छूट श्रेणी में शामिल हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गत 30 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा था कि एक बार पैन निष्क्रिय हो जाने के बाद कोई व्यक्ति आयकर अधिनियम के तहत सभी नतीजों के लिए जिम्मेदार होगा और उसे कई तरह के परिणामों का सामना करना पड़ेगा। इस परिपत्र के मुताबिक, निष्क्रिय पैन का इस्तेमाल करके आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया जा सकता है, लंबित मामलों पर कार्वाई नहीं की जाएगी, निष्क्रिय पैन से लंबित धनवापसी जारी नहीं की जा सकती है, दोषपूर्ण रिटर्न को संशोधित नहीं किया जा सकता है और उच्च दर पर कर लिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि करदाता को बैंकों और अन्य वित्तीय मंचों पर भी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### दस साल पहले आधार बनवाने वाले लोग अपने दस्तावेजों को अद्यतन कराएं : यूआईडीएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने कहा है कि 10 साल पहले विशिष्ट पहचान क्रमांक पाने वाले और इस दौरान कभी भी अपने दस्तावेजो को संशोधित नही कराने वाले निवासियो को अपनी नवीनतम जानकारी अद्यतन करानी चाहिए। यूआईडीएआई ने एक बयान मे कहा है कि आधार धारक सहायक दस्तावेजो (पहचान का प्रमाण और पते का प्रमाण) को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तरीके से अद्यतन कर सकते है। इसके अलावा वे चाहे तो आधार केंद्र पर जाकर ऑफलाइन ढंग से भी अपनी विशिष्ट पहचान की सूचनाओं को संशोधित करा सकते है। बयान मे कहा गया, जिन निवासियो ने अपना आधार 10 साल पहले बनवाया था और उसके बाद इन वर्षों मे कभी भी उसे अपडेट नही किया है, ऐसे आधार धारको को अपने दस्तावेजो को अपडेट करना चाहिए। पिछले एक दशक मे आधार संख्या भारत मे निवासियो की पहचान के लिए एक स्वीकृत प्रमाण के तौर पर उभरी है। केंद्र सरकार की तरफ से संचालित 319 योजनाओ सहित कुल।,100 से अधिक सरकारी योजनाओ और कार्यक्रमो मे आधार को पहचान के रूप मे स्वीकार किया जाता है।

# दूरसंचार विभाग के 10 वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जबरन सेवानिवृत्ति

**भाषा।** नई दिल्ली

**दूरसंचार** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त सचिव समेत दूरसंचार विभाग के 10 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने पर मुहर लगा दी है। भ्रष्टाचार को एकदम बर्दाश्त न करने की नीति और काम करो या काम छोड़ो अभियान के तहत यह छंटनी की गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने शनिवार को इन अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त किए जाने के फैसले की जानकारी दी। पहली बार दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के पेंशन नियम 48 के धारा 56 (जे) के तहत जबरन सेवानिवृत्ति दी गई है। सूत्र ने कहा, दूरसंचार मंत्री ने संदिग्ध ईमानदारी और भ्रष्टाचार को तनिक भी बर्दाश्त नहीं करने की सरकार की नीति के तहत दूरसंचार विभाग के 10 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्ति देने की मंजूरी दे दी है। इन 10 अधिकारियों में नौ अधिकारी निदेशक स्तर पर काम कर रहे थे जबकि एक अधिकारी संयुक्त सचिव स्तर का है। दूरसंचार मंत्री ने यह फैसला हर साल सरकार द्वारा मनाए जाने वाले सुशासन दिवस की पूर्व संध्या से एक दिन किया। इससे पहले सितंबर में सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के एक वरिष्ठ अधिकारी को वैष्णव की बैठक में झपकी लेते हुए पाए जाने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। रेलवे विभाग ने भी लगभग 40 अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्ति दी है। गौरतलब है कि वैष्णव के पास रेलवे मंत्रालय का भी प्रभार है।

### पाक के केंद्रीय बैंक ने आर्थिक नीति पर शहबाज शरीफ सरकार की आलोचना की

**इस्लामाबाद।** भीषण नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कीमत और वित्तीय स्थिरता को दांव पर लगाकर वृद्धि को तरजीह देने के लिए शहबाज शरीफ सरकार की आलोचना की है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने हाल ही में जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अनुभव ने बार-बार बताया है कि जो देश कीमत और वित्तीय स्थिरता को दांव पर लगाकर वृद्धि को प्राथमिकता देते हैं, वे वृद्धि को बरकरार नहीं रख पाते हैं। डॉन न्यूज में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने कहा है कि ऐसी स्थिति में देशों को बार-बार आर्थिक वृद्धि के बाद आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान इस समय गहरे नकदी संकट से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने वित्त वर्ष 2023 के लिए वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने से परहेज किया है।

# चंदा कोचर : बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज शख्सियत से सीबीआई हिरासत तक का सफर

**भाषा।** नई दिल्ली



**कर्ज के बदले** नकद घोटाले में गिरफ्तार की गईं चंदा कोचर कभी एक शक्तिशाली बैंकर हुआ करती थीं और उन्होंने अपनी अगुवाई में आईसीआईसीआई बैंक को देश में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। कोचर फोर्ब्स की दुनिया के दिग्गज लोगों की सूची में नियमित रूप से शामिल रहती थीं। लेकिन सीबीआई ने आईसीआईसीआई बैंक द्वारा वीडियोकॉन ग्रुप की कंपनियों को ऋण देने में बरती गई कथित अनियमितताओं के सिलसिले में बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। कोचर दंपती को शनिवार को मुंबई की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। सुनवाई की दौरान अदालत ने चंदा कोचर और उनके पति को 26 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि दोनों जवाब देने में आनाकानी कर रहे हैं और जांच में सहयोग नहीं कर रहे आईसीआईसीआई बैंक ने मई, 2018 में वीडियोकॉन समूह को 3,250 करोड़ रुपए के ऋण देने में कोचर की कथित भूमिका के बारे में शिकायत मिलने के बाद उनके खिलाफ जांच शुरू की थी। कर्ज देने से कोचर के पति दीपक कोचर को फायदा हुआ था। विवाद गहराने पर कोचर छुट्टी पर चली गई थीं और समय-पूर्व सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। समूह के तत्कालीन चेयरमैन के वी कामत की पसंदीदा रहीं कोचर ने 1984 में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में आईसीआईसीआई में काम शुरू किया था। इसके बाद 1990 के दशक की शुरुआत में आईसीआईसीआई एक वाणिज्यिक बैंक बन गया। उन्हें 2009 में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी के रूप में कामत का उत्तराधिकारी चुना गया। उनके उत्थान के कारण शिखा शर्मा (एक्सिस बैंक की पूर्व प्रमुख) ने भी बैंक छोड़ दिया, जो समूह में उनसे वरिष्ठ थीं। जांच एजेंसी द्वारा इस मामले में जल्द ही पहला आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है, जिसमें वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के साथ कोचर दंपती को भी नामजद किया जा सकता है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_T1518FBGD
REG. NO.HR38Z2646-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE 6,42,590.01

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 09.01.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :JAGDISH SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 919582795967
EMAIL-jagdish.singh@kotak.com

# राज्य ऑक्सीजन, जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें: केंद्र

**भाषा**। नई दिल्ली




**कुछ देशों** में कोविड-19 के मामलों में अचानक तेजी से वृद्धि होने के बीच केंद्र सरकार ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा उपयोग वाला तरल ऑक्सीजन(एलएमओ), ऑक्सीजन सिलेंडर और वेंटिलेटर जैसे जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि प्रेशर स्विंग एडजॉर्पशन (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र पूरी तरह से चालू रखे जाएं और उनकी जांच के लिए नियमित मॉक ड्रिल की जाए। सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए इन चिकित्सा सुविधाओं का संचालनात्मक स्थिति में रहना और उनकी देखरेख की जानी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हालांकि, देश में संक्रमण के मामलों की संख्या अभी कम है। अगनानी ने कहा कि महामारी से निपटने के लिए मेडिकल ऑक्सीजन एक महत्वपूर्ण संसाधन है, खासतौर पर महामारी के दौरान और मरीजों की जान बचाने के लिए निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति की जरूरत है। पत्र में, अधिकारी ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवप्रधान सचिव, सचिव (स्वास्थ्य) को संबद्ध विभागों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि पीएसए संयंत्र को पूर्ण रूप से चालू हालत में रखा जाए और उनकी जांच के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल की जाए। राज्यों से वेंटिलेटर सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि ऑक्सीजन से जुड़ी समस्याओं एवं चुनौतियों के शीघ्र समाधान के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑक्सीजन नियंत्रण कक्ष को भी फिर सक्रिय किया जाए।

## न्यायालय ने जाति आधारित जनगणना से संबंधित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने आगामी जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए जाति आधारित जनगणना के निर्देश की मांग वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिंह की पीठ ने केंद्र, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा। इसने इस मामले को अपने समक्ष लंबित इसी तरह के एक अन्य मामले के साथ संलग्न कर दिया। शीर्ष अदालत अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया पाल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया है कि जाति आधारित सर्वेक्षण और जाति आधारित जनगणना की कमी के कारण सरकारें पिछड़े वर्गों के सभी तबकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को साझा करने में असमर्थ हैं। याचिका में कहा गया है कि ठोस आंकड़ों के अभाव में ठोस नीतियां नहीं बनाई जा सकतीं, इसलिए ओबीसी के लिए जाति आधारित जनगणना की अत्यंत आवश्यकता है।



कोलकाता के एक बाजार में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बच्चे को उपहार देता सेंटाक्लॉज

## क्रिसमस हमें एक-दूसरे के प्रति दया व प्रेम की भावना रखने की प्रेरणा देता है: मुर्मू

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह त्योहार हमें एकदूसरे के प्रति दया और प्रेम की भावना रखने की प्रेरणा देता है।

राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि क्रिसमस का यह पावन त्योहार सम्पूर्ण मानव जाति के लिए शांति और भाईचारे का प्रतीक है। मुर्मू ने कहा, इस दिन हम प्रभु ईशु मसीह के करुणा और बलिदान के संदेश को याद करते हैं। यह त्योहार हमें एकदूसरे के प्रति दया और प्रेम की भावना रखने की प्रेरणा देता है। आइए, हम प्रभु ईशु मसीह के पवित्र आदर्शों व शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। राष्ट्रपति ने कहा, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर ईसाई भाइयों और बहनों को क्रिसमस के त्योहार की हार्दिक बधाई देती हूं।

## ब्रिटिश शासन ने भारतीयों को अपनी गौरवशाली परंपराओं के बारे में जानने से रोका था: राजनाथ

**भाषा**। देहरादून



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि तीन शताब्दियों के ब्रिटिश शासन ने भारतीयों को अपनी गौरवशाली परंपराओं के बारे में जानने से रोका था। राजनाथ ने देरादून में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मजबूत भारत के निर्माण के वास्ते आज के युवाओं का देश के गौरवशाली अतीत और इसकी महान सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के बारे में जानना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अतीत में भारत की आध्यात्मिक और बौद्धिक श्रेष्ठता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति सहज थी। उन्होंने चीनी विद्वानों का हवाला दिया, जिन्होंने ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारत की पथप्रदर्शक भूमिका को स्वीकार किया था।

पेकिंग विश्वविद्यालय के एक पूर्व कुलपति का जिक्र करते हुए, जिन्होंने बाद में संयुक्त राष्ट्र में चीन का प्रतिनिधित्व किया था, राजनाथ ने कहा, भारत एक भी सैनिक भेजे बिना 2,000 से अधिक वर्षों तक सांस्कृतिक रूप से चीन पर हावी रहा है। साथ ही फ्रांसीसी दार्शनिक वोल्टेयर को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि वह कहा करते थे, सब कुछ गंगा के किनारे से हमारे पास आया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडोनेशिया जो मूल रूप से एक इस्लामिक देश है और थाईलैंड जो बौद्ध देश है, ने रामायण को अपनी सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में मान्यता दी है।उन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि से सम्मानित छात्रों से यह याद रखने को कहा कि वे एक महान देश से संबंध रखते हैं और अपना सारा ज्ञान राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक बेहतरी के लिए समर्पित करें।

# मातृभाषा में शिक्षा मिलने से छात्रों की वैचारिक, तार्किक और विश्लेषण क्षमता बढ़ेगी: शाह

**भाषा**। महेसाणा



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत किसी छात्र को उसकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने से उसकी वैचारिक, तार्किक, विश्लेषण करने और शोध क्षमता बढ़ेगी।

विजपुर में शेठ जी. सी. हाई स्कूल की 95वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि तकनीकी, चिकित्सा और उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों के विषयों को क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराने पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल में एनईपी भारत को नंबर एक देश बना देगी। शाह ने कहा कि आजादी से पहले के भारत में ब्रिटिश शिक्षा नीति के तहत रटकर पढ़ाई करना बुद्धिमत्ता की निशानी होती थी। उन्होंने कहा कि छात्रों में सोचने, शोध करने, तर्क करने, विश्लेषण करने, निर्णय लेने और समझने की शक्ति पैदा नहीं होती थी, जिससे समाज में समस्याएं पैदा हो गईं। गृह और सहकारिता मंत्री शाह ने कहा, नई शिक्षा नीति, जिसमें मातृभाषा पर जोर देने सहित मूलभूत परिवर्तन किए गए हैं, भारत को 25 वर्ष में दुनिया में नंबर एक बना देगी। शाह ने कहा, अगर कोई छात्र अपनी मातृभाषा में पढ़ता, बोलता और सोचता है, तो इससे उसकी सोचने की क्षमता, उसकी तर्क शक्ति, विश्लेषण की क्षमता और शोध की क्षमता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। शाह ने कहा, नई शिक्षा नीति का मकसद प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर जहां तक संभव हो छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करना है। मुझे विश्वास है कि अगले दो, पांच, सात वर्षों में देश के सभी छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही तकनीकी, चिकित्सा और उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम का मातृभाषा में अनुवाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भोपाल में पहले सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के अनुवाद के बाद हिंदी में चिकित्सा शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा, गुजराती, तेलुगु, उड़िया, पंजाबी और बांग्ला- इन सभी भाषाओं में उच्च और चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू होंगे। वहां से भारत अनुसंधान और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना शुरू करेगा। शाह ने कहा कि कोई व्यक्ति मूल सोच तभी रख पाता है, जब उसे उसका विषय मातृभाषा में पढ़ाया जाता है। नई शिक्षा नीति से किसी छात्र की कला और संगीत आदि जैसी अंतर्निहित क्षमताओं को एक मंच प्रदान करने में मदद करेगी।गृह मत्री ने कहा, एनईपी ने व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के लिए एक बड़ी भूमिका बनाई है। 10वीं कक्षा से पहले 50 प्रतिशत से अधिक छात्र व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ जाएंगे और इससे उन्हें स्वरोजगार, सूक्ष्म और कुटीर उद्योग की ओर ले जाने में मदद मिलेगी।

## बंगाल के राज्यपाल को वामपंथी संगठन के छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा

**कोलकाता**। यादवपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को वामपंथी छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि, राज्यपाल ने छात्रों से बात करके उन्हें शांत किया। राज्यपाल यादवपुर विवि के कुलपति भी हैं। बोस की कार के मुख्य दीक्षांत समारोह स्थल के पास पहुंचते ही एसएफआई और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्टूडेंट्स यूनियन के सदस्यों ने छात्र संघ चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर कार्यक्रम के लिए बनाए गए पंडाल के बाहर तख्तियां लहराईं और नारेबाजी की। छात्रसंघ चुनाव पिछले तीन साल से लंबित हैं। राज्यपाल बोस अंदर गए और मंच पर आसीन हुए, लेकिन बाहर नारेबाजी जारी रही। हालांकि, उन्होंने जल्द ही आंदोलनकारी छात्रों को संदेश भेजा कि वह उनसे मिलना चाहेंगे। इसके बाद मंच के पास स्थित कक्ष में एसएफआई और एफईटीएसयू प्रतिनिधियों के साथ राज्यपाल की बातचीत हुई। बाद में, एफईटीएसयू प्रमुख अरित्र मजूमदार ने कहा, हम राज्यपाल के खिलाफ नहीं हैं। हम उन्हें छात्र संघ चुनाव कराने की अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग से अवगत कराना चाहते थे, जिसमें यादवपुर विवि के अधिकारी बिना किसी कारण के देरी कर रहे हैं।

# कश्मीर घाटी में ठंड बढ़ी, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना

**भाषा**। श्रीनगर



**कश्मीर में** कड़ाके की ठंड बढ़ती जा रही है और घाटी के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।हालांकि, मौसम विभाग ने सोमवार से कुछ दिनों तक ठंड और शुष्क मौसम से राहत मिलने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के एक आधार शिविर पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर में बारामुला जिला स्थित पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि कुपवाड़ा जिले में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि काजीगुंड में तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने 26 दिसंबर तक जम्मू कश्मीर में ज्यादातर शुष्क मौसम रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद, केंद्र शासित प्रदेश में 26-30 दिसंबर के बीच आमतौर पर बादल छाए रहने की संभावना है, साथ ही ऊंचे स्थानों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के कार्यालय ने कहा कि न्यूनतम तापमान में मामूली सुधार होगा, जिससे 26-31 दिसंबर तक ठंड और शुष्क मौसम से कुछ राहत मिलेगी। कश्मीर वर्तमान में चिल्लई-कलां की चपेट में है। 40 दिनों की कड़ाके की सर्दियों की अवधि के दौरान क्षेत्र में शीत लहर रहती है और तापमान में काफी गिरावट आती है, जिससे घाटी के कई हिस्सों में जलस्त्रोतों के साथ-साथ पाइप लाइन भी जम जाती हैं।

# छत्तीसगढ़ : आरटीआई कार्यकर्ता की हत्या, सरपंच समेत चार गिरफ्तार

**भाषा**। कवर्धा (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़ के** कबीरधाम जिले की पुलिस ने पिछले महीने से लापता एक आरटीआई कार्यकर्ता का जला हुआ कंकाल बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में गांव के सरपंच समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने अपराध को छुपाने के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता की मोटरसाइकिल को तीन हिस्सों में काटकर जंगल में जमीन के नीचे गाड़ दिया था। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जिले के स्थानीय अखबार में काम करने वाले पत्रकार और आरटीआई कार्यकर्ता विवेक चौबे (32) का जला हुआ कंकाल चिल्फी थाना क्षेत्र के जंगल से बरामद किया गया है। सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में बोक्करखार गांव के सरपंच अमित यादव, ग्रामीण नंदलाल मेरावी, सुखसागर यादव और जगदीश धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चौबे के परिजनों ने 16 नवंबर को पुलिस में शिकायत की थी कि चौबे 12 नवंबर को कवर्धा शहर में अपने घर से निकले और फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और चौबे की खोजबीन शुरू की गई। सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि चौबे को आखिरी बार जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र के कुंडापानी गांव की ओर जाते हुए देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने इलाके में उनकी तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चिल्फी क्षेत्र छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश की सीमा पर है और नक्सल प्रभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए इस मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया। साथ ही चौबे की सूचना देने वाले को नगद इनाम देने घोषणा की गई। इस दौरान मामले के आरोपियों में से एक, बोक्करखार गांव के सरपंच अमित यादव ने भी चौबे की सूचना देने पर नगद इनाम की घोषणा की।



बेंगलुरू में सहायक प्रशिक्षण केंद्र बीएसएफकैंपस में उपनिरीक्षकों के विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के 14वें बैच की पासिंग आउट परेड के दौरान राष्ट्रीय ध्वज और बीएसएफके झंडे लेकर बीएसएफ के जवान

## मनुष्य पृथ्वी को अपना विशेषाधिकार नहीं समझ सकता: उपराष्ट्रपति धनखड़

**भाषा**। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने शनिवार को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की व्यापक चुनौती से निपटने के लिए सभी देशों से सामूहिक कार्वाई का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता जताते हुए कहा, मानव इस ग्रह (पृथ्वी) को अपना विशेषाधिकार नहीं समझ सकता। धनखड़ यहां भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 2021 बैच के परिवीक्षा अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे।

वन सेवा के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, ‟आपका हमारे आदिवासी समुदायों के साथ संपर्क रहेगा और आप उनकी प्राचीन संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। आपके पास उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने का एक ईश्वरीय अवसर होगा‟। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, धनखड़ ने वनों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि वे भारतीय लोकाचार, चेतना और संस्कृति के अभिन्न एवं प्रमुख अंग रहे हैं। यह उल्लेख करते हुए कि भारत वन संपदा के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 देशों में से एक है, उन्होंने अधिकारियों से प्रकृति की सेवा करने का आग्रह किया। उन्होंने वन अधिकारियों को ‟प्रकृति का दूत‟ करार दिया। पर्यावरणीय क्षरण का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह चिंताजनक है कि मनुष्य के लालच के कारण गांव की सार्वजनिक भूमि एवं प्राकृतिक जल भंडारण जैसी सुविधाएं कम होती जा रही हैं।

## कांग्रेस कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रही: केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए महामारी के खतरे के बीच कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का आरोप लगाया। ठाकुर ने यह भी सवाल किया कि क्या भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी ने कोविड जांच कराई थी, क्योंकि पिछले सप्ताह उनके साथ यात्रा में शामिल हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, चीन और जापान में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लंबी कतारें हैं, लाशों के ढेर लग रहे हैं। लेकिन आपको देश के हितों की परवाह नहीं है। आपको केवल एक परिवार की चिंता है। कांग्रेस ने हर बार यही रवैया दिखाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि टुकड़े-टुकड़े गिरोह के सदस्य गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 दिसंबर को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में वीर बाल दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि मोदी लगभग 300 बाल कीर्तनियों द्वारा किए जाने वाले शबद कीर्तन में शामिल होंगे और लगभग 3,000 बच्चों द्वारा किए जाने वाले मार्च-पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। बयान में कहा गया कि सरकार नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को सिखों के अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में बताने के लिए पूरे देश में संवादात्मक और सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिन्होंने अपनी आस्था की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए थे। देश भर के स्कूल और कॉलेज में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप और हवाई अड्डे जैसे सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।इस साल 9 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को सिख गुरु के बेटों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

### तुनिषा शर्मा ने टीवी सीरियल के सेट पर आत्महत्या की

**पालघर (महाराष्ट्र)**। टेलीविजन अभिनेत्री तुनिषा शर्मा (21) ने शनिवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसाई में एक धारावाहिक के सेट पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि शर्मा सेट पर शौचालय गई और काफी देर तक नही लौटी। जब दरवाजा तोड़ा गया तो उन्हें अंदर फंदे से लटका पाया गया। वलीव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कैलाश बर्वे ने कहा कि पुलिस का एक दल घटना स्थल पर है।शर्मा ने कई टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय किया था।

### कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए बीच का रास्ता निकाला जाए: मुफ्ती

**जम्मू**। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि प्रवासी कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को ड्यूटी पर लौटने की चेतावनी देने के बजाय जम्मू-कश्मीर प्रशासन को घाटी में हाल में लक्षित हत्याओं को ध्यान में रखते हुए बीच का रास्ता निकालना चाहिए। प्रवासी कश्मीरी पंडित और जम्मू-आधारित आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों ने मई में दो सहयोगियों की लक्षित हत्याओं के बाद घाटी छोड़ दी थी। वे कश्मीर के बाहर पुनर्वास की मांग कर रहे है। हालांकि, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पिछले बुधवार को कहा था कि घाटी में कश्मीरी पंडितों सहित अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए है और तबादले की मांग करने वालों को एक जोरदार और स्पष्ट संदेश भेजा था कि घर पर बैठे लोगों को वेतन नही दिया जाएगा। मुफ्ती ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, प्रशासन को उनकी समस्याओं को जानने और उनका समाधान करने की कोशिश करने की जरूरत है। ड्यूटी पर लौटने की चेतावनी देना गलत है। उन्होंने कहा, पंडितों सहित सभी लोगों ने बहुत कुछ सहन किया है, लेकिन सरकार को समुदाय के सदस्यों की हाल में हुई (लक्षित) हत्या के मामलों पर विचार करना चाहिए। मुफ्ती ने कहा, जब वे संतुष्ट हो जाएंगे कि कश्मीर में स्थिति में सुधार हुआ है, तो वे वापस लौट जाएंगे, लेकिन उन्हे इस तरह मजबूर नही किया जाना चाहिए।

### एसआईए ने श्रीनगर में गिलानी के नाम से पंजीकृत मकान को कुर्क किया

**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) की 100 करोड़ रुपए से अधिक की कई संपत्तियां कुर्क की, जिसमें पाकिस्तान समर्थक दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के नाम पर पंजीकृत एक मकान भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, एसआईए ने पुलवामा, कुलगाम, बडगाम और श्रीनगर जिलों में प्रतिबंधित जेईआई की और संपत्तियों का पता लगाया है। एसआईए जम्मू कश्मीर की सिफारिश पर संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद 12 स्थानों पर स्थित लगभग 122.89 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों के इस्तेमाल और उनमें प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को अधिसूचित संपत्तियों में गिलानी के नाम पर पंजीकृत एक आवासीय मकान भी शामिल है।उन्होंने बताया कि बरजुल्ला दक्षिण में 17 मरला और 199 वर्ग फुट से अधिक का दो मंजिला मकान सैयद अली शाह गिलानी और फिरदौस अहमद असमी के नाम पर है। ऐसा समझा जाता है कि इस मकान को 1990 के दशक के अंत में जमात-ए-इस्लामी द्वारा खरीदा गया था और यह गिलानी (जेईआई) के नाम से पंजीकृत था। गिलानी 2000 के प्रारंभ तक इस मकान में रहते थे और फिर वह शहर के हैदरपुरा इलाके में रहने चले गए थे। पिछले साल सितंबर में गिलानी का निधन हो गया था। अधिकारियों के मुताबिक, बाद में यह मकान जेईआई के अमीर (प्रमुख) के आवास के रूप में उपयोग में लाया जाने लगा। उन्होंने बताया कि मकान में तलाशी भी ली गई, जिसके भूतल पर नवंबर 2018 से शोपियां के मुलू चित्रगाम इलाके के निवासी शहजादा औरंगजेब का कब्जा है। अधिकारियों के अनुसार, एसआईए की यह कार्वाई प्रतिबंधित संगठन जेईआई से जुड़ी संपत्तियों की कुर्की का हिस्सा है। एसआईए ने इस केंद्र-शासित प्रदेश में जेईआई की 188 संपत्तियों की पहचान की है, जिन्हे आगे की कानूनी कार्वाई के लिए या तो अधिसूचित किया गया है या फिर अधिसूचित किया जा रहा है।

### उत्तराखंड में काली नदी पर दीवार निर्माण में लगे भारतीय श्रमिकों पर नेपाल की ओर से पथराव

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)**। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के सीमावर्ती शहर धारचूला में नेपाल की ओर से किए गए पथराव में चार ट्रकों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए और उनके चालकों को खुद को बचाने के लिए काली नदी में कूदना पड़ा। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। सिंचाई विभाग के एसडीओ फरहान अहमद ने कहा, शुक्रवार को नेपाल की ओर से एक बार फिर भारतीय श्रमिकों पर हमला किया गया। अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पिछले कुछ दिनों में काली नदी के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने में लगे भारतीय कामगारों के खिलाफ सीमा पार से ऐसे कई हमले किए गए है। उन्होंने कहा कि पथराव में दो डंपर और दो टिपर ट्रकों के शीशे टूट गए और ए पथराव गुलेल से किया गया। दोनों देशों के बीच बहने वाली काली नदी के किनारे धारचूला में सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है। नेपाल में कुछ तत्व इसके निर्माण का विरोध कर रहे है और निर्माणस्थल पर काम को बाधित करने के लिए भारतीय श्रमिकों पर पथराव कर रहे हैं। अहमद ने कहा, अगर प्रशासन इस तरह की घटनाओं को नही रोकता है तो काम जारी रखना मुश्किल होगा। धारचूला एसडीएम दिवेश शाशनी ने कहा कि उन्होंने जिलाधिकारी को घटना की जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं होती है तो भारतीय अधिकारी अपने नेपाली समकक्षों के साथ इस मामले को उठाएंगे। धारचूला के निवासियों ने कहा कि जब नेपाल अपनी तरफ सुरक्षा दीवार बना रहा था तो भारत की ओर से कोई विरोध नही किया गया था लेकिन नेपाली विरोधी तत्वों ने शुक्रवार तक 11वी बार काम रोक दिया था। धारचूला नगर पालिका पार्षद प्रेमा कुटियाल ने कहा, वे हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 25 दिसंबर, 2022



# भारत का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया

- अब लक्ष्य से 100 रन दूर
- बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 231 रन बनाकर भारत को 145 रन का लक्ष्य दिया




**भाषा।** मीरपुर

भारत ने 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां शुरू में ही शीर्ष क्रम के चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए, जिससे यह मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 231 रन बनाकर भारत के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। इस श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण अंक हासिल करने की कवायद में लगी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 45 रन बनाए थे। भारत अभी लक्ष्य से 100 रन दूर है। पिच से टर्न और उछाल मिल रहा है और ऐसे में भारतीय टीम के लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं होगा। उसके पास केवल दो विशेषज्ञ बल्लेबाज ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर बचे हैं जिन्होंने पहली पारी में बड़ी अर्धशतकीय पारियां खेली थी। नाइटवॉचमैन अक्षर पटेल (नाबाद 26) की जवाबी हमले की रणनीति अब तक कारगर साबित हुई है। उनके साथ एक अन्य नाइटवॉचमैन जयदेव उनादकट तीन रन पर खेल रहे हैं।

बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भी टर्न और उछाल से काफी परेशानी हुई। ऐसे में उसके कुछ बल्लेबाजों की जवाबी हमला करने की रणनीति सही साबित हुई। इनमें लिटन दास (73) और सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (51) के अलावा पुछल्ले बल्लेबाज नुरुल हसन (31) और तास्किन अहमद (31) शामिल थे।

बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत ने 314 रन बनाकर 87 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत की तरफ से सभी पांच गेंदबाजों ने सफलता हासिल की। अक्षर पटेल ने 68 रन देकर तीन, रविचंद्रन अश्विन ने 66 रन देकर दो और मोहम्मद सिराज ने 41 रन देकर दो विकेट लिए। इनके अलावा उमेश यादव और उनादकट को एक-एक विकेट मिला। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान केएल राहुल (एक) का विकेट गंवा दिया। शाकिब अल हसन (21 रन देकर एक) की ऑफ स्टंप की तरफ तेजी से टर्न लेती गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर नुरुल हसन के दस्तानों में चली गई। राहुल इस पूरी श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझते रहे और उनके लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में अंतिम एकादश में जगह बनाना आसान नहीं होगा। भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा (छह) आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे जो ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज (12 रन देकर तीन) की सीधी गेंद को रक्षात्मक रूप से खेलने के लिए आगे बढ़े लेकिन सही तरह से बचाव नहीं कर पाए और स्टंप आउट हो गए। मेहदी हसन ने इसके बाद शुभमन गिल (सात) को भी चकमा देकर स्टंप आउट कराया और फिर विराट कोहली (एक) को शार्ट लेग पर कैच कराकर भारत को गहरे संकट में डाल दिया। इससे पहले अक्षर ने अपनी टर्न और उछाल लेती गेंदों से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। उन्होंने सुबह के सत्र में इसी तरह की गेंद पर मुशफिकुर रहीम (नौ) और लंच के बाद मेहदी हसन (शून्य) को गच्चा देकर पगबाधा आउट किया था। उन्होंने दूसरे सत्र में तेजी से रन बटोर रहे नुरुल हसन को फ्लाइट लेती गेंद पर चकमा दिया और बाकी काम विकेटकीपर ऋषभ पंत ने स्टंप आउट करके पूरा किया। इस श्रृंखला में बांग्लादेश की तरफ से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जाकिर ने सुबह के सत्र में एक छोर संभाले रखा था लेकिन दूसरे सत्र में उनकी एकाग्रता भंग हो गई। उन्होंने उमेश की गेंद को स्लैश करके डीप थर्ड मैन पर खड़े सिराज को आसान कर दिया। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में चुने गए लिटन दास की पारी का अंत सिराज ने किया जिनकी सीम मूवमेंट लेती गेंद को वह समझ नहीं पाए और बोल्ड हो गए। लिटन ने तास्किन के साथ आठवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। बांग्लादेश ने सुबह बिना किसी नुकसान के सात रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र चार विकेट गंवाए। इस बीच उसने 64 रन जोड़े। नजमुल हुसैन शंटो (पांच) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया। सिराज ने इसके बाद पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाले मोमिनुल हक (पांच) को पवेलियन भेजा। वह सिराज की लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए।

## स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी** : 227 रन, भारत पहली पारी : 314 रन, बांग्लादेश दूसरी पारी : हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन 05,हसन का सिराज बो उमेश यादव 51, हक का पंत बो सिराज 05,शाकिब का शुभमन गिल बो उनादकट 13, रहीम पगबाधा बो अक्षर 09, लिटनबो सिराज 73, मेहदी मिराज पगबाधा बो अक्षर 00,नुरूल स्ट पंत बो अक्षर 31,अहमद नाबाद 31,स्लाम पगबाधा बो अश्विन 01,खालिद रन आउट 04,**अतिरिक्त**: 08,**कुल** : 70.2 ओवर में 231 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :1-13, 2-26, 3-51, 4-70, 5-102, 6-113, 7-159, 8-219, 9-220,**गेंदबाजी** : उमेश 9-1-32-1,अश्विन 22-2-66-2,उनादकट 9-3-17-1 , सिराज 11-0-41-2, पटेल 19.1-1-68-3

**भारत दूसरी पारी** : गिल स्ट नुरूल हसन बो मेहदी हसन मिराज 07, राहुल का नुरूल हसन बो शाकिब अल हसन 02, पुजारा स्ट नुरूल हसन बो मेहदी हसन मिराज 06,अक्षर खेल रहे है 26, कोहली का मोमिनुल हक बो मेहदी हसन मिराज 01,उनादकट खेल रहे है 03,**अतिरिक्त**: 00,**कुल** : 23 ओवर में चार विकेट पर 45 रन ,**विकेट पतन** :1-3, 2-12, 3-29, 4-37,**गेंदबाजी** : शाकिब 6-0-21-1,इस्लाम 8-4-8-0,मिराज 8-3-12-3, अहमद 1-0-4-0

# भारत को मैच जीतने के लिए एक बल्लेबाज से लंबी पारी की जरूरत : सिराज

**भाषा।** मीरपुर,

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 45 रन तक चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं क्योंकि किसी एक बल्लेबाज की लंबी पारी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी होगी। सिराज ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि हमें अभी ज्यादा नहीं सोचना चाहिए क्योंकि हमने सिर्फ चार विकेट गंवाए हैं। हमें लगभग 80 (100) रन और चाहिए। हमें सिर्फ एक बल्लेबाज से लंबी पारी की जरूरत है, अक्षर क्रीज पर सही इरादा दिखा रहा है। मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय अक्षर पटेल 26 जबकि जयदेव उनादकट तीन रन बनाकर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए और 100 रन की जरूरत है। हां, हमने दो विकेट अतिरिक्त गंवाए लेकिन अक्षर ने पिच से सामंजस्य बैठा लिया है, वह मजबूत जज्बा दिखा रहा है। इसके बाद हमारे पास ऋषभ (पंत) और श्रेयस (अय्यर) भी हैं, इसलिए हमें ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। भारतीय टीम अगर 145 रन बना लेती है तो इस मैदान पर चौथी पारी में जीत दर्ज करते हुए यह तीसरा सबसे बड़ा स्कोर होगा। इससे पहले इस मैदान पर चौथी पारी में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए 209, 205 और 103 रन बने है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने लोकेश राहुल (02) और चेतेश्वर पुजारा (06) के विकेट जल्दी गंवा दिए जिसके बाद कोच राहुल द्रविड़ ने अक्षर को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। अक्षर भेजना प्रबंधन का फैसला था। मुझे लगता है कि अगर बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाज है तो गेंदबाजों के लिए सामंजस्य बैठाना मुश्किल होता है। हैदराबाद के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में मोमिनुल हक (पांच) और लिटन दास (73) के विकेट चटकाए जिससे भारत ने बांग्लादेश की पारी को 231 रन पर समेटा। इस पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त उछाल है, इसलिए मैं बल्लेबाजों के लिए मुश्किल क्षेत्र में जितना संभव हो सके उतना गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा था।




## हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हैं जोश लिटिल

**डबलिन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुबंध हासिल करने वाले आयरलैंड के पहले खिलाड़ी तेज गेंदबाज जोश लिटिल ने इसे अविश्वसनीय अवसर करार दिया तथा कहा कि वह भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने कोच्चि में शुक्रवार को हुई आईपीएल नीलामी मे 23 वर्षीय लिटिल को चार करोड़ 40 लाख रुपए मे खरीदा था। टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा के कोच रहते हुए अपने पदार्पण सत्र मे ही आईपीएल का खिताब जीता था। लिटिल ने क्रिकेट आयरलैंड के बयान में कहा, मै बहुत खुश हूं कि मुझे मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है। मै इतनी शानदार टीम मे हार्दिक पंड्या के नेतृत्व मे खेलने को लेकर उत्साहित हूं। मै कोच आशीष नेहरा के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं और टाइटंस के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं जिन्होने मुझ पर भरोसा जताया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2016 मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे पदार्पण किया था।

## टाटा ओपन महाराष्ट्र में लौटेंगे टेनिस प्रशंसक, 26 से होगी टिकटों की बिक्री

**पुणे।** टाटा ओपन महाराष्ट्र देखने के लिए प्रशंसको की एक साल बाद स्टेडियम मे वापसी होगी जिसका आयोजन 31 दिसंबर से सात जनवरी तक यहां बालेवाड़ी स्टेडियम मे किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के चलते टूर्नामेंट पिछले साल दर्शको के बिना कराया गया था लेकिन अब इस प्रतिष्ठित टेनिस प्रतियोगिता के पांचवे चरण मे प्रशंसक भी स्टेडियम मे होने वाले जश्न मे जुड़ सकते है। टिकटो की बिक्री 26 दिसंबर से जूंगा डॉट कॉम पर शुरू होगी।

## पाकिस्तान दौरे पर न्यूजीलैंड की टीम सभी मैच कराची में खेलेगी

**कराची।** पंजाब प्रांत मे कोहरे के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच की मेजबानी मुल्तान की जगह कराची मे करेगा जिससे इस दौरे के सभी मुकाबले एक ही शहर मे होंगे। पीसीबी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड से चर्चा के बाद यह फैसला किया। पीसीबी ने कहा कि कोहरे के मौसम की स्थिति ने मुल्तान से उड़ान संचालन को पहले ही बाधित कर दिया है और इसके परिणामस्वरूप खेल के घंटे का नुकसान भी हो सकता है। पीसीबी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद ने कराची में तीन मैचो की एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी भी करेगा। पाकिस्तान 26 दिसंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। इसके अलावा, दोनो बोर्डो के बीच इस बात पर भी सहमति बनी है कि दूसरे टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचो को अपने निर्धारित तिथि से एक दिन पहले खेला जाएगा।

## फ्रांस के ब्लेज मटुइदी ने फुटबाल से संन्यास लिया

**पेरिस।** फ्रांस की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे ब्लेज मटुइदी ने फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। उन्होने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। पैतीस वर्षीय मटुइदी 2018 मे विश्व कप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य थे। उन्होने फ्रांस की तरफ से 84 मैच खेले। इस मिडफील्डर ने राष्ट्रीय टीम की तरफ से अपना आखिरी मैच तीन साल पहले खेला था। मटुइदी ने ट्विटर पर लिखा, फुटबॉल, मै तुम्हे बहुत चाहता हूं। फुटबॉल तुमने मुझे बहुत कुछ दिया लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैने अपने सपने को जिया। उनके रहते हुए पेरिस सेंट जर्मेन ने चार बार फ्रेंच लीग का खिताब जीता। मटुइदी की मौजूदगी मे इटली के युवेंटस ने लगातार तीन बार खिताब जीते।

## एटीके मोहन बागान को हराकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड चखा जीत का स्वाद

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच मे शनिवार को यहां एटीके मोहन बागान को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। कोलंबिया के स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन ने मैच का इकलौता गोल 69वें मिनट मे किया। इस जीत के साथ ही नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने आईएसएल के इतिहास का सबसे खराब दौर का अंत किया।

# श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी चेतन की समिति

### राहुल हो सकते हैं बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली




**बीसीसीआई** (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों के अनुसार चेतन शर्मा की निर्वतमान चयन समिति तीन जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए सीमित ओवरों की दो भारतीय टीम का चयन करेगी क्योंकि नए पैनल का फैसला एक हफ्ते में नहीं हो पाएगा। उम्मीद है कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएससी) द्वारा चयन समिति के सदस्यों को चुनने के लिए चुने हुए उम्मीदवारों के साक्षात्कार 26 से 28 दिसंबर के बीच होंगे। इसकी जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, पुरानी चयन समिति शायद श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सफेद गेंद की टीम का चयन करेगी। उन्होंने कहा, अभी तक ऐसा नहीं लगता है कि रोहित शर्मा की ऊंगली टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक होगी इसलिए ऐसी सूरत में हार्दिक टीम की अगुआई करेंगे। जहां तक केएल राहुल का संबंध है तो उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के दिन गिने चुने लगते हैं। ऐसी भी संभावना है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में केवल उस प्रारूप के ही विशेषज्ञ हों। कुछ खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली को टी20 प्रारूप से ब्रेक दिया जा सकता है। भारतीय टीम के टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद चेतन की अगुआई वाली पूरी समिति को बर्खास्त कर दिया गया था और नए चयनकर्ताओं को चुनने की प्रक्रिया में उम्मीद से ज्यादा समय लग गया। अधिकारी ने कहा, चेतन और उनकी समिति अब भी घरेलू क्रिकेट देख रही है। उन्होंने पूरे विजय हजारे ट्राफी के मुकाबले देखे और रणजी ट्राफी के पहले दो दौर के मैच भी। देबाशीष मोहंती ईडन गार्डन्स पर बंगाल और हिमाचल प्रदेश के बीच मैच देखने के लिए मौजूद थे। उन्हें 25 दिसंबर तक दो महीने का विस्तार मिला है। चेतन और उनके मध्य क्षेत्र के साथी हरविंदर सिंह ने चयनकर्ताओं के पद के लिए फिर आवेदन किया है जिसमें वेंकटेश प्रसाद, नयन मोंगिया, मनिंदर सिंह, अतुल वासन, निखिल चोपड़ा, अमय खुरसिया, ज्ञानेंद्र पांडे और मुकुंद कुमार भी शामिल हैं।

## शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता नियुक्त

**कराची।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को शनिवार को पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय टीम का अंतरिम मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया। अफरीदी चयनकर्ताओं की एक अंतरिम समिति का नेतृत्व करेंगे जिसमें पूर्व खिलाड़ी अब्दुल रज्जाक, राव इफ्तिखार अहमद और हारून रशीद शामिल हैं। यह समिति फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान दो टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगा। अफरीदी और हारून दोनों नजम सेठी की अध्यक्षता वाली क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्य हैं, जिन्हें अगले चार महीनों के लिए देश में इस खेल के मामलों को चलाने के लिए नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त 14-सदस्ईय समिति ने शुक्रवार को मोहम्मद वसीम को मुख्य चयनकर्ता के पद से हटा दिया था। वसीम दिसंबर 2020 से इस पद पर थे। पुरुषों की अंतरिम राष्ट्रीय चयन समिति का स्वागत करता हूं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सीमित समय के बावजूद वे साहसी निर्णय लेंगे जो हमें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम बनाने में मदद करेगा।

# इंपैक्ट खिलाड़ी नियम : मिश्रा, चावला व मोहित बन सकते हैं आईपीएल में प्रभावी

**भाषा।** नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की विभिन्न फ्रेंचाइजी से जुड़े कोचों और विशेषज्ञों को लगता है कि आगामी सत्र में इंपैक्ट प्लेयर रखने का नया नियम कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के लिए अपने करियर के अंत में दूसरा मौका हो सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी नियम एक टीम को मैच से पहले 15 खिलाड़ियों की टीम में चार ऐसे खिलाड़ियों को रखने की अनुमति देता है और वे टीम की पारी के दौरान 14वें ओवर तक किसी भी समय स्थानापन्न के तौर पर आ सकते हैं। पर इसके लिए खिलाड़ी भारतीय होना चाहिए, अगर अंतिम एकादश में सभी चार विदेश खिलाड़ी हों। अगर अंतिम एकादश में तीन विदेशी खिलाड़ी हों तो एक विदेशी खिलाड़ी इंपैक्ट स्थानापन्न के तौर पर दूसरे की जगह आ सकता है। इसे इत्तेफाक कह सकते हैं कि चार अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों को नीलामी में 50 लाख रूपए के बेस प्राइस पर ही खरीदा गया है जबकि इन भारतीयों का करियर लगभग खत्म ही है जिसमें 40 वर्षीय अमित मिश्रा (166 विकेट), 34 साल के पीयूष चावला (157 विकेट), मोहित शर्मा (92 विकेट) और ईशांत शर्मा (84 विकेट) शामिल हैं। मिश्रा को लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा जिसमें गौतम गंभीर-विजय दहिया की कोच कम मेंटोर की जोड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स ने ईशांत को शामिल किया और गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने चेन्नई सुपर किंग्स में मोहित के साथ गेंदबाजी करने के बाद उन्हें मौका देने का फैसला किया। वहीं मुंबई इंडियस ने चावला को खरीदा। गंभीर के साथ काम कर चुके घरेलू कोच ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अमित मिश्रा को गौतम और उनके कोचिंग स्टाफ द्वारा चुना जाना बेहतरीन फैसला है। आपको उसका कौशल देखना होगा, वह आईपीएल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल है। हां, यह सही है कि वह 40 साल का हो चुका है, वह इतना अच्छा क्षेत्ररक्षक नहीं है और अंत में छक्के नहीं जड़ सकता।

## चिक्करंगप्पा ने सत्र का आखिरी टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप का खिताब जीता

**भाषा।** जमशेदपुर

**गोल्फर एस** चिक्कारंगप्पा ने पीजीटीआई सत्र के आखिरी टूर्नामेंट टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप के चौथे दौर में तीन अंडर 69 के कार्ड खेल कर शनिवार को यहां खिताब जीत लिया। गुरुग्राम के मनु गंडास इस स्पर्धा में संयुक्त छठे स्थान पर रहते हुए 2022 पीजीटीआई रैंकिंग (ऑर्डर ऑफ मेरिट) चैंपियन बने। चिक्कारंगप्पा (66-71-62-69) ने कुल 20-अंडर 268 का स्कोर किया और दो शॉट के अंतर से जीत दर्ज की। बेंगलुरु के 29 साल के खिलाड़ी का पीजीटीआई में यह 15वां और करियर का 16वां पेशेवर खिताब है। अंतरराष्ट्रीय स्टार शिव कपूर (64-69-70-67), दिल्ली के शमीम खान (71-67-67-65) और गुरुग्राम के वीर अहलावत (67-71-67-65) की तिकड़ी 18-अंडर 270 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही। मनु (66-68-68-70) ने तीन करोड़ रुपए के पुरस्कार वाली इस स्पर्धा में कुल 16-अंडर 272 का स्कोर किया। मनु ने 2022 सत्र 88,50,688 रुपए की रिकॉर्ड कमाई की। यह पीजीटीआई सत्र के लिए अब तक की सबसे अधिक कमाई है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से नही मिला कोई समर्थन: वार्नर ने नेतृत्व प्रतिबंध पर कहा

**भाषा।** मेलबर्न



**डेविड वॉर्नर ने** शनिवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को उनके नेतृत्व प्रतिबंध की अपील के दौरान समर्थन की कमी के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया। वॉर्नर पर 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में उनकी भूमिका के कारण आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध लगाया गया था। इस 36 साल के खिलाड़ी इस साल की शुरुआत में प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। इस मामले पर वार्नर और सीए दोनों बंद कमरे में सुनवाई चाहते थे। बोर्ड द्वारा नियुक्त स्वतंत्र आयुक्तों ने हालांकि इसे सार्वजनिक करने पर जोर दिया। इसके बाद वार्नर को इस महीने की शुरुआत में अपनी अपील वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने अपने 100वें टेस्ट से पहले कहा, पर्थ टेस्ट से पहले मेरा मानसिक स्वास्थ्य 100 प्रतिशत नहीं था। उस समय यह चुनौतीपूर्ण था। इसे सही करना अगर मेरे हाथ में होता तो मैं चीजों को ठीक कर लेता लेकिन सीए की ओर से मुझे कोई समर्थन नहीं मिला। वार्नर पिछले कुछ समय में खराब लय से जूझ रहे है और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पर्थ टेस्ट में शून्य और तीन रन की पारी के बाद उन्हें और आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने जनवरी 2020 के बाद से टेस्ट में कोई शतक नहीं लगाया है। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इस प्रक्रिया में इतना समय क्यों लगा। मैंने इस मुद्दे पर फरवरी में सीए से संपर्क किया था। इसलिए हमें नहीं पता कि यह इतना लंबा कैसे खिंच गया। इसका जवाब सिर्फ सीए ही दे सकता है।

# सुंदरगढ़ का धर्म और संस्कृति है हॉकी : प्रशिक्षक

- टिर्की जैसे दिग्गज खिलाड़ी यहीं से निकले



**भाषा।** राउरकेला

**भारतीय हॉकी को** दिलीप टिर्की जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को देने वाले ओडिशा के सुंदरगढ़ के सोनमारा गांव के दिल और दिमाग में हॉकी का खेल बसा है।पश्चिम ओड़िशा के इस गांव में लोग हॉकी में बेहद दिलचस्पी रखते हैं। एक ऐसा खेल जिसमें यहां के युवा ही नहीं बल्कि वरिष्ठ नागरिक भी बहुत रुचि रखते हैं और इस खेल में हाथ आजमाते हैं। हॉकी के प्रति इतने अधिक लगाव के बारे में पूछे जाने पर एक स्थानीय नागरिक ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि यह खेल हमारी संस्कृति है। क्या आप अपनी संस्कृति को पीछे छोड़कर शांतिपूर्वक जी सकते हैं। भारत में अब पंजाब को नहीं बल्कि सुंदरगढ़ को हॉकी का गढ़ कहा जाता है। इस गांव के लोग नियमित तौर पर हॉकी का अभ्यास करते हैं तथा यहां के स्थानीय क्लब खसी यानि बकरे के लिए मैच रखते हैं। जीतने वाली टीम को पुरस्कार के रुप में बकरा मिलता है और फिर गांव वाले पार्टी आयोजित करते हैं जिसने मांस परोसा जाता है। राज्य स्तर पर कोच रहे अमूल्य कुमार बिहारी ने कहा, यदि यहां के लोगों के जीन और संस्कृत में हॉकी रचा बसा नहीं होता तो फिर सुंदरगढ़ कभी इस खेल का गढ़ नहीं बन सकता था। जिस तरह से आप दक्षिण अमेरिका के लोगों को फुटबॉल से अलग नहीं कर सकते हैं वैसे ही आप सुंदरगढ़ के लोगों को हॉकी से अलग नहीं कर सकते। सौनमारा की महिला कोच फ्लोरेंसिया एक्का ने भी कुछ इसी तरह की बात की। हमारे लिए हॉकी धर्म और संस्कृति है। यह सुंदरगढ़ के लोगों के खून में है। यह खेल यहां के लोगों के दिल दिमाग में बसा हुआ है और उनकी दैनिक गतिविधियों में शामिल है। मेरठ के रहने वाले और सेल हॉकी अकादमी में कोच राजू सैनी ने याद किया कि जब वह अपने एक प्रशिक्षु के निवास पर शादी में शामिल होने के लिए गए तो उन्होंने देखा कि दूल्हा और दुल्हन के परिजनों के बीच हॉकी मैच खेला गया तथा इनाम के रूप में चार दर्जन मुर्गे रखे गए थे। मैं हैरान था। मैंने स्वयं से कहा कि ऐसा हो ही नहीं सकता जो यहां से बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी न निकलें। सुंदरगढ़ जिले ने देश को दिलीप टिर्की, लाजरस बारला, जूनियर राष्ट्रीय टीम में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले उड़िया आदिवासी पीटर टिर्की, सिलानंद लाकड़ा, अमित रोहिदास और सुधीर चिरमाकू जैसे खिलाड़ी दिए हैं। इस जिले ने इसके साथ ही देश को कई शीर्ष महिला खिलाड़ी भी दिए हैं। इनमें सुभद्रा प्रधान, महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान ज्योति सुनीता कुलु, दीप ग्रेस एक्का, नमिता टोप्पो और लिलिमा मिंज प्रमुख हैं। एक जमाना था जब संसारपुर, पंजाब और कूर्ग को हॉकी का गढ़ माना जाता था लेकिन सुंदरगढ़ अब इनसे आगे निकल गया है। ओडिशा में हॉकी की तीन अकादमी है जिनमें से दो अकादमी सुंदरगढ़ में हैं। ओडिशा के ही भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 से 29 जनवरी के बीच पुरुष हॉकी विश्व कप खेला जाएगा।

# लवलीना, निकहत और मंजू रानी सेमीफाइनल में

**भाषा।** भोपाल

- छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी





**तोक्यो ओलंपिक** की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और 2019 विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने वजन वर्गों के सेमीफाइनल में जगह बनाई। असम का प्रतिनिधित्व कर रही लवलीना ने 75 किग्रा क्वार्टरफाइनल मुकाबले में आरएसपीबी (रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड) की मीना रानी को 5-0 से पराजित किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना मध्य प्रदेश की जिज्ञासा राजपूत से होगा। निकहत को भी 50 किग्रा के क्वार्टरफाइनल में गोवा की तनिश्का चवार के खिलाफ जरा भी मशक्कत नहीं करनी और उन्होंने दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। अब निकहत का सामना अखिल भारतीय पुलिस की शिविंदर कौर सिद्धू से होगा। आरएसपीबी की मंजू रानी ने 48 किग्रा के क्वार्टरफाइनल में चंडीगढ़ की सिमरन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। अब वह मध्य प्रदेश की अंजलि शर्मा के सामने होंगी। आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रही ज्योति (52 किग्रा) और शशि चोपड़ा (63 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंची। वहीं 2018 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर ने 60 किग्रा वजन वर्ग में असम की बार्बी गोगोई को आरएससी से पराजित किया।